www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, बुधवार, 20 मार्च, 2024 | वर्ष-16 | अंक -345 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए




इलेक्टोरल बॉण्ड मामले में भाजपा के पास जवाब... 02

■ दिल्ली आबकारी नीति घोटाले की सुनवाई कर रहे...
■ सरकार ने दिल्ली को शराब के नशे में धकेलने का... 03

■ मानवता के साझा भविष्य वाले समुदाय की अवधारणा...
■ लीबियाई तट से 817 प्रवासियों को बचाया... 07

मेरी जीवन यात्रा को दिखाता है शो 'सावधान इंडिया अपनी खाकी'... 10


**रमजान मुबारक**

**20 मार्च-9**

खत्म सहरी : 5.06
रोजा इफ्तार : 6.33



**सार संक्षेप**

### आप नेता संजय सिंह ने राज्यसभा सदस्यता की शपथ ली



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने मंगलवार को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली। श्री सिंह दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े एक मामले में जेल में बंद हैं और शपथ लेने के लिए उन्हें जेल से लाया गया था। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संजय सिंह को उच्च सदन की सदस्यता की शपथ दिलाई। वह लगातार दूसरी बार राज्यसभा के लिए चुने गए हैं। श्री सिंह दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में पिछले वर्ष अक्टूबर से जेल में हैं।

### शरद पवार को 'तुरही बजाते हुए व्यक्ति' चुनाव चिन्ह



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अजीत पवार गुट को आगामी संसदीय और विधानसभा चुनावों में 'घड़ी' चुनाव चिन्ह और शरद पवार समूह को 'तुरही बजाते हुए व्यक्ति' चुनाव चिन्ह के रूप में उपयोग करने की मंगलवार को अनुमति दी। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने यह भी आदेश दिया कि 'तुरही बजाते हुए आदमी' का चिन्ह संसदीय और राज्य विधानसभा चुनावों में शरद पवार समूह के लिए आरक्षित प्रतीक होगा।

### राज ठाकरे के राजग में आने की अटकलें अमित शाह से मिले



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख एवं शिवसेना के संस्थापक बाला साहेब ठाकरे के भतीजे राज ठाकरे ने मंगलवार सुबह यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की जिसके बाद उनके राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में आने एवं लोकसभा चुनाव में उतरने की अटकलें तेज़ हो गयीं हैं। इससे पहले राज ठाकरे ने विनोद तावड़े से मुलाकात की थी।

### राष्ट्रपति ने तेलंगाना गवर्नर का इस्तीफा मंजूर किया



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने तेलंगाना की राज्यपाल और पुडुचेरी की उपराज्यपाल डॉ तमिलिसाई सौंदरराजन का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। झारखंड के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन तेलंगाना के राज्यपाल और पुड्डेचरी के उपराज्यपाल के कार्यों का निर्वहन करेंगे, जब तक कि कोई स्थायी व्यवस्था नहीं कर ली जाती है। नियुक्ति उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी होगी।

**परम्परा**



■ बरसाना की लट्ठमार होली विश्व प्रसिद्ध है। इसे देखने के लिए देश-विदेश से भारी संख्या में लोग आते हैं। बरसाना में पैर तक रखने की जगह नहीं रहती है। गलियां और चौबारे रंगों से सराबोर नजर आते हैं। राधा रानी की नगरी बरसाने में विश्व प्रसिद्ध लट्ठमार होली रसिया गायन के साथ के शुरू हुई। 16 श्रृंगार से होली के लिए सुसज्जित बरसाने की हुरियारिनों ने नंदगांव के हुरियारों पर प्रेम रस से भीगीं तड़ातड़ लाठियां बरसाईं तो माहौल देखने लायक था। छाया : इम्तियाज खान, देशबन्धु

कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में घोषणा पत्र पर हुई चर्चा

# देश बदलाव चाहता है : खड़गे

नई दिल्ली, 19 मार्च (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी की जीत सुनिश्चित है और

**मोदी की गारंटी का हश्र 'इंडिया शाइनिंग' जैसा होगा**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 'मोदी सरकार की गारंटी' का वही हश्र होगा जो 2004 के आम चुनाव में 'शाइनिंग इंडिया' का हुआ था।

श्री खड़गे ने लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के घोषणा पत्र को मंजूरी देने के लिए बुलाई गई पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में मंगलवार को कहा कि देश बदलाव चाहता है क्योंकि मौजूदा सरकार की गारंटियां धोखा साबित हो रही है। देश के माहौल से अब साफ हो गया है कि मोदी सरकार की गारंटी का 2024 के आम चुनाव में वही हश्र होना है जो 20 साल पहले 2004 के लोकसभा चुनाव में भाजपा सरकार के 'शाइनिंग इंडिया' नारे का हुआ था।

**घोषणा पत्र जारी करने को खड़गे अधिकृत**

कांग्रेस की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कार्य समिति इस मामले को लेकर गठित पार्टी की समिति द्वारा तैयार घोषणा पत्र को मंजूरी दे दी है और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे को इसे जल्द जारी करने के लिए अधिकृत कर दिया है। कांग्रेस महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल ने मंगलवार को बैठक के बाद पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बताया कि कार्य समिति ने करीब साढे तीन घंटे तक इस विषय पर गहन विचार विमर्श किया और सबकी राय सुमारी के बाद श्री खडगे को इसे जल्द से जल्द जारी करने के लिए अधिकृत कर दिया है। उन्होंने बताया कि श्री खडगे की अध्यक्षता में हुई कार्य समिति की बैठक में कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा अन्य नेता मौजूद थे।




**मौजूदा सरकार की गारंटियां धोखा साबित हो रही हैः मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

**25 गारंटी दे रही है कांग्रेस**

पार्टी के घोषणा पत्र में 5 न्याय युवा, नारी, किसान, श्रमिक और हिस्सेदारी न्याय शामिल किए गए हैं। हर न्याय के तहत कांग्रेस कुल 25 गारंटी भी दे रही है।

**घोषणा पत्र क्रांतिकारी बदलाव लाने की गारंटी : राहुल**

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि पार्टी का घोषणा पत्र महज दस्तावेज या गारंटी नहीं बल्कि इसमें जिन मुद्दों को शामिल किया गया है वे समाज के हर वर्ग के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाने की गारंटी हैं। श्री गांधी ने पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में पार्टी के घोषणा पत्र को मंजूर करके पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे को इसे जारी करने को अधिकृत किए जाने के बाद यहां एक बयान में कहा कि घोषणा पत्र में सभी वर्गों के हितों को सधा गया है और इसके क्रियान्वयन से हर वर्ग के जीवन में बदलाव सुनिश्चित हो सकेगा।

# पशुपति पारस का मोदी कैबिनेट से इस्तीफा

■ एक भी सीट न मिलने से थे नाराज ■ पारस बोले, पार्टी के साथ नाइंसाफी हुई

**नई दिल्ली,** 19 मार्च (एजेंसियां)। लोजपा प्रमुख पशुपति नाथ पारस ने मंगलवार को कैबिनेट मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। वो मोदी सरकार में खाद्य और प्रसंस्करण मंत्री थे। एनडीए के बिहार में हुए सीट बंटवारे के बाद से वो नाराज चल रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी के साथ नाइंसाफी हुई है। हमने ईमानदारी से एनडीए की सेवा की है। पशुपति नाथ पारस ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी जी देश के बड़े नेता हैं, लेकिन हमारी पार्टी और व्यक्तिगत रूप से हमारे साथ नाइंसाफी हुई है। इसलिए मैं भारत सरकार के कैबिनेट मंत्री से त्यागपत्र देता हूं। इसके बाद उन्होंने किसी भी बात का जवाब नहीं दिया।

**महागठबंधन का हिस्सा बन सकते हैं**

यह कयास लगाए जा रहे हैं कि वह महागठबंधन का हिस्सा बन सकते हैं और उनकी मुलाकात लालू प्रसाद यादव से हो सकती है। गौरतलब है कि बिहार में एनडीए में सीटों के बंटवारे का ऐलान हो चुका है। बीजेपी के खाते में सबसे अधिक 17 सीटें आई हैं। लोजपा प्रमुख पशुपति पारस को गठबंधन में कोई तवज्जों नहीं मिली और उन्हें एक भी सीट नहीं दी गई। वहीं, जेडीयू के खाते में 16 सीटें आई हैं।



**नीतीश कुमार को लगा बड़ा झटका**

### अली अशरफ फातमी का सभी पदों से इस्तीफा



**पटना।** एनडीए में शामिल जनता दल यूनाइटेड को मगंलवार को एक बड़ा झटका लगा। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अली अशरफ फातमी ने पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया। फातमी केंद्रीय मंत्री भी रह चुके हैं। उन्होंने इस्तीफा देते हुए लिखा कि मैं नैतिक मूल्यों की रक्षा हेतु जनता दल यूनाइटेड के सभी पदों सहित प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं। कृपया स्वीकृति प्रदान की जाए। बिहार की राजनीति में चर्चा है कि अली अशरफ फातमी राजद की सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं। माना जा रहा है कि वह मिथिलांचल की मधुबनी सीट से राजद के टिकट पर चुनाव भी लड़ सकते हैं।

बाबा रामदेव पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

# सुप्रीम कोर्ट ने रामदेव व बालकृष्ण को किया तलब

अदालत के नोटिसों का जवाब दाखिल नहीं करने पर कड़ी आपत्ति जताई

**नई दिल्ली,** 19 मार्च (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को तलब किया है। पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक विज्ञापनों के मामले में कोर्ट ने यह कार्यवाही की है और दोनों को अवमानना नोटिस जारी करते हुए दो हफ्ते बाद कोर्ट में हाजिर होने का आदेश दिया है। कोर्ट ने बाबा रामदेव और कंपनी के एमडी आचार्य बालकृष्ण से व्यक्तिगत रूप से उसके समक्ष पेश होने को कहा है। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने कंपनी और बालकृष्ण को पहले जारी किए गए अदालत के नोटिसों का जवाब दाखिल नहीं करने पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्हें नोटिस जारी कर पूछा गया था कि अदालत को दी गई अंडरटेकिंग का पहली नजर में उल्लंघन करने के लिए उनके खिलाफ अवमानना कार्यवाही क्यों नहीं शुरू की जाए।



### सीएए पर रोक लगाने से इनकार

**केंद्र से 8 अप्रैल तक मांगा जवाब**

**नई दिल्ली।** देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 के कार्यान्वयन पर रोक लगाने का आग्रह करने वाले आवेदनों पर सुनवाई की और केंद्र सरकार से तीन सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा।

# चुनाव आयोग ने बंगाल के डीजीपी को फिर बदला

**कोलकाता,** 19 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल में विवेक सहाय को डीजीपी के रूप में नियुक्ति के महज 24 घंटे के भीतर ही उन्हें पद से हटा दिया। विवेक सहाय को राजीव कुमार की जगह बंगाल का नया डीजीपी नियुक्त किया गया था। मंगलवार को एक नई अधिसूचना जारी की गई जिसके तबत सहाय की जगह 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी संजय मुखर्जी लेंगे। मुखर्जी फिलहाल अग्निशमन और आपातकालीन सेवा विभाग के महानिदेशक हैं।

सोमवार को, चुनाव आयोग ने राजीव कुमार को हटाने का आदेश दिया था। इसके बाद आयोग ने राज्य सरकार से उसके बदले तीन नाम मांगे थे। राज्य सरकार ने विवेक सहाय (1988 बैच), संजय मुखर्जी (1989 बैच) और राजेश कुमार (1990 बैच) की सिफारिश की थी। वरिष्ठता के आधार पर आयोग ने सहाय की नियुक्ति का आदेश जारी कर दिया। हालांकि, इससे पहले कि वह 24 घंटे पूरे कर पाते, उनकी जगह मुखर्जी को नियुक्त कर दिया गया। सहाय इस साल मई में सेवानिवृत्त होने वाले हैं, जबकि बंगाल में चुनाव का अंतिम चरण 1 जून को है।




■ आयोग ने 24 घंटे के अंदर पद से हटाया
■ राजीव कुमार की जगह नियुक्त किया था

### मीडियाकर्मियों को डाक से वोट की सुविधा

*__नई दिल्ली।__ चुनाव आयोग ने आगामी आम चुनावों के संदर्भ में 'मीडिया कर्मियों' को 'आवश्यक सेवा श्रेणी' के तहत अधिसूचित किया है और उन्हें डाक से मतदान करने का अधिकार दिया है। आयोग की ओर से मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति में इस अधिसूचना को साझा करते हुये कहा गया है कि दिल्ली में वे मीडियाकर्मी जो मतदान के दिन कवरेज के लिये आयोग द्वारा अधिकृत हैं, वे डाक मतपत्र के माध्यम से अपना वोट डालने के विकल्प का लाभ उठा सकते हैं।*

चुनाव से पहले जेएमएम को झटका

# भाजपा में शामिल हुईं शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता

**नई दिल्ली,** 19 मार्च (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव से पहले झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) को एक बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। जेएमएम के संस्थापक और आदिवासी समाज के बड़े नेता माने जाने वाले शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गईं।

भाजपा राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े और झारखंड के चुनाव प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी एवं अन्य नेताओं की मौजूदगी में सीता सोरेन ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने सीता सोरेन को आदिवासी समाज की बड़ी और महत्वपूर्ण महिला नेता बताते हुए पार्टी में उनका स्वागत किया और साथ ही यह भी दावा किया कि उनके आने से पार्टी को आगामी चुनावों में झारखंड में फायदा होगा। भाजपा में शामिल होने के बाद सीता सोरेन ने कहा कि झारखंड में जल, जंगल और जमीन की उपेक्षा हो रही है, लोगों का पलायन हो रहा है और राज्य की जनता बदलाव की मांग कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड को बचाने के लिए उन्होंने मोदी के परिवार (भाजपा) में शामिल होने का फैसला किया है।



# सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 6 अप्रैल तक बढ़ी

**नई दिल्ली,** 19 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को उत्पाद शुल्क नीति मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 6 अप्रैल तक बढ़ा दी। पूर्व उपमुख्यमंत्री को ईडी द्वारा जांच किए जा रहे मामले में न्यायिक हिरासत की समाप्ति पर राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल के समक्ष पेश किया गया था। पिछले हफ्ते, सुप्रीम कोर्ट ने आप के वरिष्ठ नेता द्वारा दायर सुधारात्मक याचिकाओं को खारिज कर दिया था, जिसमें शीर्ष अदालत द्वारा उन्हें जमानत देने से इनकार करने के 2023 के फैसले के खिलाफ समीक्षा याचिकाओं को खारिज करने को चुनौती दी गई थी। ईडी ने सिसोदिया को 9 मार्च, 2023 को गिरफ्तार किया था।

**पिछले साल 9 मार्च को गिरफ्तार किया था**

**चुनाव** *वॉर रूम में बूथ स्तर तक के सदस्यों की जानकारी रखी गई*

# चुनावी मैदान में उतरने के बीच सियासी दलों के 'वॉर रूम' तैयार

**पटना, 19 मार्च (एजेंसियां)। बिहार में लगभग सभी राजनीतिक दलों ने चुनावी मैदान में उतरने के पहले 'वॉर रूम' तैयार कर लिए हैं। इसी वॉर रूम से पार्टी के नीति निर्धारकों के निर्देशों का पालन करने के लिए प्रदेश से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को न केवल सूचना पहुंचाई जाएगी, बल्कि, बूथ स्तर तक की तैयारियों की समीक्षा भी की जा सकेगी। सबसे गौर करने वाली बात यह है कि इस तैयारी को लेकर कोई भी दल पीछे नहीं दिख रहा।**

भाजपा हो या राजद, जदयू या कांग्रेस, सभी ने इसकी तैयारी कर रखी है। भाजपा की बात करें तो यहां आईटी सेल से लेकर सोशल मीडिया की टीम पूरी तरह सक्रिय हो गई है। बताया जाता है कि सोशल मीडिया की टीम में प्रखंड से लेकर प्रदेश स्तर तक करीब 12 हजार से अधिक लोगों को जोड़ा गया है, जो पार्टी के पक्ष में प्रचार और प्रसार कर रहे हैं। कई वॉट्सएप ग्रुप भी बनाए गए हैं। भाजपा ने सभी संगठनात्मक जिले में 21-21 लोगों की टीम भी बनाई है।



■ भाजपा, राजद, जदयू और कांग्रेस, सभी दलों की पूरी है तैयारी

जदयू ने भी लोकसभा चुनाव को लेकर करीब सभी बूथों पर सात सदस्यीय समिति गठित की है। यहां भी वॉर रूम तैयार किए गए हैं जो देश की हर राजनीतिक गतिविधियों पर नजर बनाकर रख रही है और उसके जवाब में अपनी पार्टी का प्रचार-प्रसार में जुट गई है।

**तैयारियों की जानकारी और निगरानी भी जा रही**

जदयू के एक नेता बताते हैं कि मुख्यालय से लेकर बूथ स्तर तक वॉट्सएप ग्रुप तैयार हैं। राजद भी इस चुनाव में डिजिटल मंच को भुनाने में जुटी है। वॉर रूम में राष्ट्रीय कार्यसमिति से लेकर बूथ स्तर तक के सदस्यों की जानकारी रखी गई है। इस वॉर रूम का पूरा कंट्रोल खुद राजद नेता तेजस्वी यादव अपने हाथ में रखे हुए हैं। बताया जाता है कि यहां से तैयारियों की जानकारी और निगरानी भी जा रही है। कांग्रेस भी इस बार सोशल मीडिया का प्रयोग करने में पीछे नहीं रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रदेश स्तर पर बना वॉर रूम राष्ट्रीय स्तर पर बने वॉर रूम से जुड़ा है और उसी के दिशानिर्देश पर कार्य कर रहा है।

# देश

**उवाच**



"नेशनल कॉन्फ्रेंस ने पिछले चुनाव में तीन सीटें जीती हैं यह जीती हुई तीनों सीटें इंडिया गठबंधन की ही सीट हैं। इस बार भी इन तीनों सीटों पर पार्टी के उम्मीदवारों की तरफ से चुनाव लड़ा जाएगा।

–फारूक अब्दुल्ला, नेकां के अध्यक्ष

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 30.0 | 14.0 |
| मुंबई | 30.0 | 25.0 |
| कोलकाता | 29.0 | 20.0 |
| चेन्नई | 30.0 | 25.0 |

# इलेक्टोरल बॉण्ड मामले में भाजपा के पास जवाब नहीं : अखिलेश यादव

■ सरकारी ऐजेंसियों के जरिए विपक्षी दलों के नेताओं को प्रताड़ित करने करने का लगाया आरोप



विपक्षी दलों के नेताओं को भाजपा में शामिल होने के लिए बनाया दबाव : अखिलेश यादव

**लखनऊ,** 19 मार्च (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को कहा कि इलेक्टोरल बॉण्ड के मामले में चंदा के नाम पर की गई वसूली का भाजपा के पास इसका कोई जवाब नहीं है। यादव ने पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने ईडी, सीबीआई और इन्कम टैक्स के जरिए विपक्षी दलों के नेताओं को प्रताड़ित किया और भाजपा में शामिल होने के लिए दबाव बनाया।

### लोस चुनाव में भाजपा के खिलाफ खड़ी होगी जनता


सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने पार्टियों को तोड़ने का काम किया। जनता सब देख रही है। लोकसभा चुनाव में जनता भाजपा के खिलाफ खड़ी होगी। जनता ही देश में लोकतंत्र बचाएगी। भाजपा विपक्षी नेताओं पर दबाव बना कर पार्टी में तो शामिल करा सकती है लेकिन जनता को शामिल नहीं करा सकती है। उन्होंने कहा कि पार्टी के नेता–कार्यकर्ता चुनाव में हर स्तर पर ध्यान रखे और निगरानी करें। सपा अध्यक्ष ने स्वामी प्रसाद को टिकट देने के सवाल पर कहा कि क्या स्वामी प्रसाद कभी सपा छोड़कर गए थे। वहीं, जब उनसे पूछा गया कि आपने स्वामी प्रसाद का इस्तीफा स्वीकार कर लिया तो वो बोले, हमारी कमेटी विचार कर रही होगी। मुझे इसकी जानकारी नहीं है। बीते दिनों स्वामी प्रसाद मौर्य ने भी अखिलेश को लेकर नर्म रुख अपनाते हुए कहा था कि उन्हें अखिलेश से कुछ भी शिकायत नहीं है। अखिलेश यादव ने वरुण गांधी को भी टिकट देने को लेकर संकेत दिया है। उन्होंने कहा कि इस पर विचार करेंगे। वहीं, उन्होंने कहा कि हमारे जो नेता पार्टी छोड़कर जा रहे हैं वह सरकार के दबाव में ऐसा कर रहे हैं।

कयास लगाए जा रहे हैं कि वरुण गांधी अमेठी सीट से चुनाव लड़ सकते हैं। ये सीट 2019 में राहुल गांधी की हार होने पर गांधी परिवार की परंपरागत सीट रही है। यहां से वरुण के पिता संजय गांधी भी चुनाव लड़ चुके हैं। लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन बुधवार से शुरू होंगे, पर अभी तक सपा ने रामपुर, मुरादाबाद और पीलीभीत के टिकट फाइनल नहीं किए हैं। बताया जा रहा है कि रामपुर और मुरादाबाद का टिकट जेल में बंद पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां की सहमति के बाद घोषित किए जाएंगे। 2019 में मुरादाबाद से एसटी हसन और रामपुर से आजम खां जीते। पर, कुछ समय बाद आजम खां को एक मामले में कोर्ट ने तीन साल की सजा सुना दी। इससे आजम की सदस्यता चली गई। वर्ष 2022 में हुए उपचुनाव में भाजपा ने यह सीट सपा से छीन ली।

वर्तमान में रामपुर से भाजपा के घनश्याम लोधी सांसद हैं। पहले चरण के चुनाव में आठ सीटें सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत शामिल हैं। इनमें से एकमात्र सहारनपुर सीट इंडी गठबंधन के तहत कांग्रेस के खाते में है।

### जानबूझकर पेपर लीक कराती है भाजपा

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने नौजवानों का भविष्य बर्बाद किया है। सरकारी विभागों में लाखों पद खाली है लेकिन नौकरियां नहीं दी। वर्षों से नौकरी के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र निराश और हताश है। भाजपा जानबूझ कर पेपर लीक कराती है। भाजपा सरकार के रहते युवाओं को न नौकरी मिलेगी और न आरक्षण मिलेगा। यही युवा, नौजवान लोकसभा चुनाव में भाजपा का सफाया कर देगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं को सतर्क रहना होगा।



## प्रधानमंत्री कुछ भी बोलने के आदी : शत्रुघ्न सिन्हा

■ 150-175 पर आ जाएगा एनडीए

**पटना,** 19 मार्च (एजेंसियां)। शक्ति वाले बयान पर राहुल गांधी को घेरने के पीएम मोदी के स्टैंड का प्रतिकार करते हुए बिहारी बाबू शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री कुछ भी बोलने के आदी हैं। शत्रुघ्न सिन्हा मंगलवार की शाम पटना पहुंचे। तृणमूल कांग्रेस से पश्चिम बंगाल के आसनसोल से सांसद शत्रुघ्न सिन्हा पटना के ही बाशिंदे हैं। पटना एयरपोर्ट पर उन्होंने दावा किया कि इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए के 150 से 175 सीटों में सिमटने की बात कही। उन्होंने कहा कि जिस तरह से सुप्रीम कोर्ट बांड का केस देख रहा है, उससे लग रहा है कि चुनाव आयोग भी सावधानी से चुनाव कराएगा और लोकसभा चुनाव 2024 का परिणाम ठीक से आएगा।

# मिजोरम–म्यांमार सीमा पर लोकसभा चुनाव के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

■ चम्फाई में 19 अप्रैल को होना है लोकसभा चुनाव



**ऐजल,** 19 मार्च (एजेंसियां)। मिजोरम–म्यांमार सीमा पर स्थित चम्फाई जिला में आगामी 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। यह जिला नार्को–आतंकवादी गतिविधियों के मुख्य केंद्रों में से एक माना जाता है। अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि कानून प्रवर्तन एजेंसियां जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए चुनावों से पहले समन्वित प्रयास कर रही हैं, जिसका पूरे राज्य में सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। चम्फाई के पुलिस अधीक्षक (एसपी) विनीत कुमार ने कहा कि मिजोरम–म्यांमार सीमा नदी तियाउ के माध्यम से मादक पदार्थों, नकदी और हथियारों की आपूर्ति के साथ–साथ अवैध सामानों की तस्करी को रोकने के लिए सुरक्षा बढ़ाई जा रही है। अधिकारियों के अनुसार गर्मियों का समय होने के कारण, तियाउ नदी तेजी से सूख रही है, जिससे म्यांमार से नशीले पदार्थ, अवैध सामान और हथियार लेकर आने वाले लोगों को आसानी से सीमा नदी पार करने में सुविधा हो रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव सुरक्षा के लिए राज्य पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल को तैनात करने के अलावा अन्य सभी प्रवर्तन एजेंसियों को चुनाव के दौरान अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए मिलकर काम करना होगा। उल्लेखनीय है कि मिजोरम का चम्फाई जिला म्यांमार के चिन राज्य के साथ 148.06 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करता है और यह मिजोरम का सबसे सुलभ जिला है, जो कुल 404 किलोमीटर की अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करता है।

### सीमावर्ती जिले में अवैध सामानों की जब्ती के दिए निर्देश

लालरिंचन ने एजेंसियों से नियमित रूप से रिपोर्ट जमा करने और सीमावर्ती जिले में अवैध सामानों की जब्ती सहित सभी गतिविधियों का रिकॉर्ड बनाए रखने के लिए भी कहा। चम्फाई जिला उपायुक्त एवं जिला चुनाव अधिकारी जेम्स लालरिंचना ने कानून प्रवर्तन एजेंसियों से चुनाव प्रचार के दौरान धन और बाहुबल के लिए इस्तेमाल होने वाले किसी भी सामान के प्रवेश को रोकने के लिए मिलकर काम करने का आग्रह किया। म्यांमार से आने वाले सभी सामानों की सावधानीपूर्वक जांच करने की जरूरत है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी अवैध वस्तु सीमा पार से न आ सके।

## सार संक्षेप

### चुनाव नियमों का पालन करें राजनीतिक दल : चोक्कालिंगम

**मुंबई।** भारत निर्वाचन आयोग की ओर से लोकसभा चुनाव की तिथि की घोषणा किए जाने के बीच महाराष्ट्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी और प्रमुख सचिव एस. चोकालिंगम ने कहा कि उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों को निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित नियमों का सख्ती से पालन करना चाहिए। 18वीं लोकसभा चुनाव कार्यक्रम को लेकर पंजीकृत राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई है।

### सदानंद के पार्टी में बने रहने का भरोसा : विजयेंद्र

**बेंगलुरु।** कर्नाटक भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र येदियुरप्पा ने अगले लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने के फैसले के बावजूद पूर्व मुख्यमंत्री सदानंद गौड़ा के पार्टी में बने रहने का भरोसा जताया। विजयेंद्र ने बेंगलुरु उत्तर सहित विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा करने में भाजपा की तैयारियों पर भी प्रकाश डाला व कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में उनकी पिछली भूमिका के कारण पार्टी के प्रति गौड़ा की निष्ठा बरकरार रहेगी। हम सदानंद गौड़ा जी के संपर्क में हैं।

### मप्र की छह सीटों के लिए अधिसूचना आज होगी जारी

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत मध्य प्रदेश में छह संसदीय सीटों के लिए बुधवार को अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। आधिकारिक जानकारी के अनुसार पहले चरण के लिए अधिसूचना जारी होने के साथ ही उम्मीदवारों के नामांकन दाखिल करने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। नामांकन 27 मार्च तक दाखिल किए जा सकेंगे। इसके अगले दिन 28 तारीख को नामांकन पत्रों की जांच होगी। नाम वापसी की अंतिम तारीख 30 मार्च है। पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा। पहले चरण में मध्य प्रदेश की छह सीटों सीधी, शहडोल, छिंदवाड़ा, मंडला, बालाघाट और जबलपुर संसदीय क्षेत्रों पर मतदान होना है।

### चुनावी हिंसा पर निर्वाचन आयोग करे हस्तक्षेप : चंद्रबाबू

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश में बढ़ती चुनावी हिंसा पर सख्त रुख अख्तियार करते हुए तेलुगु देशम पार्टी के प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू ने चुनाव आयोग से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। राज्य में जारी चुनावी प्रक्रियाओं के बीच वायएसआरसीपी हिंसा को बढ़ावा दे रही है। चंद्रबाबू नायडू ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी चुनावी हिंसा को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्हें सत्ता खोने का डर है। 50 दिनों के भीतर वो सत्ता गंवाने वाले हैं। उन्होंने कहा कि कहा कि वायएसआरसीपी के गुंडे टीडीपी कार्यकर्ताओं पर हमला कर रहे हैं।

# चुनाव आयोग सभी उम्मीदवारों को चुनाव लड़ने के लिए साधन बतौर मुहैया कराए धन : एबीएमपी

नई दिल्ली 19 मार्च (एजेंसियां)। अखिल भारतीय मानवतावादी पार्टी (एबीएमपी) ने दिल्ली के प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में मंगलवार को आयोजित



प्रेस वार्ता में पार्टी की पहचान, विचारधारा और उद्देश्यों के बारे में जानकारी प्रदान की। पार्टी के प्रमुख वक्ताओं ने चुनाव आयोग से मांग की है कि चुनाव आयोग सभी उम्मीदवारों को चुनाव लड़ने के लिए धन बतौर साधन मुहैया करे, ताकि चुनाव प्रक्रिया में समानता के अधिकार के उल्लंघन से संविधान को बचाया जा सके। उन्होंने पार्टियों के प्रचार पर रोक, उम्मीदवारों/जन प्रतिनिधियों द्वारा तीन साल में वादा नही पूरा करने पर संपत्ति जब्त का चुनाव आयोग द्वारा प्रावधान करने और राजनीतिक दलों का पुराना चुनाव चिन्ह समाप्त करने एवं और सभी उम्मीदवारों का बिना भेदभाव एक साथ चुनाव चिन्ह देने के लिए नियम बनाने की चुनाव आयोग से मांग की। इस मौके पर अखिल भारतीय मानवतावादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष राम सागर गुप्ता बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर एबीएमपी के राष्ट्रीय महासचिव राम बहादुर माथुर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भिरगू नाथ यादव, राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी हरेंद्र यादव, राष्ट्रीय सचिव सौदागर सिंह, प्रवक्ता डॉ. पीसी यादव, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष लक्ष्मण गुप्ता, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सीमा गुप्ता, कार्यालय सचिव रामवीर सिंह, एबीएमपी कंट्रोल कमीशन चेयरमैन डॉ. विद्यार्थी प्रसाद, डॉ. ललित कौल और सी पीआई एम सदस्य अंजू गुप्ता सहित पार्टी के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आम चुनाव से पहले पूर्व सीएम पन्नीरसेल्वम की मुश्किलें बढ़ी

# पार्टी के चिह्न का इस्तेमाल करने पर लगाई रोक

**चेन्नई,** 19 मार्च (एजेंसियां)। मद्रास उच्च न्यायालय ने लोकसभा चुनाव से पहले अन्नाद्रमुक के अपदस्थ नेता ओ.पन्नीरसेल्वम को पार्टी के झंडे, दो पत्तियों के प्रतीक और आधिकारिक लेटर हेड का उपयोग करने पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति एन.सतीश कुमार ने एक और अंतरिम निषेधाज्ञा पारित करते हुए, पन्नीरसेल्वम को अन्नाद्रमुक के समन्वयक या प्राथमिक सदस्य होने का दावा करने से भी रोक दिया, जहां से उन्हें एक सर्वसम्मत प्रस्ताव के माध्यम से पार्टी की सामान्य परिषद की बैठक में निष्कासित कर दिया गया था। न्यायाधीश ने उन्हें अन्नाद्रमुक महासचिव एडप्पादी के. पलानीस्वामी के कामकाज में हस्तक्षेप करने से भी रोक दिया, जब तक कि निष्कासित नेता के खिलाफ स्थायी निषेधाज्ञा की मांग करते हुए सितंबर 2023 में उनके द्वारा दायर एक नागरिक मुकदमे का निपटारा नहीं हो जाता। न्यायाधीश ने के. गौतम कुमार की सहायता से वरिष्ठ वकील विजय नारायण से सहमति व्यक्त की कि यदि निष्कासित नेता को विशेष रूप से खुद को पार्टी नेता के रूप में पेश करने से नहीं रोका गया तो आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच भ्रम की स्थिति के कारण पलानीस्वामी को अपूरणीय क्षति होगी। न्यायाधीश ने कहा कि समग्र चर्चा से, यह अदालत संतुष्ट है कि प्रथम दृष्टया मामला और सुविधा का संतुलन आवेदक/वादी (पलानीस्वामी) के पक्ष में है। इस अदालत की निश्चित राय है कि यदि प्रतिवादी (पन्नीरसेल्वम) वादी की मांग के अनुसार रोक नहीं लगाई गई, इससे भ्रम पैदा होगा और मुकदमा स्वयं अकादमिक हो जाएगा। हालांकि पन्नीरसेल्वम ने तर्क दिया कि उन्होंने पार्टी से अपने निष्कासन को चुनौती देते हुए एक दीवानी मुकदमा दायर किया है और यह मुकदमा उच्च न्यायालय में लंबित है।



मद्रास हाईकोर्ट ने सुनाया बड़ा फैसला

### खुद को अन्नाद्रमुक का समन्वयक नहीं कह सकते पन्नीरसेल्वम

न्यायाधीश ने कहा कि निष्कासन कार्रवाई को चुनौती देने मात्र से पार्टी मामलों के साथ हस्तक्षेप जारी रखने का औचित्य नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि पन्नीरसेल्वम खुद को अपने गुट या किसी अन्य निकाय का समन्वयक कह सकते हैं, लेकिन वह खुद को अन्नाद्रमुक का समन्वयक नहीं कह सकते, जो एक मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल है, जिससे उन्हें एक प्रस्ताव पारित करके सामान्य परिषद की बैठक से निष्कासित कर दिया गया था। न्यायाधीश ने कहा कि निष्कासन के बाद भी पार्टी नेतृत्व पर उनका दावा, निश्चित रूप से पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच भ्रम पैदा करने के गंभीर परिणाम देगा और अदालत की ओर से अंतरिम निषेधाज्ञा देने में विफलता उन्हें निष्कासित करने के लिए पार्टी द्वारा पारित प्रस्ताव के मूल उद्देश्य को विफल कर देगी।

# पशुपति को मिलकर आगे बढ़ना चाहिए

■ पारस के इस्तीफे पर बोले विजय कुमार सिन्हा

**पटना,**19 मार्च (देशबन्धु)। रालोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति पारस ने केंद्रीय मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि मेरे और मेरी पार्टी के साथ नाइंसाफी हुई मुझे एक भी सीट नहीं दी गई है। वहीं, पारस के इस्तीफे के बाद बिहार सरकार में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा है कि एक चाचा को हमेशा अपने भतीजे के लिए खुश रहना चाहिए, युग और जनरेशन बदलते रहता है। विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि पशुपति पारस को भतीजे के लिए खुश होना चाहिए, उनको आशीर्वाद देना चाहिए। मिलकर आगे बढ़ना चाहिए। विजय सिन्हा ने कहा कि, युग बदलता है, जनरेशन बदलती है तो ऐसे में लोगों को भी उसके अनुसार एडजस्ट करना आना चाहिए। एनडीए में पशुपति पारस को बहुत सम्मान दिया गया। वो लंबे समय तक कैबिनेट मंत्री रहे। सिन्हा ने कहा कि– पीएम मोदी नए लोगों का अभिवादन करते हैं तो पुराने लोगों को स्वागत और सम्मान भी करते हैं और भाजपा सबको लेकर चलती है। पशुपति पारस को भी एनडीए में सम्मान मिला है। वहीं अब उनके भतीजे को अवसर मिल रहा है। जिसका हक भी है।



एनडीए में पशुपति पारस को बहुत सम्मान दिया गया : विजय सिन्हा

अब तक उनके भतीजे (चिराग पासवान) को छोड़ इनको सम्मान मिलता था। तो अब जब उन्हें (चिराग) मिल रहा तो इन्हें (पारस) खुश होना चाहिए आशीर्वाद देना चाहिए। साथ मिलकर काम करना चाहिए। वहीं केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने के बाद लोक जनशक्ति पार्टी के सांसद पशुपति कुमार पारस मंगलवार शाम करीब छह बजे पटना पहुंचे। एयरपोर्ट पर उन्होंने मीडिया की भीड़ से बात नहीं की। उन्होंने एजेंसी के सामने अपनी बात रखी है और चुपके से निकल गए। एयरपोर्ट के पास स्थिति पार्टी दफ्तर में भी उन्होंने मीडिया के प्रवेश पर फिलहाल रोक लगा रखी है।

### युग व जनरेशन बदलता रहता है

बिहार सरकार में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बातों ही बातों में पारस को चेतावनी देते हुए कहा कि इस समय जो लीक से हटेगा और डूबती नाव में बैठेगा उनको भी पता है कि भविष्य क्या होगा। युग बदलता है, जनरेशन बदलती है तो लोगों को भी उसके अनुसार एडजस्ट करना चाहिए। मालूम हो कि, बीते दिन एनडीए में सीट बंटवारे को लेकर घोषणा कर दी गई है। भाजपा 17 सीटों के साथ बिहार में बड़े भाई की भूमिका निभा रहा है। वहीं जदयू 16 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। लोजपा (रामविलास) 5 सीटों पर चुनाव लड़ेंगी तो वहीं हम और राष्ट्रीय लोक मोर्चा को एक एक सीट दिया गया है।

# पूर्वी त्रिपुरा से भाजपा उम्मीदवार कृति सिंह पर छिड़ा घमासान

**अगरतला,** 19 मार्च (एजेंसियां)। त्रिपुरा में छत्तीसगढ़ से पराजित विधायक कृति सिंह देववर्मा को पूर्वी त्रिपुरा (सुरक्षित) निर्वाचन क्षेत्र के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का उम्मीदवार बनाए जाने को भारी घमासान छिड़ गया है और जहां विपक्ष ने राज्य में उनके योगदान पर सवाल उठाया है, वहीं स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षित सीट से उनके उम्मीदवार बनने के लिए उनकी योग्यता पर स्पष्टीकरण मांगा है। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता रणजॉय देव ने पूछा कि उन्हें भाजपा की सदस्यता कब मिली और क्या कृति के पास त्रिपुरा का एसटी प्रमाणपत्र है। उन्होंने सवाल किया, अगर कृति भाजपा की सदस्य बन जाती हैं, तो एडीसी के मुख्य कार्यकारी सदस्य समेत टीआईपीआरए मोथा के कार्यकर्ताओं को उनकी पार्टी के झंडे और नारे के साथ हवाई अड्डे से महल तक कैसे ले जाया जाएगा। निर्वाचन आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक, कृति देवी सिंह ने 2018 का चुनाव छत्तीसगढ़ के कवर्धा में निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर लड़ा लेकिन हार गयी थीं। इस बार भाजपा ने उन्हें पूर्वी त्रिपुरा आदिवासी आरक्षित निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया, जहां उनका नाम बदलकर कृति सिंह देववर्मा कर दिया गया है। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि कृति का जन्म त्रिपुरा शाही परिवार में हुआ था।




विपक्ष ने राज्य में कृति के योगदान पर उठाए सवाल

**राजनीति** | *कश्मीर में चुनावी बिगुल बजते ही मैदान में उतरने लगे राजनीतिक दल*

# विधानसभा चुनावों की घोषणा न होने से राजनीतिक दल निराश

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,19 मार्च (देशबन्धु)। प्रदेश के सभी राजनीतिक दल विधानसभा चुनावों की घोषणा न होने से निराश तो जरूर हुए हैं पर वे अब लोकसभा चुनावों में अपना दमखम दिखाने को उतावले हैं। यही कारण था कि लोस चुनावों का बिगुल बजते ही प्रदेश में राजनीतिक गतिविधियां तेजी पकड़ चुकी हैं और प्रदेश सियासी रंग में रंग गया है। नेशनल कांफ्रेंस, पीपुल्स**

डेमोक्रेटिक पार्टी, पीपुल्स कांफ्रेंस, अपनी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी, सभी पार्टियां चुनाव प्रचार में जुट गई हैं। अपने कार्यकर्ताओं और जिला कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें आयोजित की जा रही हैं। हालांकि नेकां, पीडीपी, भाजपा और अपनी पार्टी सहित किसी ने अभी तक कश्मीर की तीन सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है, लेकिन उनके नेताओं ने जिलों और कस्बों में अभियान शुरू कर दिया है।



■ लोस चुनावों में दमखम दिखाने को कसी कमर

कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने कहा कि उनका नेतृत्व आने वाले दिनों में चुनाव प्रचार शुरू करेगा, हालांकि जिला स्तर के प्रमुख पहले से ही कार्यकर्ताओं से मिल रहे हैं। कश्मीर की तीन सीटों के लिए चुनाव 7 मई से होने हैं। तीसरे चरण में अनंतनाग–राजौरी में मतदान होगा, जबकि 13 मई को चरण 4 में श्रीनगर–पुलवामा संसदीय सीटों पर मतदान होगा। चरण 5 में बारामुल्ला और 20 मई को कुपवाड़ा सीट मतदान होगा। जम्मू संभाग की उधमपुर सीट पर पहले चरण में 9 अप्रैल को मतदान होगा और दूसरे चरण में जम्मू–सांबा सीट पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। नेशनल कांफ्रेंस के प्रवक्ता इमरान नबी डार कहते थे कि पार्टी उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कुलगाम जिले के दमहाल हांजीपोरा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि उम्मीदवारों के घोषणापत्र और घोषणाएं जल्द ही की जाएंगी।

पीडीपी प्रवक्ता नजमु साकिब कहते थे कि पार्टी ने अनंतनाग शहर में नेताओं और कार्यकर्ताओं की जिला स्तरीय बैठक की। पार्टी आने वाले सप्ताह में उम्मीदवारों और घोषणापत्रों की घोषणा करेगी। भाजपा ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ पूरे जम्मू–कश्मीर में बूथ स्तर की बैठकें की। नेकां ने अनंतनाग–राजौरी संसदीय सीट के लिए कुलगाम जिले से अपना चुनाव अभियान शुरू किया, तो पीडीपी ने अपने कार्यकर्ताओं को एकजुट करने के लिए अनंतनाग शहर में एक जिला स्तरीय बैठक की। पीपुल्स कांफ्रेंस कश्मीर की पहली पार्टी थी जिसने सज्जाद लोन को बारामुल्ला–कुपवाड़ा सीट से अपना उम्मीदवार घोषित किया था। पिछले एक महीने से लोन कुपवाड़ा जिले में कार्यकर्ताओं से मिल रहे हैं और रैलियां कर रहे हैं। उनकी पार्टी का कहना है कि उन्हें मतदाताओं का मजबूत समर्थन प्राप्त है।

भाजपा प्रवक्ता अल्ताफ ठाकुर कहते थे कि जम्मू कश्मीर इकाई के अध्यक्ष रविंदर रैना के नेतृत्व में पार्टी नेताओं ने एक सप्ताह पहले अनंतनाग निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव अभियान शुरू कर दिया है।

उल्टा पुल्टा

पिता ने बेटे से कहा : लड़की वालों के सामने बड़ी-बड़ी बातें करना, लड़की वालों के आते ही बेटे ने पिता से कहा : पापा चाबी देना वो ट्रेन धूप में खड़ी है, उसे अंदर कर दूं...

# दिल्ली आबकारी नीति घोटाले की सुनवाई कर रहे जज का तबादला

## ईडी की तरफ से भेजे जा रहे समन के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट पहुंचे केजरीवाल

**नई दिल्ली,** 19 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली में मंगलवार को बड़े पैमाने पर उच्च न्यायिक सेवा के जजों के तबादले कर दिए गए हैं। एकसाथ 27 जजों के तबादले में राउज एवेन्यू कोर्ट के स्पेशल जज एमके नागपाल को भी बदल दिया गया है, जो दिल्ली शराब नीति मामले की सुनवाई कर रहे थे। उधर, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस मामले में लगातार प्रवर्तन निदेशालय की तरफ से भेजे जा रहे समन के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। केजरीवाल ने ईडी की तरफ से भेजे गए 9वें समन को हाई कोर्ट में चुनौती दी है, जिस पर बुधवार को सुनवाई होने की संभावना है।

### केजरीवाल ने बताया ईडी के समन को गैरकानूनी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी ईडी की तरफ से भेजे गए सभी 9 समन को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है। केजरीवाल ने एक बार फिर अपनी याचिका में ईडी समन को एक बार फिर गैरकानूनी बताते हुए हाई कोर्स से उसे खारिज करने की मांग की है। सूत्रों के अनुसार दिल्ली हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने इस मामले की सुनवाई बुधवार को सुनवाई के लिए लिस्टेड किया है। ईडी की तरफ से केजरीवाल को दिल्ली शराब नीति घोटाले में पूछताछ के लिए बुलाया जा रहा है, लेकिन केजरीवाल उन्हें झूठे मामले में फंसाकर गिरफ्तार करने की केंद्र सरकार की साजिश कहकर पेश होने से इंकार कर रहे हैं। केजरीवाल को ईडी ने नवंबर में पहली बार समन भेजा था। इस मामले में अब तक ईडी और सीबीआई द्वारा आम आदमी पार्टी के दो वरिष्ठ नेताओं की गिरफ्तारी हो चुकी है। पिछले साल फरवरी में दिल्ली के तत्कालीन उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार किया गया था, जबकि पिछले साल के आखिर में राज्यसभा सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी हुई थी। इन दोनों ही नेताओं को अब तक जमानत नहीं मिल सकी है। केजरीवाल का आरोप है कि दोनों नेताओं को झूठे आरोपों में फंसाया गया है।




दिल्ली उच्च न्यायिक सेवा के जजों के बड़े पैमाने पर हुए तबादले

### कावेरी बावेजा करेंगी अब शराब नीति मामले की सुनवाई

दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में शराब घोटाले की सुनवाई चल रही है। यह सुनवाई अब तक स्पेशल जज एमके नागपाल की अदालत में चल रही थी। मंगलवार को हुए दिल्ली उच्च न्यायिक सेवा के 27 जजों के तबादले में जज नागपाल भी राउज एवेन्यू कोर्ट से हटाकर तीस हजारी अदालत में भेज दिए गए हैं। जज नागपाली की जगह राउज एवेन्यू कोर्ट में डिस्ट्रिक्ट जज (कमर्शियल) कावेरी बावेजा को ट्रांसफर किया गया है। अब दिल्ली शराब नीति मामले की सुनवाई जज कावेरी बावेजा ही करेंगी।

# सरकार ने दिल्ली को शराब के नशे में धकेलने का काम किया : सचदेवा

## कांग्रेस व आप के कई नेता थामा भाजपा का दामन

**नई दिल्ली,** 19 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा जिस सरकार ने दिल्ली को लूटने का काम किया है, दिल्ली को शराब के नशे में धकेलने का काम किया है और जिस व्यक्ति ने दिल्ली को गैस चैम्बर बनाने का काम किया है, वैसे नेता को दिल्ली की जनता 2024 में उखाड़कर फेंकेगी। जिस भावना के साथ आप सभी भाजपा में शामिल हुए हैं, उसी भावना के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प दिल्ली की जनता ले चुकी है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा की उपस्थिति में मंगलवार को दो पूर्व निगम पार्षद सत्यवती चौहान एवं रमेश चौहान, कांग्रेस के पूर्व निगम प्रत्याशी फलजीत बेगम, आरती युवराज सिंह, आम आदमी पार्टी के पूर्व निगम प्रत्याशी सुमित शौकीन, आम आदमी पार्टी के प्रचार मंत्री फरीद शाह, कांग्रेस नेता युवदीप सोलंकी, जनकपुरी के सामाजिक कार्यकर्ता सुभाष मग्गो एवं संजय बजाज, 2019 में निर्दलीय लोकसभा चुनाव लड़े महेन्द्र पासवान ने अपने सैकड़ों साथी कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।



कांग्रेस और आम आदमी पार्टी से आए सभी वरिष्ठ नेताओं कार्यकर्ताओं को दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने पटका पहनाकर पार्टी में शामिल किया। पत्रकार वार्ता में उत्तर पश्चिम जिला के अध्यक्ष सत्यनारायण गौतम, पवन खंडेलवाल, विजय सोलंकी, प्रदेश प्रवक्ता श्री अजय सहरावत एवं पूर्व निगम पार्षद सुश्री आरती मेहरा आदि उपस्थित थे। वीरेन्द्र सचदेवा ने सभी का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सबका साथ सबका विकास मुहिम ने देश में सबको समग्र विकास दिया है और केंद्र सरकार जाति, धर्म से ऊपर उठकर व्यक्ति की काबिलियत के आधार पर दायित्व देती है।

उन्होंने कहा कि आज भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले 14 प्रमुख लोगों में से 11 ऐसे लोग हैं जो कही ना कही से चुनाव लड़े हुए है और जीते भी है।

## सार संक्षेप

### व्यापार एवं कर विभाग के मनोज कौशिक को किया गया बर्खास्त

**नई दिल्ली।** व्यापार एवं कर विभाग के वार्ड नंबर 41 के जीएसटीओ मनोज कौशिक को सतर्कता निदेशालय के आदेश पर बर्खास्त कर दिया गया। उन पर आरोप है कि उन्होंने 26 जुलाई 2021 से 13 अक्टूबर 2021 तक घोर कदाचार किया। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों को विभिन्न अवैध रिफंड के आदेश जारी किए। इससे सरकारी खजाने को 14 करोड़ रुपये का नुकसान होने का पता चला। इस मामले में मुख्य सचिव के निर्देश पर जांच हुई थी। इस मामले में सतर्कता विभाग ने विस्तृत जांच की। इसमें पाया गया कि मनोज कौशिक इस कदाचार में शामिल हैं। जांच के बाद उन्हें बर्खास्त करने का निर्णय लिया गया। साथ ही उन्हें दूसरी सुविधाएं भी नहीं मिलेगी।

### शिक्षा के लिए सस्ती दरों पर ऋण उपलब्ध कराएगा फिंटेक स्टार्टअप प्रोपेल्ड

**नई दिल्ली।** निजी बाजार शिक्षा ऋण फिंटेक स्टार्टअप प्रोपेल्ड ने देशीय बाजार में अपनी सफलता के प्रेरित होकर अपने विदेशी शिक्षा ऋणों की घोषणा की और भारत के मेट्रो, टियर 2 और टियर 3 शहरों में रहने वाले छात्रों की शिक्षा ऋणों की महत्त्वपूर्ण मांग को पूरा करने का संकल्प लिया। अधिकतम 50 लाख रुपये तक के ऋण योग्य छात्रों के लिए 10 वर्षों की अधिकतम अवधि के लिए विशेष अंतर्निर्धारण प्रक्रिया के माध्यम से उपलब्ध होंगे, जो छात्रों,माता-पिता की ऋण क्षमता के अनुसार अनुकूलित होगी। यह पहल भी नौकरीपेशा व्यक्तियों को एक और तेज और अधिक सरल वित्तीय प्रक्रिया की तलाश में है, साथ ही स्वरोजगारी। प्रोपेल्ड में, हम शिक्षा के पहुंच को लोकतंत्रीकरण के हमारे दृष्टिकोण में समर्पित हैं। एक अपर्णिधित जनवर्ग की सेवा करने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण का उपयोग करने से भविष्य के नेताओं के कौशल को प्रशिक्षित और साने करेंगे जो 2030 तक 7 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के भारत के लक्ष्य को पूरा करेंगे।

### रेवा ने महिलाओं के स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए स्थायी समाधान पेश किए

**नई दिल्ली।** रेवा, महिला स्वास्थ्य और स्वच्छता में बदलाव के लिए समर्पित एक अग्रणी ब्रांड है, जिसने इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में अपने ऑफिसियल लॉन्च की घोषणा की। रेवा का मिशन जागरूकता को बढ़ावा देने, वर्जनाओं को तोड़ने और उत्पाद श्रेणियों की एक विस्तृत श्रृंखला में कल्याण की वकालत करने पर केंद्रित है। रेवा आधुनिक महिलाओं के लिए डिज़ाइन किए गए नवीन उत्पादों की एक श्रृंखला पेश करके महिलाओं के मासिक धर्म चक्र का अनुभव करने और उनके मूड को प्रबंधित करने के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए तैयार है, जो जागरूकता बढ़ाने, सामाजिक वर्जनाओं को तोड़ने और समग्र कल्याण को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। रेवा के संस्थापक और सीईओ महिपाल सिंह कहते हैं, रेवा में, हमारा मानना है कि हर महिला सुरक्षित, टिकाऊ और विश्वसनीय मासिक धर्म स्वच्छता समाधान तक पहुंच की हकदार है। हमारा लक्ष्य मासिक धर्म से जुड़ी वर्जनाओं को तोड़ना और महिलाओं को ऐसे उत्पाद प्रदान करना है जो न केवल उनके स्वास्थ्य और आराम को प्राथमिकता देते हैं बल्कि अधिक टिकाऊ भविष्य में भी योगदान देते हैं। इसके अतिरिक्त, हम महिलाओं की विविध मनोदशाओं को संबोधित करने और अपने उत्पादों के साथ उनके अनुभव को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। रेवा की सह-संस्थापक गगन अरोड़ा कहती हैं, हम रेवा को युवावस्था से लेकर रजोनिवृत्ति तक आपके सबसे अच्छे दोस्त के रूप में पेश करने के लिए उत्साहित हैं, जिसमें दुनिया भर में महिलाओं के लिए मासिक धर्म की ज़रूरतों से लेकर कल्याण और फैशन की आवश्यक वस्तुओं तक के नवीन उत्पादों की श्रृंखला शामिल है।

# भाजपा सांसदों ने की राजधानी में विकास की अनदेखी : अरविंदर लवली

## एमपीएलएडी फंड से पैसा न लगाने के लिए आरोप पत्र लाएगी कांग्रेस

**नई दिल्ली,** 19 मार्च (देशबन्धु)। भाजपा सांसदों पर दिल्ली में विकास की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली का कहना है कि उनकी पार्टी जल्द ही बीजेपी सांसदों के खिलाफ लोगों के कल्याण के लिए एमपीएलएडी फंड से पैसा तक न लगाना के लिए आरोप पत्र लाएगी। मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दिल्ली में भाजपा के सातों उम्मीदवारों की चुनाव बाद 100 दिनों की कार्य योजना पर प्रतिक्रिया देते हुए लवली ने कहा कि यह दिल्ली की जनता का दुर्भाग्य है कि दिल्ली में पिछले 10 वर्षों में भाजपा के सांसदों ने क्या योगदान किया, यह बताने की बजाय जीतने के बाद अगले 100 दिनों में वे क्या करेंगे उसकी चर्चा करके दिल्ली के लोगों को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सभी संसदीय क्षेत्रों की प्रतिज्ञा रैली में लोगों से लगातार कहा था कि भाजपा सांसदों ने 10 वर्षों में कुछ नहीं किया और आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा अपने उम्मीदवार बदल देगी, जो दिल्लीवासियों के सामने है। अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि आने वाले समय में दिल्ली कांग्रेस भाजपा के सातों सांसदों की नाकामियों के खिलाफ चार्जशीट निकालेगी क्योंकि भाजपा सांसदों ने दिल्ली के विकास और लोगों के कल्याण के लिए कुछ नहीं किया जिसको हम जनता के बीच उजागर करेंगे। इस संवाददाता सम्मेलन में अरविंदर सिंह लवली के अलावा, पूर्व मंत्री हारुन यूसुफ, वरिष्ठ नेता चत्तर सिंह, निगम प्रभारी जितेन्द्र कुमार कोचर, पूर्व जिला अध्यक्ष हरी किशन जिंदल और मोहम्मद उस्मान, प्रवक्ता अनुज आत्रेय, मौजूद रहे। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा उम्मीदवारों की घोषणा कि सभी संसदीय क्षेत्रों में नई दिल्ली में केंद्र सरकार के अस्पतालों की भांति अस्पताल खुलवाने की घोषणा पर प्रतिक्रिया दी।






■ नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में भाजपा नेताओं तरुण चुग, विनोद तावड़े व मनिंदर सिंह सिरसा की उपस्थिति में भाजपा में शामिल होने के दौरान संयुक्त राज्य अमेरिका में भारत के पूर्व राजदूत तरणजीत सिंह संधू। फोटो इम्तियाज खान

## सोशल मीडिया कंटेंट पर नजर रखने को नोडल अधिकारी नियुक्त

**नई दिल्ली,** 19 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली पुलिस ने लोकसभा चुनाव के दौरान एसएमएस या सोशल मीडिया मंचों के जरिए आपत्तिजनक संदेश फैलने से रोकने के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति करने और शिकायत के लिए एक नंबर व ईमेल एड्रेस जारी करने समेत कुछ कदम उठाए हैं। पुलिस विभाग ने यहां जारी एक नोटिस में कहा कि संयुक्त पुलिस आयुक्त बी.एस. जायसवाल को लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान एसएमएस या विभिन्न सोशल मीडिया मंचों के जरिए आपत्तिजनक संदेश फैलाने संबंधी मामलों से निपटने के लिए नोडल अधिकारी सोशल मीडिया निगरानी एवं साइबर क्राइम नियुक्त किया गया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि पुलिस ने एक नंबर '8130099025' और एक ई-मेल एड्रेस नोडल एसएमएमसी डॉट इलेक्शन24एट दी रेट दिल्ली पुलिस डॉट जीओवी डॉट इन भी जारी किया है, जहां लोग सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री से संबंधित मामलों की शिकायत कर सकते हैं। नोटिस में कहा गया है कि यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि ऐसे संदेशों में चुनाव कानूनों, आदर्श आचार संहिता और (निर्वाचन) आयोग द्वारा जारी निर्देशों का उल्लंघन करके चुनावी प्रक्रिया को बाधित करने की क्षमता होती है।

# राजनीतिक हथियार बन गई है ईडी : आतिशी

**नई दिल्ली,** 19 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय ईडी पर राजनीतिक हथियार बनने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि उच्चतम न्यायालय ने एजेंसी के इस आरोप को खारिज कर दिया था कि बीआरएस नेता के. कविता अब समाप्त हो चुकी आबकारी नीति में लाभ के लिए आम आदमी पार्टी के नेताओं को 100 करोड़ रुपये का भुगतान करने में शामिल थीं। आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि ईडी का मकसद दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकना है। तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी और विधान परिषद सदस्य कविता को ईडी ने पिछले सप्ताह उनके हैदराबाद स्थित आवास से गिरफ्तार कर लिया था और वह 23 मार्च तक एजेंसी की हिरासत में हैं। ईडी ने सोमवार को एक बयान में दावा किया कि कविता ने अन्य लोगों के साथ मिलकर केजरीवाल और मनीष सिसोदिया समेत आप के शीर्ष नेताओं के साथ दिल्ली आबकारी नीति बनाने और उसे लागू कराने में फायदा उठाने के लिए साजिश रची। एजेंसी ने कहा कि इन फायदों के बदले वह आप नेताओं को 100 करोड़ रुपये का भुगतान करने में शामिल थीं। आतिशी ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि राजनीतिक दल प्रेस विज्ञप्तियां जारी करते हैं।

ईडी ने क्यों राजनीतिक प्रेस विज्ञप्ति जारी की इसका मतलब है कि ईडी राजनीतिक हथियार बन चुकी है।

ईडी को राजनीतिक हथियार बनने का लगाया आरोप




केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकना ईडी का मकसद : आतिशी

### केजरीवाल का सवाल उठाना भाजपा को रास नहीं आ रहा

आतिशी के कैबिनेट सहयोगी सौरभ भारद्वाज ने एक अन्य संवाददाता सम्मेलन में इसी तरह के दावे करते हुए कहा कि केजरीवाल का सवाल उठाना भाजपा को रास नहीं आ रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि हमारे प्रमुख नेता जेल में हैं। वे हमारे शीर्ष नेता को जेल में डालने की कोशिश कर रहे हैं। भारद्वाज ने दोहराया कि ईडी को आबकारी नीति मामले में अपनी जांच में कुछ नहीं मिला है। ईडी ने कहा कि उसने 2022 में मामला दर्ज होने के बाद से देश भर में 245 स्थानों पर तलाशी ली है और आप नेताओं मनीष सिसोदिया और संजय सिंह तथा कुछ शराब व्यवसायियों सहित 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। ईडी ने इस मामले में अब तक कुल छह आरोपपत्र दायर किये हैं और 128 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियों की कुर्की की है।

**समीक्षा** *महाप्रबंधक ने की उत्तर रेलवे की कार्य प्रगति की समीक्षा*

# होली पर होने वाली भीड़भाड़ के प्रबंधन पर जोर दिया

**नई दिल्ली, 19 मार्च (देशबन्धु)। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने उत्तर रेलवे के विभागाध्यक्षों और मण्डल रेल प्रबंधकों के साथ एक संरक्षा बैठक का आयोजन किया। इस समीक्षा बैठक में महाप्रबंधक ने आगामी होली पर्व के दौरान स्टेशनों पर रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन, यात्रियों के लिए अन्य सुविधाओं के प्रबंधन तथा भीड़भाड़ की सुविधाजनक निकासी पर बल दिया।**

उन्होंने होली स्पेशल रेलगाड़ियों के इंतजाम, स्वच्छता, प्लेटफार्मों पर पेय जल की पर्याप्त आपूर्ति के साथ ङ्गसाथ दूसरे प्रवेश द्वार के प्रावधान, फुटओवर- ब्रिजों, एस्केलेटरों, लिफ्ट के प्रावधान से संबन्धित कार्य को समय से पूरा करने तथा अन्य यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराने पर बल दिया गया। कार्य-प्रगति की समीक्षा करने से पहले महाप्रबंधक ने यात्रियों और रेल सम्पत्ति की सुरक्षा के लिए उच्च मानकों को बनाए रखने वाले 4 सतर्क कर्मचारियों को उनके कार्यों और योगदान के लिए संरक्षा पुरस्कारों से सम्मानित किया। उन्होंने परिचालन/रेल सुरक्षा बल में उच्च संरक्षा मानकों को बनाए रखकर उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने वाले रेल कर्मचारियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि संरक्षा उत्तर रेलवे की प्राथमिकता हैं। उन्होंने रेलपथों, वेल्डों के अनुरक्षण मानकों को बेहतर बनाने तथा रेलपटरियों के किनारे पड़े स्क्रैप को हटाने के लिए जोन पर किए गए कार्यों किए गए कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मण्डलों को निर्देश दिए कि वे रेलगाड़ियों के सुरक्षित परिचालन के लिए रेलपथों पर संरक्षा बढ़ाने हेतु अभियान तेज करें और जहां भी जरूरी हो वहां कर्मचारियों को परामर्श दें। उन्होंने कहा कि सिग्नलों, रेल फ्रेक्चरों और रेल वेल्डों की व्यापक निगरानी की जानी चाहिए और इसमें कोई त्रुटि नहीं छोड़नी चाहिए।



■ संरक्षा को बेहतर बनाने के मद्देनजर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार प्रदान किए
■ संरक्षा व रेल सम्पत्तियों के रख-रखाव पर किया गया ध्यान केन्द्रित

## महिलाओं को सशक्त बनाने में ई-रिक्शा निभा रहे बड़ी भूमिका : दिनेश गोयल

### बाहुबली ई-रिक्शा ने दो बेहतरीन मॉडल किए लांच

**नई दिल्ली,** 19 मार्च (देशबन्धु)। आजकल महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है और चाहे डाइविंग ही क्यों न हो, कैब तक चलाने में महिलाएं संकोच नहीं कर रही है। ई-रिक्शा की बात करें तो महानगरों से लेकर छोटे शहरों में भी अब महिला डाइवर दिख जाती है और इससे अंदाजा होता है कि बाहुबली ई-रिक्शा महिलाओं को सशक्त करने के साथ ही उन्हें रोजगार के अवसर मुहैया करा रहा है। बाहुबली डीलस सबसे अधिक बिकने वाला ई-रिक्शा मॉडल है, जो उचित मूल्य पर उपलब्ध है। बाहुबली डीलक्स में उच्च शक्ति प्रदान करने वाली अच्छी बैटरी की क्षमता होती है। भारत की बेहतरीन ई-रिक्शा कंपनी बाहुबली ई-रिक्शा ने दो बेहतरीन मॉडल लांच किए है बाहुबली भीम व बाहुबली भारत के नाम से। दिनेश गोयल ने कहा कि जो लोग पैसे की तंगी के कारण बाहुबली से जुड नहीं पा रहे थे, लेकिन अब वह लोग बाहुबली भीम के मॉडल से जुड़ सकते हैं, यह मॉडल स्पीड के मामले में बहुत तेजी है तथा माइलेज में भी यह बहुत अच्छा मॉडल है साथ्ञ ही उन्होंने बताया कि यह एक साल की वारंटी के साथ मार्केट में उपलब्ध है। बाहुबली ई-रिक्शा के डायरेक्टर दिनेश गोयल ने बताया कि बाहुबली ई-रिक्शा महिलाओं के लिए आर्थिक सशक्तिकरण और वित्तीय समावेशन हासिल करने का व्यवहारिक माध्यम बन गया है।

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार ग्रीन म्युनिसिपल बोंड के अंतर्गत तेजी से कार्य चल रहा है माइलस्टोन सिक्स के अंतर्गत लगभग 79.75 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है, 11 किलोमीटर की रोड रेस्टोरेशन के लिए 20 दिन में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। औद्योगिक इकाइयों को जलापूर्ति के लिए कार्रवाई तेजी से चल रही है साथ ही रोड़ों की रेस्टोरेशन के कार्य पर भी जोर दिया जा रहा है नगर आयुक्त महोदय द्वारा बैठक बुलाई गई जिसमें समस्त चल रही कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। **के पी आनंद, महाप्रबंधक जल**

## यूनिटेक बिल्डर से खाली जमीन वापस लेगा प्राधिकरण, अदालत में जमा की रिपोर्ट

**नोएडा,** 19 मार्च (देशबन्धु)। यूनिटेक बिल्डर को दी गई जमीन का काफी हिस्सा अभी खाली पड़ा हुआ है। बिल्डर पर नोएडा प्राधिकरण का भी काफी बकाया है। ऐसे में प्राधिकरण ने बिना प्रयोग की जमीन को वापस लेने का निर्णय लिया है। इसको लेकर उच्चतम न्यायालय में रिपोर्ट जमा कर दी है। अब इस रिपोर्ट पर न्यायालय को फैसला लेना है।

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि काफी साल पहले यूनिटेक बिल्डर को सेक्टर-96, 97, 98, 113 और 117 में यूनिटेक बिल्डर को करीब 15 लाख वर्ग मीटर जमीन आवंटित की गई थी। इसमें से यूनिटेक ने अभी तक करीब साढ़े चार-पांच लाख वर्ग मीटर जमीन का ही प्रयोग किया है। यहां पर भी अधूरे टावर खड़े हुए हैं। इनमें करीब साढ़े हजार फ्लैट व भूखंड बन चुके हैं या निर्माणाधीन हैं। इन दिनों यूनिटेक बिल्डर से जुड़ा मामला उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन है। न्यायालय के निर्देश पर बिल्डर प्रबंधन ने परियोजनाओं को लेकर नए सिरे से नक्शा पास करने का प्लान प्राधिकरण को सौंपा था। प्राधिकरण ने इस नक्शे के हिसाब से मौके पर जाकर स्थिति देखी और इसकी रिपोर्ट न्यायालय में जमा कर दी है।

प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि यूनिटेक की संबंधित परियोजनाओं में करीब दस लाख वर्ग मीटर जमीन खाली पड़ी है जिस पर अभी तक कोई प्लान नहीं है। ऐसे में इस जमीन को बिल्डर से वापस लिए जाने की जरूरत है। जमीन वापस करने पर बिल्डर को प्राधिकरण के बकाए करीब नौ हजार करोड़ रुपए से भी काफी राहत मिल जाएगी। इस तर्क के साथ प्राधिकरण ने न्यायालय में रिपोर्ट दे दी है। वहीं बिल्डर पक्ष ने तर्क दिया है कि खाली जमीन पर वह योजनाएं लाकर लोगों को फ्लैट देगा और प्राधिकरण का बकाया।

## साप्ताहिक बाजारों के कचरे का होगा रात में निपटारा

■ बेहतर साफ-सफाई के लिए कार्यशाला का आयोजन ■ दो डस्टबिन नहीं रखने पर लगेगा जुर्माना

**नोएडा,** 19 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा में साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर करने के लिए एक कार्यशाला का आयोजित किया गया। इसमें श्रम संविदाकार, नियमित और समस्त सुपरवाइजर को सफाई से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला के प्रारंभ में एसबीएम कंसलटेंट एवं गाइडेड फॉर्च्यून समिति एनजीओ की ओर से सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की जानकारी दी गई। बताया गया कि कूड़े का सेग्रीगेशन 5 श्रेणियों सूखा, गीला, सेनेट्री, घरेलू, खतरनाक और ई वेस्ट में किया जाना अनिवार्य है। कार्यशाला में डीजीएम एसपी सिंह, परियोजना अभियंता गौवर बंसल, आरके शर्मा ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान राहुल कुमार सहायक परियोजना अभियंता जन स्वास्थ्य सेकेंड ने सुपरवाइजरों को निर्देशित किया कि सड़क, फुटपाथ और सर्विस रोड पर नियमित रूप से





सफाई की जा रही है या नहीं। गौरव बंसल ने कहा कि साफ-सफाई के दौरान आवश्यक सावधानी बरते। व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग करे। आईडी कार्ड और ड्रेस पहनकर की काम करे। सेक्टर और गाव में लगने वाले साप्ताहिक बाजारों की सफाई उसी दिन रात के समय कराई जाए और निकलने वाले कूड़े का निपटारा डोर टू डोर एजेंसी से कराए। आर के शर्मा ने कहा कि नालियों से निकलने वाल स्लिट को उसी दिन सीधा डंपिंग ग्राउंड सेक्टर-145में भेजा जाए। रोजाना सोशल मीडिया पर मिलने वाली शिकायतों का निपटारा किया जाए। बाजार और वेंडिंग जोन में दो डस्टबिन रखने का निर्देश दिए। जो वेंडर हरा और नीला डस्टबीन प्रयोग नहीं करेंगे उन पर पेनाल्टी लगाई जाए। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट 2016 के तहत जो संस्थाएं रोजाना 100 किग्रा से अधिक वेस्ट उत्सर्जित करती है उनको अपने परिसर में गीले कूड़े के लिए कंपोस्ट प्लांट और सूखे को एमआरएफ एजेंसी द्वारा निस्तारित करने के निर्देशित किया गया।

## 5 साल में 200 शहीदों के आंगन पहुंचे गोपी नाथ

**नोएडा,** 19 मार्च (देशबन्धु)। 14 फरवरी 2019 में हुए सीआरपीएफ पुलवामा हमले के अगले दिन से पूरे देश में डेढ़ लाख किलोमीटर का सफर तय करके 200 से अधिक शहीद जवानों के घर के आंगन की पवित्र माटी इकट्ठी करने का काम उमेश गोपीनाथ जाधव ने किया। उनकी पांच वर्षों की यात्रा को चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित एक पुस्तक का विमोचन नोएडा प्रेस क्लब में किया गया। विमोचन नेक्सजेन एनर्जिया के सीईओ डॉ पीयूष द्विवेदी, श्रीमंगलम कॉलेज के उपाध्यक्ष हर्षराज द्विवेदी, मदरलैंड अस्पताल के सीईओ डॉ. बवित कुमार, युवा क्रांति सेना के अध्यक्ष अविनाश सिंह ने किया। उमेश गोपीनाथ जाधव ने कहा कि वह चाहते हैं कि शहीदों के आंगन से एकत्र की गई मिट्टी से भारत का नक्शा बनाकर देश के किसी भी वार मेमोरियल में रखा जाए। जिन शहीदों के घर के आंगन से मिट्टी ली गई है उन्होंने इंडियन आर्मी, इंडियन नेवी, इंडियन एयर फोर्स, इंडियन कोस्ट गार्ड, सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्सेज और स्टेट पुलिस में अपनी सेवाएं देते हुए सर्वोच्च बलिदान देश और देशवासियों के लिए दिया है। अमर बलिदानियों की पवित्र मिट्टी से भारत का



■ 1.5 लाख किमी के सफर को चित्रों से पुस्तक में किया प्रदर्शित, किया गया विमोचन

नक्शा बनाया जाए, जिसे पर्यटन स्थल के तर्ज पर सभी के लिए खोला जाए। जहां सभी देशवासी हर रोज अमर बलिदानियों को याद करे और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करे। डॉ पीयूष द्विवेदी ने कहा की नोएडा की धरती पर अमर बलिदानियों के आंगन की मिट्टी के कलश पहुंचना हम सभी के लिए गर्व की बात है। वॉर मेमोरियल सिर्फ उमेश का ही नहीं बल्कि हम 140 करोड़ भारतीयों का सपना है। श्रीमंगलम कॉलेज के उपाध्यक्ष हर्षराज द्विवेदी ने कहा कि इस मुहिम को लक्ष्य तक पहुंचाना नोएडा की प्राथमिकता होगी।

## सार संक्षेप

### विहिप ने विजय नगर में लगाया मुफ्त चिकित्सा शिविर



**गाजियाबाद।** विजयनगर प्रखंड विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के सेंट्रल पार्क के ब्लॉक में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर श्री राम पिस्टन एंड रिंग्स लिमिटेड और विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त तत्वाधान में हुआ। जिसमें गाजियाबाद के प्रतिष्ठित नवीन हॉस्पिटल एवं राज नगर मेदांता आई हॉस्पिटल के वरिष्ठ और योग्य डॉक्टरों के द्वारा स्थानीय लोगों का चिकित्सा परीक्षण किया गया एवं रोग अनुसार रोग निदान के लिए दवाइयां भी वितरित की गई। शिविर में 500से ज्यादा लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। इस शिविर का प्रारंभ प्रभु श्री राम की राम धुन एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। डॉ. राजेश राजौरा श्रीराम पिस्टन एंड रिंग्स लिमिटेड एडमिनिस्ट्रेशन विभाग के जनरल मैनेजर संजय मिश्रा विश्व हिंदू परिषद महानगर अध्यक्ष आलोक गर्ग संगठन मंत्री मनीष, सह समरसता प्रमुख मोहित गोयल, सह मंत्री विवेक गोस्वामी, प्रखंड के मंत्री जयवीर की एवं विजयनगर प्रखंड की समस्त प्रखंड टोली उपस्थिति रही।

### चंदा मांग रहे एक समुदाय के व्यक्ति से अभद्रता व मारपीट

**नोएडा।** नोएडा के सलारपुर में चंदा मांग रहे एक समुदाय के व्यक्ति को गांव के एक अन्य व्यक्ति ने पीट दिया। उसके साथ अभद्रता की। ये पूरा मामला थाना सेक्टर-39 क्षेत्र का है। गुस्साएं लोग सलारपुर चौकी पहुंचे। पुलिस के आला अधिकारियों ने उनसे बातचीत की और मामले को शांत किया। आरोपी युवक को पकड़ लिया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। बताया गया आरोपी युवक शराब के नशे में था। मूलरूप से बिहार के जिला किशनगंज के अब्दुल अजीज कुछ दिन पहले नोएडा आए थे। वह बिहार में खुले मदरसों के संचालन के लिए चंदा मांग रहे हैं। मंगलवार दोपहर वह गांव सलारपुर स्थित मस्जिद पहुंचे। मदरसे के लिए चंदा मांग रहे थे। दोपहर करीब तीन बजे वह मस्जिद से कहीं जा रहे थे। तभी उन्हें गांव के ही उन्मादी प्रवृत्ति के नीरज भाटी ने रोक लिया। बताया जा रहा है कि नीरज भाटी नशे में था। स्थानीय लोगों का कहना है कि नीरज भाटी ने गाली-गलौज शुरू कर दी।

### नोएडा में रो-रो कर महिला बता रही आपबीती

**नोएडा।** नोएडा में महिला का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में महिला रोते हुए कुछ युवकों पर उसके और पति के साथ मारपीट का आरोप लगा रहे है। ये पूरा मामला नोएडा के सेक्टर-2 स्थित फूड कोर्ट का है। वीडियो वायरल होने के साथ ही पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ा है। उनसे पूछताछ की जा रही है। साथ ही पीड़ित से लिखित में शिकायत ली जा रही है। ये वीडियो करीब एक मिनट का है। जिसमें महिला रो-रो कर अपनी व्यथा बता रही है। बता रही है कि पहले एक लड़का आया और उसने मेरे साथ मारपीट की। इसके बाद दूसरे ने मेरे पति के साथ मारपीट की। वहां खड़े लोगों ने इसका एक वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने एक्शन लिया और दोनों आरोपियो को पकड़ लिया। महिला के पति राकेश ने बताया कि सेक्टर-2 वेंडिंग जोन में फूड कोर्ट में दुकान है। वहीं पर उन्होंने अपनी बाइक खड़ी की थी। इस दौरान दो युवक आपनी कार से वहां आए और बाइक टच हो गई।

## बिहार के पूर्व मंत्री रघुनाथ गुप्ता का नोएडा में निधन



**नोएडा,** 19 मार्च (देशबन्धु)। बिहार सरकार में पूर्व एमएलसी और पूर्व मंत्री रहे रघुनाथ गुप्ता का 79 वर्ष की आयु में नोएडा में निधन हो गया। वे बीते कई दिन से बीमार चल रहे थे। रघुनाथ गुप्ता नोएडा के सेक्टर-51 में रहते थे। मूल रूप से बिहार में पूर्वी चंपारण स्थित मोतिहारी निवासी रघुनाथ गुप्ता उस 11 सदस्यीय संस्थापक समिति के सदस्य भी रहे, जो जयप्रकाश नारायण ने साल-1974 में छात्र आंदोलन को संचालित करने के लिए बनाई थी। इस समिति का नाम बिहार प्रदेश छात्र संघर्ष समिति रखा गया था। उन दिनों रघुनाथ गुप्ता ने सबसे आगे रहकर छात्र हितों के लिए खूब आंदोलन किए। यहीं से वे राजनीति में आगे बढ़ते गए। वे बिहार विधान परिषद के सदस्य और बिहार शासन में मंत्री स्तर तक के विभिन्न पदों पर रहे। वे आजीवन समाजवादी विचारधारा के नेता रहे। आपातकाल के दौरान उन्हें 19 महीने की जेल यातना भी सहनी पड़ी थी। साल-2014 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने बिहार में पूर्वी चंपारण लोकसभा सीट से रघुनाथ गुप्ता को प्रत्याशी बनाया था, हालांकि वे चुनाव हार गए थे। रघुनाथ गुप्ता के बेटे अभिषेक गुप्ता ने बताया, सोमवार देर रात पिताजी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार पूर्वी चंपारण बिहार में राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा।

## सोशल मीडिया अकाउंट से सामने आएगा रेव पार्टी का सच

**नोएडा,** 19 मार्च (देशबन्धु)। एल्विश यादव केस में नोएडा पुलिस कोई भी लूप होल नहीं छोड़ना चाहती। इसलिए अब एल्विश के सोशल मीडिया अकाउंट (फेस बुक, इंस्टाग्राम, एक्स, यू ट्यूब) की जांच होगी। इससे जो साक्ष्य मिलेंगे उसको केस डायरी में नोट किया जाएगा। इसके बाद चार्ज शीट फाइल की जाएगी। वहीं वकीलों की हड़ताल के चलते आज की रात भी एल्विश को जेल में ही रहना पड़ा। उसे क्वारान्टाइन सेल से हटाकर हाई सिक्यूरिटी सेल में ट्रांसफर कर दिया गया है। जानकारो ने बताया कि जिन धाराओं में नोएडा पुलिस ने केस रजिस्टर्ड किया है उसमें जमानत मिलना आसान नहीं है। कयास लगाए जा रहे है कि वकील हायर कोर्ट जा सकते है।

■ आईटी सेल की टीम कर रही एल्विश के सोशल मीडिया अकाउंट की जांच
■ केस डायरी में नोट कर फाइल की जाएगी चार्ज शीट

**पाइंट में जानते है सोशल मीडिया पर कैसे पार्टी होती है आर्गनाइज**

दिल्ली एनसीआर में पार्टियां होना आम बात है। लेकिन रेव पार्टी के लिए लोग सोशल मीडिया का सहारा लेते है। ताकि पहचान को छिपाया जा सके और गोपनीयता बनी रहे। इसके लिए एक सोशल मीडिया प्लेट फार्म जैसे फेसबुक और इंस्टाग्राम पर एक ग्रुप बनाया जाता है। ग्रुप में 200 से 250 लोग जोड़े जाते है। इस ग्रुप को फेसबुक पर वायरल किया जाता है। एक टाइटल चुना जाता है। जैसे दिल्ली एनसीआर पार्टीस या कुछ और भी। देखने में ये ग्रुप आम दोस्तों जैसा ही होता है। इसके बाद पार्टी आर्गनाइज के बारे में ग्रुप में मैसेज किया जाता है। ये जानकारी अधूरी होती है। इसी अकाउंट के इनबॉक्स में दिए गए नंबर पर संपर्क करने के लिए कहा जाता है। जिसका डिस्क्रप्शन ग्रुप पर डाला जाता है। यहां संपर्क करने पर पार्टी में क्या होगा इसकी जानकारी और फीस बताई जाती है। डिमांड भी दी जाती है। सब फाइनल होने के बाद ही संबंधित को वाट्सऐप पर लोकेशन और समय दिया जाता है। जिसे बाद में डिलीट कर सभी साक्ष्य हटा दिए जाते है।

पुलिस के आलाअधिकारियों ने बताया कि इसी तरह के कई ग्रुप से एल्विश भी जुड़ा है। ये ग्रुप किस तरह से संचालित किए जा रहे थे या इनका हैंडलर कौन है इसकी जानकारी भी ली जा रही है।

**हाई सिक्योरिटी सेल में किया गया ट्रांसफर**

एल्विश यादव को क्वारंटाइन सेल से निकालकर उसे हाई सिक्यूरिटी सेल में ट्रांसफर कर दिया गया है। डीसीपी नोएडा विद्या सागर मिश्रा ने कहा कि हम पूरे वीडियो फुटेज की बारीकी से जांच कर रहे हैं। इसके अलावा वीडियो में नजर आ रहे सभी लोगों की भूमिका की जांच की जा रही है। जिन भी लोगों का नाम सामने आएगा उनसे पूछताछ की जाएगी। यूट्यूब पर कई वीडियो मौजूद हैं और हम सभी वीडियो की जांच-पड़ताल कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि यूट्यूब पर कई ऐसे वीडियो मौजूद हैं जिनकी जांच की जा रही है। जांच के बाद वीडियो से संबंधित लोगों से पूछताछ कर सबूत जुटाए जाएंगे।

## यूनियन मंच की कार्यशैली ईमानदारी देखकर संगठन से जुड़ रहे किसान

**नोएडा,** 19 मार्च (देशबन्धु)। भारतीय किसान यूनियन मंच विस्तार को मंगलवार को बैठक की गई। जिसमें भारतीय किसान परिषद को छोड़कर किसानों ने भारतीय किसान यूनियन मंच की सदस्यता ली। विस्तार के क्रम में बिल्लू प्रधान को वरिष्ठ उपाध्यक्ष व राजस्थान प्रभारी, मनमिंदर भाटी शोराज को उत्तर प्रदेश अध्यक्ष, बबली शर्मा को महिला उत्तर प्रदेश अध्यक्ष, मोहित राणा को जिला अध्यक्ष गौतम बुद्ध नगर, सत्येंद्र शर्मा को एनटीपीसी दादरी अध्यक्ष, अजब सिंह भाटी को एनटीपीसी महासचिव, हरीश खारी को प्रदेश सचिव, अमित खारी को प्रदेश उपाध्यक्ष, यशपाल सिसोदिया को एनटीपीसी मीडिया प्रभारी, अमित बैसोया को राष्ट्रीय सह सचिव, मोहित कुटियाल को सचिव यूथ विंग बनाया गया। यशपाल भाटी, रविंद्र भाटी, रणदीप, व राजू चौधरी ने भी भारतीय किसान यूनियन मंच सदस्य ली। भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर चौहान ने कहा कि यूनियन मंच की कार्यशैली और ईमानदारी को देखते हुए यह सभी किसान भारतीय किसान परिषद को छोड़कर भारतीय किसान यूनियन मंच में शामिल हुए हैं। भारतीय किसान यूनियन मंच क्षेत्र की समस्याओं और किसानों के हक की लड़ाई पूरी ईमानदारी के साथ लड़ता रहेगा। अपना हक लेकर रहेगा। इस मौके पर मास्टर महकार सिंह, सुभाष कसाना, सुखपाल भाटी, दीपक प्रधान, सोरेन भाटी, सुंदर रूपवास, अजय नागर, ऋषि पाल भाटी, दीपांशु भाटी एडवोकेट कोशिंदर गुर्जर, मनीष राणा, आकाश राणा, हिमांशु राणा, नितिन शर्मा, शेखर राणा, विशंभर, राजकुमार ऋतिक भाटी, पुष्पेंद्र, हिमांशु प्रधान समेत भारतीय किसान यूनियन मंच के संरक्षक मंडल में सुरेंद्र प्रधान, चरण सिंह प्रधान व सूरजभान प्रधान समेत समस्त कार्यकारिणी उपस्थित रहे।



## खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन की छापेमारी



■ खाद्य पदार्थो में नहीं होने पाए मिलावट : अरविन्द कुमार यादव

**गाजियाबाद,** 19 मार्च (देशबन्धु)। खाद्य सुरक्षा होली पर्व पर प्रयुक्त होने वाले खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चला रखा है। इसी के मद्देनजर मंगलवार को कई मिठाई की दुकानों व अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी एन.एन. झा के नेतृत्व में गठित खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने खाद्य कारोबारकर्ता सिंघल स्वीट्स, गोवन्दिपुरम, महागणेश किराना स्टोर, गोविन्दपुरम, आर्डिनेंस फैक्ट्री, मुरादनगर, मोदीनगर व मुरादनगर, परम्परा स्वीट्स, राजनगर, एक्सटेंशन, पूजा जनरल स्टोर, राकेश मार्ग, गाजियाबाद, वसुन्धरा व वैशाली, मेट्रो मॉल, सिंघल स्वीट्स, महेन्द्रा, अग्रवाल स्वीट्स, गोविन्दपुरम, से खाद्य पदार्थों-छेना स्वीट्स, बेसन, रंगीन कचरी, खोया, कलाकन्द, फ्लेवर्ड मिल्क, रसभरी, छेना टोस्ट, नमकीन, कलर्ड कचरी, मिल्क, पनीर-3, खोया-2, घी, बेसन, पापड, हल्दी पाउडर, कचरी, पनीर, आलू भुजिया, काजू बादाम नमकीन, छेना चमचम, खोया एवं नमकीन के नमूनें संकलित किए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों विजय कुमार, मीरा सिंह, जयपाल सिंह, निधि रानी, मोहित कुमार, सुरेन्द्र कुमार चौरसिया, प्रेमचन्द्र, राकेश कुमार यादव, अंशुल पाण्डेय आदि शामिल रहे।

## रोड रेस्टोरेशन पर ध्यान दें अधिकारी : नगर आयुक्त

### नगर आयुक्त ने बॉन्ड कमेटी से मांगी प्रोग्रेस रिपोर्ट

**गाजियाबाद,** 19 मार्च (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने ग्रीन म्युनिसिपल बोंड को लेकर कमेटी से रिपोर्ट मांगी जिसके लिए संबंधित टीम को बुलाकर चल रहे कार्यों पर चर्चा की, रोड रेस्टोरेशन के कार्य पर विशेष ध्यान देने के लिए टीम को कड़े निर्देश भी दिए गए आयोजित बैठक में अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, महाप्रबंधक जल के पी आनंद, लेखाधिकारी डॉ. गीता कुमारी, डॉ. संजीव मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, उद्यान प्रभारी डॉक्टर अनुज, तथा वबैग कंपनी की टीम उपस्थिति रही।

महाप्रबंधक जल के पी आनंद ने बताया कि नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार ग्रीन म्युनिसिपल बोंड के अंतर्गत तेजी से कार्य चल रहा है माइलस्टोन सिक्स के अंतर्गत लगभग 79.75 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है, 11 किलोमीटर की रोड रेस्टोरेशन के लिए 20 दिन में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। औद्योगिक इकाइयों को जलापूर्ति के लिए कार्रवाई तेजी से चल रही है साथ ही रोड़ों की रेस्टोरेशन के कार्य पर भी जोर दिया जा रहा है नगर आयुक्त महोदय द्वारा बैठक बुलाई गई जिसमें समस्त चल रही कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, वबैग टीम ने प्रेजेंटेशन देकर चल रहे कार्यों के बारे में बताया। गाजियाबाद नगर निगम साहिबाबाद औद्योगिक इकाइयों के लिए जलापूर्ति हेतु लगातार ग्रीन म्युनिसिपल बोंड के अंतर्गत कार्य कर रहा है, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक लगातार कार्यों की प्रगति भी जांच रहे हैं जनहित में सुविधाजनक कार्य रफ्तार से पूर्ण हो इस पर विशेष ध्यान देते हुए टीम कार्य कर रही है जो की सराहनीय है, नगर आयुक्त द्वारा संबंधित अधिकारी को मॉनिटरिंग करते हुए कार्य की रफ्तार बढ़ाने के लिए कहा गया।



■ कार्य की रफ्तार बढ़ाने को लेकर वबैग को दिए कड़े निर्देश

## नगर आयुक्त ने लिया निर्माण कार्यों का जायजा

**गाजियाबाद,** 19 मार्च (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कवि नगर जोन अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया गया, इसी क्रम में नगर आयुक्त ने एनएच-9 से डायमंड फ्लाईओवर तक की सड़क का जायजा भी लिया गया। जिसमें कार्यों की गुणवत्ता को देखकर नगर आयुक्त ने संतुष्टि जाहिर की साथ ही उक्त सड़क के एंट्री पॉइंट पर स्कल्पचर के माध्यम से ब्यूटीफिकेशन करने के निर्देश भी टीम को दिए मौके पर निर्माण विभाग से मुख्य अभियंता निर्माण एनके चौधरी, अधिशासी अभियंता फरीद ज़ैदी, अवर अभियंता राजेंद्र, तथा अन्य निर्माण की टीम उपस्थित रही मौके पर संबंधित ठेकेदार की टीम भी उपस्थित रही।

नगर आयुक्त गाजियाबाद में चल रहे सभी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का बारीकी से जायजा लिया जा रहा है कवि नगर जोन के रास्ते एनएच 9 से डायमंड फ्लाईओवर होते हुए शहर को जोड़ती सड़क जो की 900 मीटर लंबी है लगभग 488 लाख की लागत से बनाई जा रही है निरीक्षण के दौरान मार्ग को बनाने में इस्तेमाल की जा रही सामग्री का भी टेस्टिंग किया गया थिकनेस सही पाई गई नगर आयुक्त द्वारा साइड रोड पटरी पर भी जायजा लिया गया तथा रोड एजिंग मे मिली खामियों को लेकर टीम को कड़े निर्देश जारी किए तथा तत्काल गुणवत्ता ध्यान रखते हुए कार्य तेजी से करने के निर्देश दिए अधिकारियों द्वारा अविलंब कार्रवाई कराई गई तथा मौके पर रोड एजिंग का कार्य मजबूती से कराया गया।





मुख्य अभियंता निर्माण एन के चौधरी ने बताया कि नगर आयुक्त महोदय की निर्देश अनुसार शहर में निर्माण कार्यों की रफ्तार को गति दी गई है जिसमें डायमंड से गाजियाबाद एंट्री पर नगर आयुक्त द्वारा निरीक्षण किया गया उक्त कार्य लगभग अप्रैल माह की प्रथम सप्ताह में पूर्ण करने का प्रयास है उक्त सड़क को सुसज्जित तथा सुव्यवस्थित बनाने के लिए कार्य चल रहा है।

## जोनल प्रभारी जोनवार समस्याओं के निस्तारण पर करेंगे प्राथमिकता पर कार्रवाई : नगर आयुक्त

■ आदर्श आचार संहिता के दौरान संभव जनसुनवाई रहेगी स्थगित
■ प्रतिदिन समस्याओं के समाधान पर अलर्ट रहेंगे अधिकारी, नगर आयुक्त ने दिए निर्देश

**गाजियाबाद,** 19 मार्च (देशबन्धु)। नगर निगम मुख्यालय में मंगलवार को होने वाली संभव जनसुनवाई आदर्श आचार संहिता के दौरान स्थगित रहेगी जन समस्याओं के समाधान के लिए नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा सभी विभागीय अधिकारियों व टीम को अलर्ट रहने के लिए भी निर्देश दिए हैं, जनसुनवाई से अलग अन्य माध्यमों से प्राप्त समस्याओं पर अविलंब कार्रवाई के लिए विभागीय अधिकारियों को आदेशित किया गया है। अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव ने बताया कि सप्ताह में प्रत्येक मंगलवार को संभव जनसुनवाई हुआ करती थी जिसमें सभी भी अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित संदर्भों पर तत्काल कार्रवाई कराया करते हैं आदर्श आचार संहिता प्रारंभ हो चुकी है जिसकी वजह से संभव जनसुनवाई मंगलवार को स्थगित की गई है आदर्श आचार संहिता की बात शासन आदेश अनुसार संभव जनसुनवाई पुनः प्रारंभ कराई जाएगी, प्रतिदिन सभी निगम अधिकारी जन समस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण करेंगे जिसमें गाजियाबाद 311 एप, आइजीआरएस, कंट्रोल रूम, व अन्य माध्यमों से प्राप्त समस्याओं का तत्काल निस्तारण किया जाएगा।

नगर आयुक्त द्वारा समस्त पांचो जोन के जोनल प्रभारी को भी अपने-अपने क्षेत्र में जनसुनवाई कर समस्याओं के समाधान करने के लिए कहा गया है संभव जनसुनवाई स्थगित रहने के दौरान सभी जोनल प्रभारी जोंनवार समस्याओं का समाधान करेंगे तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों से समन्वय रखेंगे, गाजियाबाद नगर निगम नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण पर बेहतर कार्रवाई कर रहा है जो की सराहनीय है।

उवाच

काम वही करो जिसमें आपको खुशी मिलती हो, सफलता आपके कदम चूमेगी। परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताना, धार्मिक या आध्यात्मिक गतिविधि, पोषण, व्यायाम सहित आत्म-देखभाल और एक सहायक जीवनसाथी या साथी काम और जीवन को संतुलित करने में महत्वपूर्ण कारक है।

अनिल केशरी शाह, नेपाल निगम अध्यक्ष



# हेरिटेज सिटी की डीपीआर पर आज लगेगी शासन की मुहर, विकास के मॉडल पर होगा निर्णय

- पीपीपीबीईसी समिति की लखनऊ में होगी बैठक
- सीबीआरई साउथ एशिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा तैयार की गई है डीपीआर
- 700 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं की बिड इवेल्यूशन कमेटी से लेनी होती है मंजूरी
- वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर को जोड़ने के लिए बनाया जाएगा ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे

**ग्रेटर नोएडा**,19 मार्च (देशबन्धु)। हेरिटेज सिटी की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) पर आज यानी बुधवार को लखनऊ में होने वाली पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप बिड इवैल्यूशन कमेटी (पीपीपीबीईसी) की बैठक में मुहर लग जाएगी। साथ ही हेरिटेज सिटी किस मॉडल पर विकसित की जाएगी, इसका भी निर्णय हो जाएगा। बैठक अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में होगी। इसके बाद विकासकर्ता कंपनी का चयन करने की प्रक्रिया शुरू होगी। आचार संहिता की वजह से विकासकर्ता कंपनी की चयन की प्रक्रिया जून में शुरू हो पाएगी। बता दें कि 700 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं की मंजूरी शासन स्तर पर गठित कमेटी से लेनी होती है। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में हेरिटेज सिटी विकसित किए जाने की तैयारी चल रही है। वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर को यमुना एक्सप्रेस वे से जोड़ने के लिए जीरो प्वाइंट से 101 किमी पर बनाए जाने वाले ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे के किनारे 735 एकड़ में विकसित होने वाली हेरिटेज सिटी की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) सीबीआरई साउथ एशिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा तैयार की गई है। इसके अंतर्गत 12 गांव आ रहे हैं। यमुना एक्सप्रेस वे के जीरो प्वाइंट से 101 व 102 किमी के बीच से वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर तक 6.9 किमी लंबे ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे का निर्माण किया जाना है, जो प्रथम चरण में चार लेन का होगा।

परामर्शदाता कंपनी सीबीआरई सीबीआरई साउथ एशिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा तैयार की डीपीआर प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में पहले ही पास हो चुकी है। बुधवार को लखनऊ में होने वाली सार्वजनिक निजी भागीदारी बोली मूल्यांकन समिति की बैठक में भी पास होने की उम्मीद है। इस हेरिटेज सिटी के लिए 12 गांवों की 735 एकड़ जमीन अधिग्रहित की जाएगी। हेरिटेज सिटी को विकसित करने की लागत करीब 1220 करोड़ रुपए आएगी।

### हेरिटेज सिटी में ये होगा खास

कथावाचनालय, हाट बाजार, लाइट साउंड शो, हस्तशिल्प बाजार, आश्रम, घाट, वन, लेक एंड वाटरबॉडी, मथुरा कला ताथा संस्कृति, योगा केंद्र एंड प्राकृतिक चिकित्सालय, पार्क, ध्यानकेंद्र, धर्मशाला, चिकित्सालय आदि होंगे।

### कितना होगा किसका क्षेत्र

- थीम बेस्ड हेरिटेज सेंटर - 350 एकड़
- योगा, वेलनेस सेंटर व नेचुरोपैथी - 103 एकड़
- ग्रीन पार्क - 97 एकड़
- टूरिस्ट ट्रेवल फैसिलिटी - 46 एकड़
- कन्वेंशन सेंटर - 42 एकड़
- आयुर्वेदा - 35 एकड़
- स्टार होटल - 26 एकड़
- बजट होटल - 19.60 एकड़
- ओल्ड एज होम्स - 10 एकड़
- सर्विस अपार्टमेंट - 6 एकड़
- टूरिस्ट फैसिलिटी - 8.40 एकड़

# सफलता पाने के लिए जिस काम को करें, खुशी से करें : अनिल केशरी

**ग्रेटर नोएडा**,19 मार्च (देशबन्धु)। शारदा विश्वविद्यालय में सर्वोत्तम व्यक्तिगत और पेशेवर बनाना के विषय पर सेमिनार आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नेपाल निगम के अध्यक्ष अनिल केशरी शाह, डीन डॉ. कपिल पांडला, प्रोफेसर डॉ. हरिशंकर श्याम और डॉ. अशोक दरियानी ने दीप जलाकर सेमिनार का शुभारंभ किया। इस दौरान नेपाल निगम के अध्यक्ष अनिल केशरी शाह ने कहा कि काम वही करो जिसमें आपको खुशी मिलती हो, सफलता आपके कदम चूमेगी। परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताना, धार्मिक या आध्यात्मिक गतिविधि, पोषण, व्यायाम सहित आत्म-देखभाल और एक सहायक जीवनसाथी या साथी काम और जीवन को संतुलित करने में महत्वपूर्ण कारक है। यदि आप अपने व्यक्तिगत और कार्य जीवन में संतुलन हासिल करना चाहते हैं, तो आपको इसे अपनी ऊर्जा से साबित करना होगा। इस समस्या का एक अजीब समाधान हो सकता है। संक्षेप में, काम के बारे में कम चिंता करने की कोशिश करें। व्यवसायिकता में विश्वसनीय होना, अपने स्वयं के उच्च मानक स्थापित करना और यह दिखाना शामिल है कि आप अपनी नौकरी के हर पहलू की परवाह करते हैं। यह मेहनती और संगठित होने और अपने विचारों, शब्दों और कार्यों के लिए खुद को जिम्मेदार ठहराने के बारे में है। विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बिजनेस स्टडीज के डीन कपिल पांडला ने कहा कि सफलता संयोग से नहीं मिलती, यह पसंद से होता है। अभिभूत होने के चल रहे खतरे से निपटने का सबसे प्रभावी तरीका बाहरी सफलता के सूत्रों को अलग रखना और व्यक्तिगत गुणों का निर्माण करना शुरू करना है जो आपको अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ने में मदद करते हैं, चाहे चीजें कितनी भी भ्रमित और अराजक क्यों न हों। यहां सबसे शक्तिशाली गुण हैं जिन्हें आपको अपने जीवन और कार्य में सफलता प्राप्त करने और बनाए रखने के लिए विकसित करना चाहिए। जब सफलता प्राप्त करने की बात आती है, तो साहस शायद सभी गुणों में सबसे महत्वपूर्ण गुण है।

- शारदा विवि में सर्वोत्तम व्यक्तिगत और पेशेवर बनाना के विषय पर सेमिनार




## सार संक्षेप

### प्रेमी के साथ मिलकर अपाहिज सास व ननद से मारपीट का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**जेवर।** क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी पर अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपाहिज मां व दो बहनो के साथ मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज का मामले की जांच शुरु कर दी है। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि उसकी पत्नी ने रविवार को अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपनी अपाहिज सास व दो ननदों के साथ बुरी तरह मारपीट की और दांतों से काटकर घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

### मामूली कहासुनी में मारपीट का आरोप



**रबूपुरा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव रुस्तमपुर निवासी किसान ने गांव के ही कुछ लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया है। ग्रामीण पवन ने पुलिस से शिकायत की है कि उसकी संतवीर के साथ मामूली कहासुनी हो गई थी। उस समय लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत करा दिया। लेकिन इसके बावजूद संतवीर व उसके पुत्र मनीष और हेमसिंह ने लाठी डंडों से उस समय हमला कर दिया। बचाने आए भाई मन्नू के साथ भी आरोपितो ने मारपीट की। शिकायत पर पुलिस ने आरोपितो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है।

# चुनाव कंट्रोल रुम व एमसीएमसी कार्यालय का जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया निरीक्षण



**ग्रेटर नोएडा**,19 मार्च (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने को लेकर मंगलवार को जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने लोकसभा चुनाव को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में बनाए जा रहे कंट्रोल रूम एवं मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एम.सी.एम.सी.) कार्यालय का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कंट्रोल रूम एवं एम.सी.एम.सी. कार्यालय के नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि कंट्रोल रूम एवं एम.सी.एम.सी. कार्यालय में सभी व्यवस्थाएं निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुरूप समय रहते पूर्ण करा ली जाए। साथ ही निर्देश दिए कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन हेतु बनाए गए कंट्रोल रूम एवं एम.सी.एम.सी. कार्यालय में जिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है वह सभी समय से कार्यालय में उपस्थित होकर अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करें। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ उप जिला निर्वाचन अधिकारीध्अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, डिप्टी कलेक्टर चारुल यादव, उप जिलाधिकारी दादरी न्यायिक अनुज नेहरा, जिला खान अधिकारी रंजीत निर्मल तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मतदाता प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्यशाला का किया आयोजन

**ग्रेटर नोएडा**,19 मार्च (देशबन्धु)। मतदाताओं को जागरुक करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बैठक की। स्वीप कार्यक्रम को वृहद स्तर पर संचालित करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी स्वीप जनार्दन सिंह, अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार, अपर जिला अधिकारी न्यायिक भैरपाल सिंह, उप जिला अधिकारी दादरी न्यायिक अनुज नेहरा, डिप्टी कलेक्टर चारूल यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेन्द्र बहादुर सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. धर्मवीर सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी पवन मंगल, उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार एवं सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि स्वीप कार्यक्रम के द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने में सभी सम्बन्धित अधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान है। जनपद के सभी विश्व विद्यालयों, स्कूल, कॉलेजों, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों, आर डब्ल्यू ए, सोसाइटियों, इंडस्ट्रीज आदि में वृहद स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किये जाये। स्वीप कार्यक्रम के तहत पैरेंट्स मीटिंग, शपथ कार्यक्रम, हस्ताक्षर अभियान, नुक्कड़ नाटक, जागरूकता से सम्बन्धित थीम का सैल्फी प्वाइन्ट आदि कार्यक्रम आयोजित करते हुए मतदाताओं को जागरूक किया जाये।

शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करते हुए प्रचार प्रसार सुनिश्चित किया जाए। इस महत्वपूर्ण कार्य में सभी आरडब्लूए एवं अन्य स्वेच्छिक संस्थाओं को जोड़कर मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उन्होंने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये के लिए अधिक से अधिक सोशल एक्टिविटी को बढ़ाने पर जोर दिया।



- शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी मतदाताओं को मतदान के लिए करें जागरूक

# दर्जनों लोगों ने थामा भाजपा का दामन

**ग्रेटर नोएडा**,19 मार्च (देशबन्धु)। कैलाश सभागार में समाजवादी पार्टी के जिला सचिव विजय नागर ने पुन: भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की उनके साथ दर्जनों समर्थकों ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा। पार्टी ज्वाइन करने वालों में सुशील प्रधान, अशोक यादव, फिरोज भाटी, यशपाल प्रधान थे। इस अवसर पर विजय नागर ने कहा कि पूरी निष्ठा के साथ आगामी चुनाव में मोदी के लक्ष्य को पूरा करने में तन मन धन से सहयोग करूंगा। इस अवसर पर उनके साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता राजे कसाना एवं रवि जिंदल मौजूद रहे।



# अधिवक्ताओं के हड़ताल की वजह से एल्विस यादव के जमानत अर्जी पर नहीं हो सकी सुनवाई

**ग्रेटर नोएडा**,19 मार्च (देशबन्धु)। सांप के विष की तस्करी में आरोपी यूट्यूबर एल्विश यादव की जमानत अर्जी पर मंगलवार को सुनवाई नहीं हो सकी है। कोर्ट ने तारीख बुधवार को लगा दी है। अधिवक्ता जगतपाल भाटी उर्फडब्बू के बेटे के साथ हुई मारपीट में पुलिस ने उचित कार्रवाई नहीं की और हमीरपुर में हुई हड़ताल के वह समर्थन में मंगलवार को अधिवक्ता हड़ताल पर रहे। एल्विश को सलाखों के पीछे 60 घंटे से अधिक का समय बीत चुका है। समर्थकों के साथ-साथ खुद एल्विश की भी कोशिश है कि वह जल्द से जल्द जेल से बाहर आ जाए। रविवार को जेल जाने के बाद माना जा रहा था कि अधिवक्ता की ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर मंगलवार को सुनवाई होगी, लेकिन अधिवक्ताओं की हड़ताल के चलते ऐसा नहीं हुआ। हालांकि हड़ताल के पीछे यह कारण भी बताया जा रहा है कि हमीरपुर में हुई हड़ताल के समर्थन में हड़ताल की गई। एल्विश पक्ष के अधिवक्ता दीपक भाटी व प्रशांत राठी ने बताया कि जिन पांच सहअभियुक्तों को पुलिस ने पूर्व में गिरफ्तार किया था उन सभी को जमानत मिल चुकी है। इस आधार पर हम मजबूती से एल्विश का पक्ष कोर्ट में रखेंगे।

# विघटनकारी प्रौद्योगिकियों पर आयोजित सम्मेलन का समापन

**ग्रेटर नोएडा**,19 मार्च (देशबन्धु)। जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के सीएसई विभाग द्वारा विघटनकारी प्रौद्योगिकियों पर आयोजित दूसरे अंतरराष्ट्रीय आईईईई सम्मेलन का समापन हुआ। समापन समारोह में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय लखनऊ के कुलपति प्रोफेसर जेपी पांडे मुख्य अतिथि और एनएसयूटी वेस्ट कैंपस नई दिल्ली की कैंपस निदेशक प्रोफेसर प्रेरणा गौड़ विशिष्ट अतिथि रही। एनआईटी दिल्ली के डीन रिसर्च एंड कंसल्टेंसी प्रोफेसर अनुराग सिंह, आईजीडीटीयूडब्ल्यू नई दिल्ली के डीन शैक्षणिक मामले प्रोफेसर अरुण शर्मा, एमएमएमयूटी गोरखपुर के प्रोफेसर प्रभाकर तिवारी और एथेंस विश्वविद्यालय ग्रीस के प्रोफेसर एलेक्सियोस कर्रास ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने बहुमूल्य विचार प्रतिभागियों के साथ साझा किये। सम्मेलन के अंतिम दिन एआई, ब्लॉकचेन, आईओटी, 3डी प्रिंटिंग और एमएल जैसे विषयों सहित विघटनकारी प्रौद्योगिकियों में ज्ञान के आदान-प्रदान और उपलब्धियों के लिए एक वैश्विक मंच प्रदान किया गया। इस दो दिवसीय कार्यशाला में दुनिया भर से शैक्षिक विद्वानों ने 1,113 शोध पत्र पंजीकृत किये थे, जिसमें से चयन समिति ने कुल 300 शोध पेपर का चयन किया। कुल 26 प्रतिशत पेपर स्वीकृत किये गए। अंत में कॉलेज के निदेशक डॉ. मानस कुमार मिश्रा ने मुख्य अथिति और सभी विशिष्ट अथितियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और सभी प्रतिभागियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।




# छात्रा ने हास्टल में लगाई फांसी, पुलिस कर रही है मामले की जांच

**ग्रेटर नोएडा**,19 मार्च (देशबन्धु)। नॉलेज पार्क कोतवाली क्षेत्र में एक छात्रा ने हास्टल के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसने लिखे सुसाइड नोट में आत्महत्या के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया है। मौके से मिले सुसाइड नोट में उसने लिखा कि वह पढ़ाई नहीं कर पा रही थी। मूलरूप से आगरा के जमशेदपुर पिनाहट निवासी विकास गुर्जर शाहबेरी गांव में दोस्तों के साथ रहकर बीसीए की पढ़ाई कर रहा था। सोमवार को उसके साथी कॉलेज चले गए। वापस लौटे तो वह फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। नॉलेज पार्क स्थित एक कॉलेज से काम्या सिंह बीटेक की पढ़ाई कर रही थी। वह हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही थी। हॉस्टल में छात्रा ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नॉलेज पार्क कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मौके से एक सुसाइड नोट मिला है। सुसाइड नोट में छात्रा ने लिखा कि वह अपनी पढ़ाई ठीक से नहीं कर पा रही है। वह अपने परिजनों का पैसा बर्बाद नहीं करना चाहती है। जिसकी वजह से वह आत्महत्या करने का कदम उठाने जा रही है।

# क्यूरियस माइंड प्री स्कूल ने मनाया गया वार्षिकोत्सव

**ग्रेटर नोएडा**,19 मार्च (देशबन्धु)। पैरामाउंट गोल्फ फॉरेस्टे स्थित क्यूरियस माइंड प्री स्कूल ने अपना छठां वार्षिक समारोह मनाया। इस मौके पर भारत के सबसे युवा वैज्ञानिक गोपाल जी मुख्य अतिथि थे। वार्षिक समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन समारोह के साथ हुई जिसमें बागेश्वरी संगीत विद्यालय के छात्रों ने कथक और सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। क्यूरियस माइंड प्री स्कूल की संस्थापक दीपा रानी ने मुख्य अतिथियों समेत दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, मॉडर्न स्कूल, जीडी गोयनका स्कूल से आए प्रिंसिपलों का स्वागत किया। दीपारानी ने उन्हें स्मृति चिन्ह और उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर छोटे-छोटे बच्चों ने तरह-तरह के कार्यक्रम दिखाकर दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि ने सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट वितरित किए। उन्होंने सभी युवा पीढ़ी को सलाह दी कि न केवल शिक्षा महत्वपूर्ण है, बल्कि पाठ्यक्रम गतिविधियां भी महत्वपूर्ण हैं।



# एनएसएस शिविर में मेरा पहला वोट व बेटियों को किया गया जागरूक

**ग्रेटर नोएडा**,19 मार्च (देशबन्धु)। दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में लोकसभा चुनाव होने जा रहा है, जिसको लेकर गलगोटिया विवि के एनएसएस के विद्यार्थियों ने जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया। भारत सरकार की विशेष थीम 'मेरा पहला वोट' इस बात का विशेष ध्यान रखते हुए ग्रामीणों के साथ विद्यार्थियों ने एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन करके अनुग्रह किया कि हम सभी ने मिलकर यह सोचना है और करना है कि मेरा वोट सबसे पहले पडे। डायरेक्टर ऑपरेशन आराधना गलगोटिया ने कहा कि आज हमें प्रधानमंत्री के प्रसिद्ध स्लोगन का 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' का पूरा ध्यान रखना होगा और उनकी बात का हृदय से सम्मान करना होगा। प्रधानमंत्री मंत्री के इस स्लोगन ने पूरी दुनिया में अपनी एक अलग से ही छाप छोड़ी है और आज पूरे देश में बेटियों का मान बढाया है। भाईपुर- ब्राह्मण गांव में सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर का सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समापन विश्वविद्यालय के एन एस एस की समन्वयक प्रांजलि मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित हुआ। विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डा. के. मल्लिकार्जुन बाबू ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि परिश्रम करने से ही व्यक्ति को सफलता प्राप्त होती है। विवि के चॉसलर सुनील गलगोटिया ने कहा कि देश का युवा अपना प्रत्येक कार्य पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करें। जिससे कि वो कल के एक श्रेष्ठ भारत का निर्माण कर सके। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा. ध्रुव गलगोटिया ने कहा कि शिविर लगाने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को महात्मा गांधी जी के विचारधारा से जोड़ना है। ताकि वो गांधी जी के सपनों के भारत का निर्माण कर सकें।



# युवती के अपहरण की शिकायत

**ग्रेटर नोएडा**,19 मार्च (देशबन्धु)। बीटा-दो कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मित्रा सोसायटी में रहने वाली 20 वर्षीय युवती दीक्षा के अपहरण का आरोप उसके स्वजन ने लगाया है। घरवालों का आरोप है कि आरोपी ने मतांतरण कराने के उद्देश्य से दीक्षा को जाल में फंसाया और उसको बहला फुसला कर अपने साथ ले गया है। मामले में आरोपी की मदद दीक्षा की ही दोस्त ममता ने की है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामले में आरोपी अमीन व ममता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। दर्ज कराई गई रिपोर्ट में विनीत कुमार ने कहा है कि उनकी बेटी दीक्षा को अमीन अपने साथ बहला फुसला कर ले गया है। इसमें ममता ने उसकी मदद की है। आरोपी घर से सोने व नकदी के आभूषण भी चुरा कर ले गया है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपित दूसरे समुदाय का है, इस वजह से उनको बेटी की चिंता सता रही है। बीटा दो कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपी का मोबाइल स्विच आफ है। युवती की तलाश की जा रही है। जल्द ही युवती को बरामद किया जाएगा।


पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida



आज़ादी का अमृत महोत्सव
उत्तर रेलवे
निविदा आमंत्रण सूचना

कार्य का नाम और इसकी स्थिति : 30-Elect-69-T-2023-24-E3
तीन वर्षों के लिए रेल भवन में एड्रेसेबल फायर अलार्म सिस्टम की मरम्मत, संचालन और सीएएमसी के संबंध में विद्युत कार्य
निविदा की अनुमानित लागत : रु. 59.88 लाख
कार्यालय का पता : वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता / जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली
बयाना राशि : रु. 1,19,800.00
निविदा निवेदन की दिनांक व समय : 12.04.2024, 12.00 बजे
निविदा खोलने की दिनांक व समय : 12.04.2024, 12.00 बजे
वेबसाइट व नोटिस बोर्ड : www.ireps.gov.in /वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, नई दिल्ली
870/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम औरंगपुर में उप जिलाधिकारी सदर, गौतमबुद्धनगर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 157/एस0टी0-एस0डी0एम0/2024 दिनांक 24.02.2024 मृतक श्री परमाल पुत्र स्व0 श्री भरता निवासी ग्राम औरंगपुर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 02.07.2016 को हो चुकी है के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| औरंगपुर | 710अ | श्री परमाल पुत्र स्व0 श्री भरता, निवासी ग्राम औरंगपुर, परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती बती | पत्नी | 71 वर्ष | विधवा |
| | | | श्री इन्दर | पुत्र | 57 वर्ष | |
| | | | श्री जगवीर | पुत्र | 53 वर्ष | |
| | | | श्री कर्मवीर | पुत्र | 38 वर्ष | |
| | | | श्री योगेश नागर | पुत्र | 36 वर्ष | |
| | | | श्रीमती गीता | पुत्री | 42 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।
तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, बुधवार 20 मार्च 2024

संस्थापक-सम्पादक : स्व. मायाराम सुरजन

## लद्दाख को बचाने की कोशिश

लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा और संविधान की छठी अनुसूची लागू करने की मांग को लेकर देश के जाने-माने पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक पिछले दो हफ्तों से अनशन पर बैठे हैं। 21 दिन के उनके अनशन में 14 दिन पूरे हो चुके हैं, लेकिन अब तक केंद्र सरकार ने ऐसी कोई पहल नहीं दिखाई दे रही है कि वह इस अनशन को तुड़वाने का प्रयास करे। छह मार्च को शून्य से नीचे के तापमान में सोनम वांगचुक ने लेह के नवांग दोरजे मेमोरियल पार्क खुले मैदान में अनशन की शुरुआत की और इस समय क़रीब दो हज़ार लोग उनके समर्थन में प्रदर्शन कर रहे हैं। श्री वांगचुक रोजाना अपनी बात सोशल मीडिया के जरिए रख भी रहे हैं। लेकिन ऐसा लग रहा है कि लद्दाख से दिल्ली की दूरी इतनी बढ़ चुकी है कि वहां की आवाज केंद्र सरकार तक पहुंच ही नहीं रही। अपने हक के लिए उठती आवाज़ों को अनसुना करना इस सरकार की पुरानी आदत है। गंगा बचाने के लिए अनशन करने वाले प्रो. जी डी अग्रवाल की आवाज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नहीं सुनी, उन्हें किसानों की आवाज भी सुनाई नहीं दी और अब अनसुनी करने का सिलसिला लद्दाख में भी देखा जा रहा है।

सोनम वांगचुक के साथ-साथ अपेक्स बॉडी लेह (एबीएल) और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायन्स (केडीए) जैसे संगठन भी चार मांगों को लेकर अपना आंदोलन चला रहे हैं। इनमें संविधान की छठी अनुसूची के अलावा पूर्ण राज्य की मांग, लद्दाख में एक और संसदीय सीट को बढ़ाना और पब्लिक सर्विस कमीशन को लद्दाख में क़ायम करना शामिल है। इससे पहले तीन फरवरी को लेह में छठी अनुसूची को लागू करने की मांग को लेकर कड़ाके की ठण्ड में एक बड़ा प्रदर्शन हुआ था, जिसमें हज़ारों लोगों ने भाग लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ अपनी नाराज़गी ज़ाहिर की थी और बंद का आह्वान किया था। जिसके बाद भाजपा सरकार ने एक उच्च स्तरीय समिति बातचीत के लिए गठित की। 19 से लेकर 23 फ़रवरी तक चर्चा का दौर चला, फिर चार मार्च को एक बार फिर बातचीत हुई, लेकिन कोई सहमति नहीं बन पाई और अब 6 मार्च से लद्दाख की पूरी उपेक्षा केंद्र सरकार कर रही है।

लद्दाख में जो मांगें उठाई जा रही हैं, उन्हें सुना जाना और उनका निराकरण करना बेहद जरूरी है, क्योंकि सवाल लोगों के जीवन और आजीविका का है। केंद्र शासित प्रदेश बनने से पहले लद्दाख के लोग जम्मू-कश्मीर पब्लिक सर्विस कमीशन में गैज़ेटेड पदों के लिए आवेदन कर सकते थे, लेकिन अब ये सिलसिला बंद हो गया है, जिसको लेकर लद्दाख के युवाओं में गुस्सा है। इसी तरह छठी अनुसूची में शामिल करना इसलिए, जरूरी है ताकि लद्दाख की जनजातीय संस्कृति और पर्यावरण को बचाया जा सके। इन सबके अलावा एक अहम पहलू यह भी है कि लद्दाख सीमांत राज्य है और सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील है। राहुल गांधी ने जब इस राज्य की यात्रा की थी, तो स्थानीय लोगों ने बताया था कि किस तरह चीन यहां घुसपैठ कर रहा है। लेकिन केंद्र सरकार न चीन के जमीन हड़पने के सच को स्वीकार कर रही है, न यहां के लोगों की बात सुन रही है।

साल 2019 के अपने चुनावी घोषणापत्र में और बीते वर्ष लद्दाख हिल काउंसिल चुनाव में भी भाजपा ने लद्दाख को राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची में शामिल करने का वादा किया था। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को खत्म करने का श्रेय लेने वाली और रामलला को उनका घर दिलाने का दंभ भरने वाली भाजपा लद्दाख के मसले पर मौन है कि यहां के लोगों से जो वादे उसने किए थे, उन्हें पूरा क्यों नहीं कर रही है। पूर्ण राज्य का दर्जा या छठी अनुसूची में शामिल करने के फैसले कठिन नहीं हैं, लेकिन भाजपा शायद किसी दबाव में इन मांगों को पूरा नहीं कर रही है।

गौरतलब है कि संविधान के अनुच्छेद 244 की छठी अनुसूची जनजातीय क्षेत्र के लोगों और संस्कृतियों को सुरक्षा प्रदान करता है। इन स्थानों को दूसरों के हस्तक्षेप के बिना कैसे विकसित किया जाना चाहिए, इसे तय करने का हक भी स्थानीय लोगों को मिलता है। छठी अनुसूची के कारण ही असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिज़ोरम में जनजातीय क्षेत्रों का प्रशासन है और लद्दाख के लोग भी अपने लिए यही मांग कर रहे हैं ताकि लद्दाख की पर्यावरण और संस्कृति की विरासत को बचा कर रख सकें।

सोनम वांगचुक ने कहा है कि, 'छठी अनुसूची के बगैर तो यहां होटेल्स का जाल बिछ जाएगा। लाखों लोग यहां आएंगे और जिस तहज़ीब को हम सालों से बचाते आ रहे हैं उसके खोने का खतरा पैदा हो जाएगा।' श्री वांगचुक की यह चिंता वाजिब है क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में विकास के नाम पर पर्यावरण को तहस-नहस करने के अनेक काम हुए हैं। उत्तराखंड में चारधाम परियोजना के तहत बन रही सड़कों और सुरंगों से वहां जोशीमठ और सिलक्यारा सुरंग जैसे हादसे सामने आ चुके हैं। छत्तीसगढ़ में हसदेव के जंगलों को काटा जा रहा है, मुंबई में आरे जंगल में हजारों पेड़ काट दिए गए। अंडमान-निकोबार में विकास के नाम पर ऐसी ही विनाशलीला की जा चुकी है और अगर उद्योगपतियों के इस लालच को रोका नहीं गया तो कुछ ही बरसों में लद्दाख भी धूल और धुएं से लिपटा नजर आ सकता है।

सत्ता और पूंजी का एक भयानक खेल देश में चल रहा है। जिसका खुलासा चुनावी बॉंड में भी हुआ है। इसमें कई सुनी-अनसुनी कंपनियों ने हजारों करोड़ों के चंदे राजनैतिक दलों को बॉन्ड खरीद कर दिए हैं। लेकिन इसमें ध्यान देने वाली बात यह है कि बॉन्ड खरीदने वाली कई कंपनियां खनन, सड़क या अन्य सार्वजनिक से जुड़ी हुई हैं। राजनैतिक दलों को चंदा देने के बदले इन्हें करोड़ों की परियोजनाओं का ठेका मिला और साथ ही जल, जंगल, जमीन के अंधाधुंध दोहन की छूट भी। राजनैतिक दलों से लेकर कारोबारियों को मुनाफा कमाने का मौका मिला, लेकिन सदियों से प्रकृति की रक्षा करने वाले जनजातीय तबके को शोषण का चाबुक खाना पड़ा। सोनम वांगचुक और लद्दाख के तमाम लोग इस चाबुक को ही रोकना चाह रहे हैं।

# ध्रुवीकरण बनाम न्याय की लड़ाई में कांग्रेस-इंडिया को बढ़त

एक तरफ तो भारत अपनी सबसे बड़ी पंचायत के लिये डेढ़-दो महीने में फैसला लेने जा रहा है, तो वहीं दूसरी तरफ थोड़ी बहुत आंतरिक हलचलों के साथ देश की राजनैतिक पार्टियां अब साफ तौर पर दो ध्रुवों में बंट चुकी है। सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में तीन दर्जन से अधिक दल नेशनल डेमोक्रेटिक एलाएंस (एनडीए) के हिस्से बनकर चुनाव लड़ेंगे तो उसके खिलाफ इंडिया गठबन्धन भी चुनावी मोर्चे पर डट गया है। उसके सहयोगियों की संख्या एनडीए के मुकाबले कम ज़रूर है लेकिन संसदीय ताकत व मत प्रतिशत की दृष्टि से देखें तो वह कहीं अधिक मजबूत मालूम दिखलाई देता है। आंकड़ों के विश्लेषक साफ समझ गये हैं कि एनडीए के पास अगर देश का 40 प्रतिशत है तो वहीं इंडिया तकरीबन 60 फीसदी वोटों का मालिक है। इस समूह में उत्तर से दक्षिण तक और पूरब से पश्चिम तक के ज्यादातर राज्यों के कद्दावर नेता हैं। इनमें कुछ मुख्यमंत्री हैं तो कुछ पूर्व सीएम। जो सत्ता में नहीं हैं, वे अपने राज्यों में या तो प्रमुख विपक्षी दल हैं या फिर कद्दावर नेता। दूसरी ओर एनडीए एक ही दल यानी भाजपा तथा एकमेव चेहरे के ईर्द-गिर्द सिमटा है- वह हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। इस दल एवं मोदी के अलावा किसी और साथी संगठन या उनके नेताओं का वजूद तक नज़र नहीं आता- एकाध को छोड़कर। इंडिया में स्पष्टता है- जहां इकट्ठे लड़ रहे हैं वहां; जहां नहीं लड़ रहे हैं वहां भी।

कागजों में ताकत तो इंडिया की बड़ी दिखती है और रविवार को मुंबई के शिवाजी पार्क में हुई विशाल रैली भी यही बताती है जो कि राहुल गांधी की 6300 किलोमीटर की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के समापन अवसर पर आयोजित की गयी थी। इसमें इंडिया के ज्यादातर सहयोगी दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। अभूतपूर्व जन उपस्थिति तो थी ही। तुलना करने के लिये ही सही, यह याद नहीं पड़ता कि इंडिया की बेंगलुरु बैठक के जवाब में आनन-फानन में दिल्ली में आयोजित की गयी बैठक के बाद एनडीए के सदस्य दोबारा कब मिले हैं। उनका न्यूनतम साझा कार्यक्रम, सीटों का बंटवारा आदि के बारे में भी किसी बैठक के होने के समाचार नहीं मिलते। वहां भाजपा सर्वेसर्वा है और वह जो तय करेगी वहीं अन्य दलों को भी मानना है। एक बिहार के मुख्यमंत्री व जनता दल यूनाइटेड के सीएम नीतीश कुमार के अलावा जो भी नेता एनडीए में हैं वे पराजित व विभाजित दलों के ही हैं। उदाहरणार्थ, महाराष्ट्र के शिवसेना शिंदे गुट या राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अजित पवार गुट के लोग। एक तीसरा वर्ग भी है, जिसमें बेशक कद्दावर नेता हैं व जिनका झुकाव एनडीए की ओर हो सकता है लेकिन वे जुड़ने में संकोच कर रहे हैं जो परिस्थितियों को बयां करने के लिये काफी है।

तो फिर मोदी आखिर किस बिना पर भाजपा के 370 एवं एनडीए के सम्मिलित रूप से 400 पार का नारा दे रहे हैं? क्या यह कोई दिवा स्वप्न है या केवल अपने समर्थकों-कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिये ऐसा कह रहे हैं? विशेषकर यह जान लेने के बाद कि उनका सबसे बड़ा राममंदिर का मसला चल नहीं पाया और चुनाव के ठीक पहले जिस प्रकार से नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लाया गया है और वह भी कोई रंग जमाता हुआ नहीं दिख पड़ रहा है, तो क्या यह माना जाये कि मोदी व भाजपा का तरकश तीरों से खाली हो चला है? सम्भवत: ऐसा नहीं है। जिस प्रकार से शिवाजी पार्क की रैली में राहुल द्वारा एक अदृश्य शक्ति की बात को मोदी ने लपक कर उस पर धार्मिक मुलम्मा चढ़ाने की नाकाम व हास्यास्पद कोशिश की, उससे साफ है कि अब भी मोदी के पास ध्रुवीकरण के अलावा कोई बड़ा मुद्दा नहीं है। अगर ऐसा है तो क्या चुनाव के ठीक पहले देश कोई ऐसा बड़ा घटनाक्रम देखेगा जिसमें भाजपा के खिसकते वोट बैंक को रोकने की ताकत होगी? या फिर पुलवामा की तरह की कोई घटना होने का इंतज़ार कर रही है?

ऐसे बहुत से कयास लगाये जा सकते हैं परन्तु जब तक वे प्रत्यक्ष रूप से सामने नहीं आ जाते तब तक उस पर कुछ कहना गैरवाजिब है लेकिन जो बातें सामने आ चुकी हैं वे बतलाती हैं कि भाजपा के पास कुछ बड़ी शक्तियां अब भी हैं जिनका इस्तेमाल चुनाव में होगा। पहली बात तो यह है कि इस बात का पर्दाफाश हो जाने के बाद भी कि भाजपा केन्द्रीय जांच एजेंसियों (प्रवर्तन निदेशालय- ईडी, आयकर व केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो- सीबीआई) का इस्तेमाल न केवल विरोधी दलों के नेताओं को डराने, अपने पक्ष में लाने तथा निर्वाचित राज्य सरकारों को गिराने में करती है, वह अब भी उसके बेजा इस्तेमाल से बाज नहीं आ रही है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी कई नोटिसें भेज चुका है और उनकी कभी भी गिरफ्तारी हो सकती है। छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल पर भी ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले महादेव एप के सिलसिले में गिरफ्तारी की तलवार लटकी हुई है। ऐसी ही कार्रवाइयों के डर से हाल ही में कई कांग्रेसी व अन्य दलों के नेता भाजपा में प्रवेश कर चुके हैं।



डॉ. दीपक पाचपोर

> बहुत से कयास लगाये जा सकते हैं परन्तु जब तक वे प्रत्यक्ष रूप से सामने नहीं आ जाते तब तक उस पर कुछ कहना गैरवाजिब है लेकिन जो बातें सामने आ चुकी हैं वे बतलाती हैं कि भाजपा के पास कुछ बड़ी शक्तियां अब भी हैं जिनका इस्तेमाल चुनाव में होगा। पहली बात तो यह है कि इस बात का पर्दाफाश हो जाने के बाद भी कि भाजपा केन्द्रीय जांच एजेंसियों (प्रवर्तन निदेशालय- ईडी, आयकर व केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो- सीबीआई) का इस्तेमाल न केवल विरोधी दलों के नेताओं को डराने, अपने पक्ष में लाने तथा निर्वाचित राज्य सरकारों को गिराने में करती है।

अब देश के समक्ष यह भी साफ हो गया है कि वित्तीय संसाधनों के नज़रिये से देखें तो भाजपा सबसे ताकतवर दल है। 2019 में लाये गये विवादास्पद इलेक्टोरल बॉंड्स के जरिये उसने खूब पैसे बनाये हैं। इसका लगभग पूरा हिस्सा अकेले भाजपा ने पाया है और बहुत थोड़ा सा अन्य पार्टियों के खातों में गया है। यह मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है जहां उसने योजना को ही 'असंवैधानिक' करार करते हुए इसे सूचना के अधिकार का हनन बतला दिया। साथ ही स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को निर्देश दिया कि दान देने वालों के नाम व राशि केन्द्रीय निर्वाचन आयोग को दे जिसे उसने अपने वेबसाइट पर प्रकाशित किया। बैंक व कई कारोबारी संघ इस जानकारी को अभी भी रोकने की कोशिश कर रहे हैं परन्तु अब शीर्ष न्यायालय ने आदेश दिया है कि 21 मार्च तक पूरी जानकारी दे। इस मुद्दे पर पहले ही भाजपा की जबर्दस्त भद्द पिट चुकी है। इतना ही नहीं, यह भी लोगों के सामने आ चुका है कि भाजपा ने अपनी एजेंसियों को चंदा बटोरने में लगाया था। साथ ही, केन्द्रीय निर्वाचन आयोग द्वारा जिस प्रकार से भाजपा को मदद की जा रही है, वह भी पूरी तरह से बेनकाब हो चुका है।

ईवीएम का मुद्दा भी भाजपा को संकट में डाल चुका है। लोग अब मानने लगे हैं कि ईवीएम के जरिये मतदान भाजपा को सहयोग करने वाली व्यवस्था है तभी इसके खिलाफ वकीलों एवं कई सिविल सोसायटियों द्वारा आंदोलन छेड़ दिये गये हैं। भाजपा के विरोधी दलों के सामने ईवीएम हमेशा एक चुनौती के रूप में रही है लेकिन इनसे मुकाबला कैसे हो यह आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने बतलाया है। शिवाजी पार्क की रैली में उन्होंने कहा कि 10-15 फीसदी की हेराफेरी मशीनें करती हैं इसलिये इतनी ज्यादा वोटिंग कराई जाये कि उससे ईवीएम को हराया जा सके।

भाजपा के मुद्दे नाकाम हो चुके हैं, विपक्षी गठबन्धन एकजुट है और कांग्रेस का मंगलवार को जारी हुआ वादों का मसौदा भी अब लगभग तैयार है जिसमें पांच प्रकार के न्याय तथा 25 गारंटियों की बात कही गयी है। मुकाबला ध्रुवीकरण और न्याय के बीच होगा, जिस पर कांग्रेस-इंडिया को साफ बढ़त है।

(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)

# राष्ट्रीय चुनाव से ठीक पहले सीएए का कार्यान्वयन पूरी तरह से राजनीतिक

■ नन्तू बनर्जी

पहली नज़र में 2019 का विवादास्पद नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) पूरी तरह से मानवीय प्रतीत हो सकता है। यह सरकार को 2014 से पहले बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान जैसे पड़ोसी मुस्लिम देशों से भारत आये गैर-मुस्लिम प्रवासियों - जिनमें हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, ईसाई और पारसी शामिल हैं - के लिए नागरिकता प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए एक विशेष प्रावधान प्रदान करता है। हालांकि, राष्ट्रीय चुनाव से ठीक पहले इसके कार्यान्वयन के लिए चुना गया समय इसे काफी उत्तेजक बनाता है। इस तथ्य को देखते हुए यह राजनीति से प्रेरित प्रतीत होगा कि संशोधित नागरिकता कानून ने पहले देशव्यापी राजनीतिक विरोध प्रदर्शनों को आमंत्रित किया था, जिसके कार्यान्वयन में लगभग साढ़े चार साल की देरी हुई थी। लोकसभा चुनाव की घोषणा से कुछ दिन पहले 11 मार्च को सरकारी अधिसूचना के खिलाफ विपक्षी दलों के नये विरोध प्रदर्शन को देखकर कुछ लोग आश्चर्यचकित हैं।

जैसा कि अपेक्षित था, भारतीय मुसलमान नाराज़ हैं। देश में मुस्लिम आबादी लगभग 18 करोड़ है, जो इंडोनेशिया और पाकिस्तान के बाद दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आबादी है। कश्मीर के अलावा, पश्चिम बंगाल, केरल, असम, बिहार, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, झारखंड और बांग्लादेश की सीमा से लगे उत्तर-पूर्वी राज्यों के कुछ हिस्सों में मुस्लिम आबादी अच्छी-खासी है। विपक्षी दल स्वाभाविक रूप से नाराज़ हैं क्योंकि सीएए विशेष रूप से 2014 से पहले मुस्लिम प्रवासियों को लक्षित करता है। बहुत से लोग सरकार की इस प्रतिक्रिया को स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं कि 'सीएए प्राकृतिककरण कानूनों को रद्द नहीं करता है। इसलिए, भारतीय नागरिक बनने की इच्छा रखने वाले किसी भी विदेशी देश से मुस्लिम प्रवासियों सहित कोई भी व्यक्ति मौजूदा कानूनों के तहत इसके लिए आवेदन कर सकता है। गृह मंत्रालय ने जोर देकर कहा कि यह अधिनियम 'किसी भी मुस्लिम को, जो इस्लाम के अपने संस्करण का पालन करने के लिए पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में सताया गया है, मौजूदा कानूनों के तहत भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करने से नहीं रोकता है।'

इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) पहले ही सरकारी अधिसूचना को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट जा चुकी है और इस बात पर जोर दे रही है कि यह अधिनियम 'प्रथम दृष्टया असंवैधानिक' है। आईयूएमएल इस अधिनियम को चुनौती देने वाली सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष रिट याचिका दायर करने वाले समूह में एक प्रमुख याचिकाकर्ता है। इस अधिनियम की वैधता को इस आधार पर चुनौती देने वाली 237 अलग-अलग याचिकाएं हैं कि यह धर्म के आधार पर नागरिकता देने में भेदभाव करता है। अधिनियम का भाग्य अब पूरी तरह से सर्वोच्च न्यायालय पर निर्भर करता है।

कई लोगों का मानना है कि सीएए भारत के समानता और धार्मिक गैर-भेदभाव के संवैधानिक मूल्यों को चुनौती देता है। यह अधिनियम देश के मानवाधिकार दायित्वों के साथ असंगत है। जबकि 1955 के नागरिकता अधिनियम ने सभी गैर-दस्तावेजी प्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्राप्त करने से प्रतिबंधित कर दिया है, सीएए चयनित आप्रवासियों के लिए नागरिकता मार्गों को तेजी से ट्रैक करता है, विशेषकर असम, मेघालय, मिजोरम के आदिवासी क्षेत्रों और त्रिपुरा और 'इनर लाइन' विशेष परमिट क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में रहने वाले लोगों को छोड़कर, ताकि उन्हें उनके मूल देशों में निर्वासन और कारावास से विधायी सुरक्षा प्रदान किया जा सके।

दिलचस्प बात यह है कि सीएए को अंतत: राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने से पहले, 2019 में सरकार द्वारा की गयी कार्रवाइयों की एक श्रृंखला यह धारणा दे सकती है कि अन्य प्रशासनिक निर्णयों के साथ इस अधिनियम का इस्तेमाल अवैध मुस्लिम प्रवासियों के खिलाफ एक हथियार के रूप में किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, जून 2019 में, सरकार ने देश में विदेशी न्यायाधिकरणों की स्थापना को सक्षम बनाया। इसमें राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) के तहत सभी भारतीय नागरिकों की एक सूची बनाने की घोषणा की गयी। एनआरसी अपडेट का मतलब 1971 तक की मतदाता सूची के आधार पर नागरिकों के नाम सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया है। एनआरसी1951 में बनाया गया था। अज्ञात कारणों से, असम को छोड़कर, जहां 41 लाख निवासी थे, एनआरसी देश के अधिकांश हिस्सों में अप्रभावी रहा, और अभी तकये निवासी रजिस्टर में दर्ज नहीं हैं। नये नियमों ने जमीन पर जिला कलेक्टरों द्वारा नागरिकता के आवेदनों की स्वतंत्र और स्तरीय जांच को खत्म कर दिया है, और आवेदकों को नागरिकता देने की बुद्धिमत्ता के बारे में राज्य सरकारों की सिफारिशों को भी खत्म कर दिया गया है। 2009 के नागरिक नियमों के तहत, केंद्र सरकार को नागरिकता प्रदान करने की प्रक्रिया में राज्य सरकारों से परामर्श करना आवश्यक था।

सीएए से पहले, देशीयकरण के माध्यम से भारतीय नागरिकता चाहने वाले किसी भी विदेशी नागरिक को पात्र बनने के लिए भारत में 11 साल बिताने की आवश्यकता होती थी। संशोधित अधिनियम 31 दिसंबर, 2014 से पहले मुस्लिम-बहुल बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में धार्मिक उत्पीड़न से भागकर भारत आने वाले धार्मिक विश्वासों के एक चुनिंदा समूह के लिए नागरिकता आवेदन में तेजी लाता है। वे वैध वीजा या अन्य आवश्यक कागजात के बिना भी पांच साल में नागरिकता के लिए पात्र हो जाते हैं। सीएए स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार नागरिकता के लिए एक धार्मिक परीक्षण पेश करता है। तर्कसंगत रूप से, यह भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन करता है जो कहता है कि 'राज्य किसी भी व्यक्ति को कानून के समक्ष समानता और सुरक्षा से वंचित नहीं करेगा।' हालांकि, केवल सर्वोच्च न्यायालय ही अब यह तय कर सकता है कि सीएए संविधान का उल्लंघन करता है या नहीं।

> दिलचस्प बात यह है कि सीएए को अंतत: राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने से पहले, 2019 में सरकार द्वारा की गयी कार्रवाइयों की एक श्रृंखला यह धारणा दे सकती है कि अन्य प्रशासनिक निर्णयों के साथ इस अधिनियम का इस्तेमाल अवैध मुस्लिम प्रवासियों के खिलाफ एक हथियार के रूप में किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, जून 2019 में, सरकार ने देश में विदेशी न्यायाधिकरणों की स्थापना को सक्षम बनाया। इसमें राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) के तहत सभी भारतीय नागरिकों की एक सूची बनाने की घोषणा की गयी। एनआरसी अपडेट का मतलब 1971 तक की मतदाता सूची के आधार पर नागरिकों के नाम सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया है।

गौरतलब है कि 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू होने के सात दशक से भी अधिक समय बाद मुसलमान देश में धार्मिक विवाद के केंद्र में बने हुए हैं। हालांकि हिंदू धर्म धर्मनिरपेक्ष देश का बहुसंख्यक धर्म है, यह आधिकारिक या राज्य प्रायोजित नहीं है क्योंकि भारत धर्म की पूर्ण स्वतंत्रता की गारंटी देता है। पिछले कुछ वर्षों में देश में कई मुस्लिम मुख्यमंत्रियों और दो राष्ट्रपतियों के रिकॉर्ड के बावजूद, समुदाय ने भारतीय मुसलमानों को सिविल सेवा, सेना और उच्च शिक्षा संस्थानों में उल्लेखनीय प्रतिनिधित्व करने के लिए आधुनिक शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए बहुत कम काम किया है। इसके बजाय, मुस्लिम निकाय पुरातन धार्मिक शिक्षा और मौलवियों के निर्माण को प्रोत्साहित करते हैं। भारत के अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, देश में 2018-19 में 24,014 मदरसे थे, जिनमें से 4,878 गैर-मान्यता प्राप्त थे, हालांकि अनौपचारिक रूप से यह दावा किया जाता है कि केवल एक मुस्लिम धार्मिक संगठन, जमीयतउलेमा-ए-हिंद के पास उत्तर भारत में 20,000 से अधिक देवबंदी मदरसे हैं।

भारत की आबादी का लगभग 15 प्रतिशत हिस्सा होने के बावजूद, मुस्लिम समुदाय ने राष्ट्रीय संसद और राज्य विधानसभाओं सहित देश के विधायी निकायों में उचित प्रतिनिधित्व पाने के लिए बहुत कम प्रयास किया। संसद में उनका अनुपात ऐतिहासिक रूप से दो से 10 प्रतिशत के बीच रहा है। अब सीएए की व्याख्या भारत में मुसलमानों के उत्पीड़न की प्रक्रिया के रूप में की जा रही है। मुसलमानों को चिंता है कि सरकार नागरिकता रजिस्ट्री के साथ संयोजन में कानून का उपयोग करके उन्हें और अधिक हाशिए पर धकेल सकती है क्योंकि एनआरसी उन लोगों की पहचान कर सकता है और उन्हें बाहर कर सकता है जो अवैध रूप से भारत आये थे। इस प्रकार, सत्तारूढ़ दल के चुनाव पूर्व एजेंडे के रूप में सीएए का कार्यान्वयन इसे संदिग्ध बनाता है।

## पावन प्रसंग

# हरि को भजै सो हरि का होई

मन को जिस व्यक्ति ने साध लिया है, उसे संसार त्यागने की आवश्यकता नहीं रहती। मन यदि निर्मल हो चुका है, तो व्यक्ति के लिए हिमालय तक उठकर उसके पास चला आता है। इस सत्य को अपने जीवन में उतारकर दिखाया था- संत रविदास ने। संत रविदास जाति के चर्मकार थे, उन्होंने उसी व्यवसाय को अपनाया। जूते बनााने में लगे रहते, पर मन ईश्वर में रमा रहता था। उन्होंने अपने जीवन में करके दिखाया कि व्यक्ति किसी भी कुल में पैदा हुआ हो, पर उसकी आध्यात्मिक विरासत, ईश्वरभक्ति, लोक सेवा, शांति और आनंद से कोई वंचित नहीं कर सकता। उस समय के संकीर्णता से भरे समाज में रविदास ने प्रचलित मान्यता ऊंच-नीच , छोटे-बड़े को निराधार ठहराकर दिखाया। उनका मानना था कि आत्मशोधन, आत्मनिर्माण और आत्मसाधना कोई भी व्यक्ति कर सकता है। राजरानी मीराबाई ने इस आध्यात्मिक विभूति को अपना गुरु बनाया और एक पद में कहा भी है-

मीरा ने गोविंद मिलाया, गुरु मिल्या रैदास।। शूद्रों और स्त्रियों को वेद पढ़ने का अधिकार तब नहीं था, पर संत रविदास ने कहा कि भक्ति मार्ग तो ऐसा है, जिस पर चलने से कोई रोक नहीं सकता। अपनी समस्त वृत्तियों की अपने आराध्य को समर्पित कर देने के मार्ग में कोई कुछ नहीं कर सकता। इष्ट के साथ एकात्म हो जाने की भावना को उन्होंने अपने इस पद में व्यक्त किया है-प्रभुजी तुम चंदन हम पानी। जाकी अंग-अंग वास समानी।।

उनकी इसी समर्पण भावना के कारण रामानंद जैसे सवर्ण संत को अपने इस योग्य शिष्य को दीक्षा देने उन्हीं की कुटिया पर जाना पड़ा। जात-पांत, छुआछूत, उस समय अपनी चरम सीमा पर थी, पर वे कहते-

जात पांत पूछे नहीं कोई,<br>
हरि को भजै सो हरि का होई।।

हम अभी तक पूरी तरह अपने गले नहीं उतार पाए हैं। ईश्वर भक्ति में ऐसे लगे कि विवाह के लिए मना किया, परंतु उन्होंने सोचा अधिकतर ऋषि-मुनि गृहस्थ थे तो विवाह हुआ लोणा नाम की कन्या से। उन्होंने सिद्ध करके दिखाया कि परिस्थितियां आत्मोन्नति में बाधक नहीं होतीं, बाधक होता है- साधक का मन। जिसका मन वश में है, वह गृहस्थ में रहकर भी भौतिक व दैहिक कामनाओं पर विजय प्राप्त कर सकता है। रविदास सवा सो वर्ष तक जिए। अपनी धर्मपत्नी को उन्होंने आध्यात्मिक साधना में सहचरी बनाया। उनके जीवन का सत्य और उनके व्यक्तित्व की प्रखरता एक दृष्टांत से जानी जा सकती है। एक स्त्री का कंगन गंगा में गिर गया, लोगों ने ढूंढ़ा, पर नहीं मिला। लोग रविदास के पास आए और बोले- तुम कहते हो 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' देखें तुम अपनी कठौती से कंगन कैसे निकालकर दे सकोगे? कहते हैं कि उन्होंने अपनी कठौती में हाथ डाला, ईश्वर पर विश्वास था कंगन कठौती से निकालकर दे दिया। ऐसे आदर्श संत को उनकी जयंती पर कोटि-कोटि नमन।

संत रविदास निष्काम भक्त थे। भगवत्प्रेम के अलावा उनके मन में कोई अन्य अभिलाषा नहीं थी। प्रभुभक्ति में ओत-प्रोत भक्त को बस यही एकमात्र सर्वोच्च अभिलाषा होती है कि वह भगवत्प्रेम का निरंतर रसपान करता रहे। इसलिए भक्ति स्वयं साधन और साध्य दोनों है, भक्ति वह प्यास है जो कभी मिटती नहीं और जब मिटती है तो फिर भक्त प्यासा ही नहीं रहता। भक्ति के द्वारा ही भक्त को परमानंद ब्रह्मानंज का अनुभव होता है।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# सत्ता और नैतिकता विरोधाभाषी अवयव

महात्मा गांधी जी ने कहा था कि सिद्धांतों के बिना राजनीति पाप है। इसके अलावा प्रसिद्ध विचारक हेनरी एडम ने कहा है कि -'मानव स्वभाव का ज्ञान ही राजनैतिक शिक्षा का आदि और अंत है?' भारतीय राजनीति का उद्भव प्राचीन काल से हुआ है,किंतु इसकी प्रकृति में परिवर्तन तब आया जब भारत विश्व स्तर पर एक आधुनिक राज्य के रूप में स्थापित हुआ। भारतीय राजनीति में स्वतंत्रता के पूर्व नैतिकता एवं संस्कृति की एकता के दम पर स्वतंत्रता संग्राम पर विजय प्राप्त की थी। विवेकानंद, सुभाषचंद्र बोस, महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, सरदार वल्लभभाई पटेल, लाला लाजपत राय और ना जाने कितने महान व्यक्तियों ने नैतिकता और संस्कृति में एकजुट होकर ब्रितानी हुकूमत को देश से भगाया था। देश का स्वतंत्रता संग्राम जनप्रतिनिधियों को नैतिकता के पालन के लिए प्रोत्साहित करता रहा है। जब भारत में स्वतंत्र लोकतांत्रिक राजनीति का आरंभ हुआ तो नैतिकता का पतन, क्षरण आरंभ हो गया। राजनीति धीरे-धीरे सिद्धांत से विमुख होती गई तथा इसकी दशा और दिशा मैं नैतिकता का क्षरण तथा पतन धीरे-धीरे प्रारंभ हो गया। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात यह माना जाता रहा है कि राजनीति में अनैतिकता के पनपने के दो प्रमुख कारण माने गए धनबल और बाहुबल। राजनीति में ऐसा कहा जाता है कि जिसके पास धन होता है उसके पास बल भी होता है, और भारतीय राजनीति में और कई प्रदेशों के संदर्भ में यह बात सर्वथा उचित प्रतीत होती है। भारतीय राजनीति में धनबल और बाहुबल का नकारात्मक प्रभाव नैतिकता के पतन के रूप में सामने आया है। स्वतंत्रता के पश्चात राजनेताओं में स्वयं के लिए धन एकत्र करना एवं येन केन प्रकारेण सत्ता स्थापित करने के प्रयास के कारण नैतिकता धीरे-धीरे स्खलित होती गई है। नेताओं का बेईमानी और भ्रष्ट कार्य में लिप्त होना भी राजनीति में नैतिकता के पतन का प्रमुख कारण है,और यही कारण है कि आज अधिकतर भारतीय राजनेताओं पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए गए हैं, एवं उन पर मुकदमा भी चल रहा है। यह सर्वविदित है कि सार्वजनिक संपत्ति को अपनी स्वयं की संपत्ति बनाने की होड़ में राजनेताओं को कर्तव्य पथ से विमुख होते देखा गया है। राजनीति में राजनेताओं ने इसे संपत्ति कमाने का जरिया ही मान लिया है। सार्वजनिक संसाधनों का पूरा नियंत्रण राजनेताओं के पास होता है इसका उपयोग में अपने संसदीय, विधानसभा क्षेत्र के लिए करते हैं। इस तरह पूरे राज्य स्वदेश के संसाधनों का किसी एक क्षेत्र में निवेश करते जाते हैं, जो अनैतिकता का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। राजनीति में भाई भतीजावाद एक सामान्य बहुत चर्चित लक्षण है, कोई भी राजनेता आज यह चाहता है कि योग्यता हो ना हो कोई भी बड़ा पद उसके भाई, भतीजे, पत्नी, बेटे आदि को मिल जाए, इतना ही नहीं कई बार सगे संबंधियों के अपराधी होते हुए भी राजनीतिक पद अथवा चुनावी टिकट दिलाने का प्रयास करते हैं। भारतीय राजनीति में क्रोनी कैपिटलिस्म यानी उद्योगपतियों एवं राजनीतिज्ञों का आपस में गठजोड़ को क्रोनी कैपिटलिस्म माना जाता है। इसमें उद्योगपति राजनीतिक चंदा का हवाला देते हुए राजनेताओं से देश की नीतियों को अपने पक्ष में करवा लेते हैं और इस तरह जनता का शोषण शुरू हो जाता है। भारतीय राजनीति में इस तरह के आरोप लंबे समय से लगते आ रहे हैं। राजनीति में उच्च नैतिक मूल्यों का महत्व घटने के साथ-साथ राजनीतिक मापदंड शासन को राजनीति आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में नकारात्मक रूप से प्रभावित करता जा रहा है।

**संजीव ठाकुर**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## यमन में अमेरिकी-ब्रिटिश नौसैनिकों ने हौथी के ठिकानों पर हवाई हमले किए

*सना। यमन के होदेइदाह बंदरगाह शहर में हौथी के सैन्य ठिकानों पर सोमवार को लाल सागर में तैनात अमेरिकी और ब्रिटिश नौसैनिक बलों के लड़ाकू विमानों ने दस हवाई हमले किए। निवासियों और हौथी द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी ने यह जानकारी दी है। हौथी टेलीविजन के अनुसार, छह हमले शहर के पश्चिमी भाग में अल-जब्बाना क्षेत्र में हुए, जबकि चार अन्य हमले शहर के दक्षिण में अत-तुहायत जिले के अल-फज़ा तट पर किए गए। हमलों में कोई हताहत निर्दिष्ट नहीं किया गया।*

# मानवता के साझा भविष्य वाले समुदाय की अवधारणा से सहमत हूं : प्रोकोपिस



**बीजिंग,** 19 मार्च (एजेंसियां)। ग्रीस के पूर्व राष्ट्रपति प्रोकोपिस पावलोपोलोस ने हाल ही में चीनी समाचार एजेंसी सिन्हुआ के साथ एक साक्षात्कार में इस बात पर जोर दिया कि दुनिया में चल रहे युद्ध और जलवायु संकट मानव सभ्यता के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा पैदा करते हैं।

वह चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग की मानवता के साझा भविष्य वाले समुदाय की अवधारणा का समर्थन करते हैं और उससे सहमत हैं। पावलोपोलोस ने व्यक्त किया कि जब विकास के मुद्दों की बात आती है तो सभी देश अपने आकार की परवाह किए बिना, एक समान आधार साझा करते हैं। एकमात्र विशिष्ट कारक मानवीय आदर्शों की रक्षा करने या अज्ञानता और अदूरदर्शिता के आगे झुकने के उनके निर्णय में निहित है।

उन्होंने स्वीकार किया कि अन्य शक्तियां कुछ यूरोपीय लोगों को चीन से दूरी बनाने के लिए प्रभावित कर सकती हैं, जो निराधार भय और गलत धारणाओं से प्रेरित हैं। हालांकि, उनका दृढ़ विश्वास है कि ऐसी धारणाएं गलत हैं। पूर्व राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि ग्रीस को ऐसी कोई चिंता नहीं है। ग्रीस का चीन के साथ मैत्रीपूर्ण आदान-प्रदान का एक पुराना इतिहास है और वह यूरोप और एशिया के बीच प्रवेश द्वार के रूप में भूमिका निभाकर यूरोप-चीन संबंधों को मजबूत करने की परिकल्पना करता है। यह पारस्परिक रूप से लाभप्रद साझेदारी ग्रीस, यूरोप और दुनिया को लाभ पहुंचाएगी।

**ग्रीस का चीन के साथ मैत्रीपूर्ण आदान-प्रदान का एक पुराना इतिहास है**

## लीबियाई तट से 817 प्रवासियों को बचाया गया : आईओएम

**त्रिपोली,** 19 मार्च (एजेंसियां) लीबिया के तट से पिछले सप्ताह 817 प्रवासियों को बचाया गया है। अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने सोमवार को यह जानकारी दी। आईओएम एक बयान में कहा कि 10-16 मार्च 2024 तक 817 प्रवासियों को रोका गया। वे लीबिया लौट आए। बचाए गए प्रवासियों में 82 महिलाएं और 30 बच्चे थे। इस साल अब तक कुल 2,738 प्रवासियों को बचाया गया है। इनमें 95 की मौत हो गई और 228 लोग अभी भी लापता हैं। उल्लेखनीय है कि कई गैर-दस्तावेज प्रवासी, ज्यादातर अफ्रीका से, लीबिया से यूरोपीय तटों तक भूमध्य सागर पार करने का विकल्प चुनते हैं, जो 2011 से अराजकता का सामना कर रहा है जब दिवंगत पूर्व नेता मुअम्मर गद्दाफी को उखाड़ फेंका गया था। लीबिया के गृह मंत्री इमाद अल-ताराबेल्सी ने हाल ही में खुलासा किया कि मंत्रालय वर्ष के भीतर 20 हजार से अधिक अवैध प्रवासियों को वापस स्वदेश भेजने की योजना बना रहा है।

## पाकिस्तान के नागरिकों ने भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए मोदी सरकार की सराहना की



**इस्लामाबाद,** 19 मार्च (एजेंसियां)। भारत इस समय लोकसभा चुनाव की ओर बढ़ रहा है, जिसे दुनिया की सबसे बड़ी चुनावी प्रक्रिया कहा जाता है। भारत के मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री पद की गद्दी बरकरार रखने के लिए पसंदीदा माना जा रहा है, जिस पर पाकिस्तानियों की ओर से मिली-जुली प्रतिक्रिया आ रही है। भारत में चुनाव 19 अप्रैल से 1 जून के बीच सात चरणों में होंगे, जिसमें लगभग एक अरब पात्र मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। नतीजे 4 जून को घोषित किए जाएंगे। पाकिस्तान के कुछ निवासियों ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने भारत में कुछ क्षेत्रों, खासकर सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) के क्षेत्र में वास्तव में अच्छा काम किया है। जबकि कई पाकिस्तानी भारत में चल रही एनडीए सरकार के आलोचक हैं, कुछ नरेंद्र मोदी सरकार के प्रदर्शन की सराहना करने के अलावा, पड़ोसी देश द्वारा चुनाव जैसी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के सुचारु संचालन की सराहना करते हैं। इस्लामाबाद के एक निवासी ने कहा कि चुनाव कराना एक लोकतांत्रिक प्रक्रिया है। भारत और नरेंद्र मोदी सरकार की न केवल देश की वैश्विक प्रतिष्ठा को बढ़ाने के लिए, बल्कि हरेक कार्यकाल के बाद चुनाव कराना सुनिश्चित करने के लिए भी सराहना की जानी चाहिए। यह निश्चित रूप से एक उपलब्धि है। पाकिस्तान में कुछ विशेषज्ञों का यह भी मानना है कि नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरी बार सत्ता बरकरार रखने से दोनों देशों के बीच संबंधों के सामान्य होने का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक अदनान शौकत ने कहा कि पाकिस्तान में इस वक्त सत्ता में शरीफ हैं और यह सबको पता है कि शरीफ परिवार नरेंद्र मोदी के साथ बेहतर संबंध साझा करता है। इसलिए, मुझे लगता है कि अगर नरेंद्र मोदी तीसरी बार चुनाव जीतते हैं।

## सुडोकू 6501

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | | | | | 8 |
| | | 5 | 6 | | 1 | 4 | | |
| 2 | | | 4 | 7 | | | | 9 |
| | | 1 | | 8 | | | 6 | |
| 3 | 9 | 2 | | 6 | | 5 | 8 | 4 |
| | 7 | | | 5 | | 2 | | |
| 7 | | | | 2 | 5 | | | 6 |
| | | 4 | 8 | | 9 | 7 | | |
| 1 | | | | | | | 9 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : बुधवार 20 मार्च, 2024 फाल्गुन शुक्ल पक्ष 10

### राशिफल

मेष - आपका आज का दिन मानसिक चिंता से भरा रहेगा। आज भावना के प्रवाह में कुछ अधिक ही बह सकते हैं। वाणी पर संयम न रहने के कारण ग्लानि का भी अनुभव हो सकता है।

वृषभ - आज आप तन और मन से हलकापन अनुभव करेंगे। आपके उत्साह में वृद्धि होगी। मन भी संवेदनशीलता से भरा रहेगा। आप की कल्पनाशक्ति से कोई अच्छा काम कर पाने की स्थिति में रहेंगे। पारिवारिक विषयों में रुचि लेंगे।

मिथुन - काम पूरा होने में विलंब हो सकता है, फिर भी प्रयास चालू रखें। आपके काम समय पर पूरे होंगे। आर्थिक आयोजन में कुछ बाधाएं आएंगी। समय रहते कठिनाई दूर हो जाएगी।

कर्क - मित्रों और स्नेहीजनों के साथ आज का दिन बहुत उल्लासमय रहेगा। यात्रा की संभावनाएं है। सुरुचिपूर्ण भोजन का स्वाद ले सकेंगे। किसी बात को लेकर आज इमोशनल बने रहेंगे। नौकरीपेशा लोगों को सहकर्मियों का साथ मिलेगा।

सिंह - अधिक भावुकता के कारण आपके मन में चिंता रहेगी। दोस्तों से बातचीत में आज संभलकर रहें। दलीलबाजी के काम में विवाद से बचें। कोर्ट-कचहरी के मामलों में आज सावधानी रखें। व्यवहार में संयम और विवेक रखना होगा।

कन्या - आज का दिन आनंद-उल्लास में गुजरेगा। आज विविध क्षेत्रों में लाभ होगा। इसमें मित्रों की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। किसी मनोहर स्थल की यात्रा कर पाएंगे। संतान की ओर से शुभ समाचार मिलेंगे।

तुला - आज का दिन आपके लिए शुभ है। नौकरी या व्यावसायिक क्षेत्र में आपके लिए अनुकूल वातावरण रहेगा। अधिकारियों के साथ आप महत्वपूर्ण चर्चा करेंगे। पदोन्नति की भी संभावना है।

वृश्चिक - नौकरी या व्यापार स्थल पर संभलकर काम करें। अधिकारियों के नकारात्मक रवैये से आपको कष्ट हो सकता है। शारीरिक रूप से आलस्य रहेगा। संतान के साथ मतभेद रहेगा। महत्वपूर्ण निर्णयों को आज संभव हो तो टालें।

धनु - आज किसी भी नए काम का प्रारंभ ना करें। वाणी और व्यवहार में संयम रखें। अधिक संवेदनशीलता आपके मन को व्यथित करेगी। स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतें। धन का खर्च बढ़ेगा।

मकर - आज आप व्यापार बढ़ाने को लेकर प्रयास करेंगे। उसमें वृद्धि आएगी। दलाली, कमिशन, ब्याज आदि स्त्रोतों से आय बढ़ेगी। धन लाभ का प्रबल योग है। संतान के अभ्यास के विषय में चिंतित रहेंगे। काम में सफलता मिलेगी।

कुंभ - आज का आपका दिन आपके लिए आनंददायी होगा। आपके काम में सफलता मिलेगी। परिजनों के साथ दिन अच्छी तरह गुजरेगा। नौकरी और व्यापार में आपको साथियों का सहयोग मिलेगा। घर में आनंदपूर्ण वातावरण रहेगा।

मीन - आज आप काल्पनिक दुनिया में सैर करेंगे। विद्यार्थियों के लिए आगे आने वाले दिन अच्छे है। आज से ही इसके लिए मेहनत शुरू कर सकते हैं। शादीशुदा लोगों के बीच प्रेम बना रहेगा। दोपहर के बाद स्वभाव में संयम रखें।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी समान विचारधारा वाले दलों के साथ गठबंधन की संभावना तलाशेगी

**श्रीनगर,** 19 मार्च (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी ने सोमवार को कहा कि वह लोकसभा चुनाव से पहले समान विचारधारा वाली पार्टियों के साथ गठबंधन की संभावना तलाशेगी। अपनी पार्टी ने सभी संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करने के बाद एक बयान में कहा कि पार्टी नेताओं ने सर्वसम्मति से समान विचारधारा वाले दलों के साथ गठबंधन की संभावना तलाशने के लिए पार्टी अध्यक्ष सैयद मुहम्मद अल्ताफ बुखारी को अधिकृत करने का फैसला लिया है। बयान में कहा गया कि नेताओं ने श्रीनगर स्थित पार्टी मुख्यालय में एक बैठक की और जम्मू-कश्मीर में मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर चर्चा की और पार्टी की चुनावी रणनीति तैयार की। बयान में कहा गया कि पार्टी नेताओं ने आगामी चुनावों के विभिन्न पहलुओं के बारे में अपने दृष्टिकोण और विचार साझा किए।

## ऑस्ट्रेलिया में चक्रवात की वजह से बढ़ी परेशानी, सैकड़ों लोग फंसे




**कैनबरा,** 19 मार्च (एजेंसियां)। उष्णकटिबंधीय चक्रवात मेगन के कारण सुदूर उत्तरी ऑस्ट्रेलिया के सैकड़ों लोग फंसे हुए हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, चक्रवात मेगन ने सोमवार दोपहर ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी क्षेत्र के उत्तर-पूर्व में दस्तक दी। इससे 200 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं और भारी बारिश हुई। इससे पहले सोमवार को मौसम की बिगड़ती स्थिति के कारण आसपास के शहरों से हवाई सेवा को निलंबित कर दिया गया। इससे लोग वहां से निकल नहीं सके।
चक्रवात के कारण करीब 700 लोग फंस गए। इलाके की बिजली काट दी गई है। राज्य के मुख्यमंत्री ईवा लॉलर ने कहा कि बोरोलूला में हम लोगों को सुरक्षित रखने के लिए काम कर हैं। मौसम विज्ञान ब्यूरो (बीओएम) ने देश के उत्तरी क्षेत्र के के उत्तर-पूर्व में 300 मिमी तक बारिश की आशंका के साथ बाढ़ की भी चेतावनी जारी की है।

## सैन्य सहायता के लिए यूक्रेन ने यूरोपियन यूनियन का जताया आभार

**कीव,** 19 मार्च (एजेंसियां)। यूरोपियन यूनियन ने यूक्रेन को सैन्य उपकरणों को सुदृढ़ करने के लिए 5.44 बिलियन डॉलर की अतिरिक्त वित्तीय सहायता देने का फैसला किया है। यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने यूरोपियन यूनियन के इस फैसले का स्वागत किया है। यूरोपीय संघ के विदेश मामलों की परिषद की बैठक में कुलेबा ने कहा कि यूक्रेन को वित्तीय सहायता देना एक निर्णायक कदम है। कुलेबा ने यूक्रेन के लिए गोलाबारूद और तोपखाना देने के चेक गणराज्य के फैसले का भी स्वागत किया। इसके अलावा उन सभी देशों का भी स्वागत किया, जो यूक्रेन के पक्ष में आने का ऐलान कर चुके हैं। यूरोपीय यूनियन के परिषद ने सोमवार को यूक्रेन को 5 बिलियन यूरो देने का फैसला किया। यह फैसला यूरोपीय शांति सुविधा (ईपीएफ) के अंतर्गत किया गया।

## वर्ग पहेली 6501



**बायें से दायें:-**

१. अकेले रहने या विचरने वाला एकाकी
३. सज्जित, विभूषित
५. सेना या काफिले का मार्ग में कहीं रुकना, ऐसी रुकने की जगह
६. शुद्ध, पाक
७. पतला संकीर्ण मार्ग
९. आराम, चैन (उर्दू)
१०. स्वेच्छाचारिता
१२. आसान स्वभाव, आसानी से मिलने वाला
१३. असमंजस, द्वैधीभाव
१४. युद्ध संबंधी
१६. गिरवी रखना
१८. दासी, सेविका (उर्दू)
२०. बहाया हुआ, बहता हुआ
२१. राजा (उर्दू)
२३. जो लेन-देन में खरा न हो (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. पगडंडी, एक चरण या एक पद वाला
२. बदचलन
३. जाना हुआ, विदित
४. मेहरबानी करके
५. राजा की सबसे बड़ी रानी
८. राजाओं का राष्ट्र प्रमुखों के रहने की जगह
१०. धीमा, मंद
११. एक प्रकार का बहुमूल्य रत्न
१२. मरम्मत, दोष या खराबी के दूर होने का भाव
१३. बैर शत्रुता
१४. शाबासी देना
१५. घूस
१७. सदैव
१८. एकदम, नितांत, पक्का (उर्दू)
१९. जिव्हा, भाषा (उर्दू)
२२. ज़िद

### वर्ग पहेली-6500

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ बे | ला | २ प | त्र | ३ क | ■ | ४ क | ष्ट | ५ प्र | द |
| ध | ■ | र | ■ | ६ टु | क | ड़ा | ■ | त्य | ■ |
| ७ शा | स | क | ■ | व | ■ | ८ प | री | क्ष | ९ क |
| ला | ■ | ट | ■ | १० च | ल | न | ■ | ■ | न्नी |
| ■ | ११ स | ना | १२ त | न | ■ | ■ | १३ त | ड़ | का |
| ■ | जी | ■ | रू | ■ | १४ प्र | ब | ल | ■ | ट |
| १५ अ | व | १६ गु | ण | ■ | ति | ■ | १७ ब | १८ स | ना |
| नि | ■ | रू | ■ | १९ स | मा | २० ज | ■ | फ | ■ |
| २१ वा | रि | ज | ■ | वे | ■ | २२ न | क | ल | २३ ची |
| र्य | ■ | २४ न | का | रा | त्म | क | ■ | ■ | ख |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दोहा में इजराइल-हमास शांति वार्ता में रुकावट



**तेल अवीव,** 19 मार्च (एजेंसियां)। हमास की मांगों को मानने से इजराइल के इनकार पर कतर की राजधानी दोहा में चल रही शांति वार्ता बाधित हो गई है। इज़राइली रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, मोसाद प्रमुख डेविड बार्निया के नेतृत्व में इज़राइली प्रतिनिधिमंडल ने कतर और मिस्र सहित अन्य मध्यस्थों से कहा कि वे उन फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा नहीं करेंगे, जिन पर हत्या सहित अन्य गभीर आरोप हैं। हमास ने हत्या सहित गंभीर अपराधों के लिए इज़राइल की जेलों में बंद 350 फ़िलिस्तीनी कैदियों की रिहाई की मांग की थी। उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, इजराइली पक्ष ने यह भी कहा है कि वह दो चरणों में अपने बंधकों की रिहाई चाहता है, जबकि हमास ने कहा था कि वह तीन चरणों में इजराइली बंधकों को रिहा करेगा। हालांकि, सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि इजराइली वार्ताकार चाहते हैं कि हमास की हिरासत में मौजूद सभी पुरुष और महिला सैनिकों को दूसरे चरण में रिहा कर दिया जाए।

## शिवराज सिंह चौहान को चुनाव लड़ने के लिए महिलाएं सौंप रहीं गुल्लक



**भोपाल,** 19 मार्च (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के प्रचार का रंग धीरे-धीरे चढ़ने लगा है। उम्मीदवार अपने-अपने संसदीय क्षेत्र में सक्रिय हैं। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को भाजपा ने विदिशा से उम्मीदवार बनाया है और वह ग्रामीण इलाकों में प्रचार में जुट गए हैं। महिलाएं और युवतियां उन्हें प्रचार के लिए धनराशि मुहैया करा रही हैं। कोई लिफाफे दे रही हैं तो कहीं गुल्लक भेंट की जा रही है। शिवराज सिंह चौहान लगभग 18 साल तक राज्य के मुख्यमंत्री रहे और इस बार पार्टी ने उन्हें विदिशा संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया है। यहां से शिवराज सिंह चौहान पांचवीं बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने सोमवार से अपने संसदीय क्षेत्र में प्रचार अभियान की शुरुआत कर दी। वह मंगलवार को भी कई इलाकों में सक्रिय रहे। पूर्व मुख्यमंत्री विदिशा लोकसभा क्षेत्र के खातेगांव विधानसभा में आयोजित सम्मेलन में पहुंचें। यहां चौहान को चुनाव लड़ने के लिए लाडली बहनों ने पैसों से भरे विजय भव के गुल्लक दिए और जीत का आशीर्वाद दिया। साथ ही भांजियों ने भी अपने मामा को चुनाव लड़ने के लिए पैसे दिए।

## आज का इतिहास

1602-युनाईटेड डच ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना।
1615-मुग़ल बादशाह शाहजहाँ और मुमताज़ महल का सबसे बड़ा पुत्र दारा शिकोह का जन्म।
1727-महान गणितज्ञ, भौतिक वैज्ञानिक, ज्योतिर्विद एवं दार्शनिक आइज़ैक न्यूटन का निधन।
1739-नादिरशाह ने दिल्ली सल्तनत पर कब्ज़ा किया।
1782-अंग्रेज़ अधिकारी एवं इतिहासकार कर्नल टॉड जिसे राजस्थान के इतिहास का मार्ग सर्वप्रथम प्रशस्त करने का श्रेय दिया जाता है का जन्म।
1956-ट्यूनीशिया को फ्रांस से आजादी मिली।
1956-सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण किया।
1966-ख्यातिप्राप्त भारतीय पार्श्वगायिका अलका याग्निक का जन्म।
1973-भारतीय पहले गोल्फ खिलाड़ी अर्जुन अटवाल का जन्म।
1977-प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी लोकसभा चुनाव में पराजित हुई।
1981-अर्जेंटीना के पूर्व राष्ट्रपति इसाबेल पेरोन को आठ वर्ष की सजा।
1990-अर्धरात्रि में नामीबिया की स्वतंत्रता की घोषणा।
1991-बेगम ख़ालिदा जिया बंगलादेश की राष्ट्रपति निर्वाचित।
1999-प्रख्यात ब्रिटिश अमूर्त चित्रकार पैट्रिक हेरोन का निधन।
2002-नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा छह दिवसीय यात्रा पर भारत पहुँचे, जिम्बाब्वे राष्ट्रमंडल से निलम्बित।
2003-इराक पर अमेरिकी हमला शुरू।
2006-अफ़ग़ानिस्तान के विदेश मंत्री ने दावा किया कि ओसामा बिन लादेन पाकिस्तान में है।
2008-भारतीय अभिनेता सोभन बाबू का निधन।

**मतदान** *भारत को दुनिया में एक भ्रष्टाचारी देश के रूप में जाना जाता था*

## देश के बदले हालात को समझें फर्स्ट टाइम वोटर्स : विष्णु दत्त शर्मा

**सागर, 19 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने कहा है कि फर्स्ट टाइम वोटर्स को जानना होगा कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने देश और प्रदेश के हालात में कितना बदलाव लाया है। सागर में नव मतदाता सम्मेलन में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव होने वाले हैं और हमारे नव मतदाता नई सरकार बनाने, देश के प्रधानमंत्री और सांसदों को चुनने के लिए तैयार हैं।**

लेकिन, इस चुनाव में जाने से पहले 18-19 साल के जो नव मतदाता हैं, उनको यह जान लेना जरूरी है कि 2003 में मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने से पहले प्रदेश की क्या हालत थी? 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने से पहले देश की क्या हालत थी? नव मतदाताओं के लिए यह जान लेना जरूरी है कि भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी ने कैसे देश और प्रदेश को उस विकट परिस्थिति से निकाला और किस तरह देश-प्रदेश का कायाकल्प किया।



प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने दशकों तक देश पर शासन किया। लेकिन, 2014 से पहले जब कोई भारतीय विदेश जाता था या वहां से कोई प्रतिनिधिमंडल भारत के दौरे पर आता था, तो पता चलता था कि भारत को दुनिया में एक भ्रष्टाचारी देश के रूप में जाना जाता था। कांग्रेस की सरकारों के समय हर दिन नए घोटाले होते थे। कांग्रेस के ही एक प्रधानमंत्री राजीव गांधी को यह कहने पर विवश होना पड़ा था कि हम गरीबों के लिए एक रुपया भेजते हैं, तो 15 पैसे ही उस तक पहुंच पाते हैं, बाकी 85 पैसे दलालों, बिचौलियों और भ्रष्टाचारियों की भेंट चढ़ जाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस के जमाने में न देश सुरक्षित था और न सीमाएं सुरक्षित थीं। आए दिन कहीं पर भी आतंकवादी हमले हो जाते थे, बम विस्फोट होते थे। उस समय हर सार्वजनिक स्थान पर यह सूचना लिखी होती थी कि किसी लावारिस वस्तु को हाथ न लगाएं, उसमें बम हो सकता है। केरल, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश से लेकर छत्तीसगढ़ और झारखंड तक नक्सलवाद का बोलबाला था। उन्होंने जिक्र किया कि मैं देश के भविष्य का निर्माण करने वाली पीढ़ी के युवा साथियों से यह पूछना चाहता हूं कि 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद क्या कभी सुना है कि कहीं पर विस्फोट या आतंकवादी हमला हुआ है? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमारी सेनाओं को इतना सक्षम और अधिकार संपन्न बना दिया है कि अगर आज कोई आतंकवादी घुसपैठ करता है, तो उसे गोली मारने से पहले हमारे सैनिकों को सोचना नहीं पड़ता और न ही दिल्ली से आदेश की प्रतीक्षा करना पड़ती है।

## दुनिया को जानें

### एनएच 16 पर आईएएफ विमान की आपातकालीन लैंडिंग की सुविधा शुरू

**नई दिल्ली,** 19 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के लड़ाकू और परिवहन विमानों ने आंध्र प्रदेश में बापटला जिले के अडांकी के पास नेशनल हाईवे 16 पर एक आपातकालीन लैंडिंग सुविधा (ईएलएफ) शुरू की है। मंगलवार की सुबह, रक्षा मंत्रालय (एमओडी) के एक अधिकारी ने कहा कि 18 मार्च, 2024 को एसयू-30 और हॉक लड़ाकू विमानों ने सफलतापूर्वक ओवरशूट किया। हाईवे पर एएन-32 और डोर्नियर परिवहन विमान उतरे और बाद में वहां से उड़ान भी भरी। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि बहुआयामी गतिविधियों के संचालन में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, जिला प्रशासन, राज्य पुलिस और आईएएफ जैसी एजेंसियों के बीच उच्च स्तर का तालमेल दिखा। इससे पहले, इस तरह की गतिविधि 29 दिसंबर 2022 को आयोजित की गई थी। 4.1 किमी लंबी और 33 मीटर चौड़ी कंक्रीट हवाई पट्टी का निर्माण भारतीय वायुसेना द्वारा प्रदान किए गए विनिर्देशों के अनुसार एनएचएआई द्वारा किया गया है। जबकि अन्य हवाई पट्टियां देश के विभिन्न हिस्सों में पहले से ही चालू हैं।

# प्रादेशिकी

## हिमाचल में फिर करवट लेगा मौसम

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मौसम एक बार फिर करवट लेने वाला है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के मुताबिक ऊंचाई वाले इलाकों में हिमपात के आसार हैं। हिमाचल प्रदेश में 21 मार्च से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। यह पश्चिमी विक्षोभ हालांकि कम तीव्रता वाला है। ऐसे में इसका असर पूरे प्रदेश में नजर नहीं आएगा। प्रदेश में 20 मार्च के बाद एक बार फिर मौसम बदल जाएगा। आगामी 21 मार्च से 23 मार्च तक एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसका असर प्रदेश की ऊंचाई वाले इलाकों में नजर आएगा। इस दौरान ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होगी।

# उत्तराखंड मोदी के दिल में बसता हैं : धामी

## डबल इंजन की सरकार के काम पर जनता का आशीर्वाद व भरोसा है कायम



**देहरादून,** 19 मार्च (देशबन्धु)। भाजपा ने आज प्रदेश चुनाव मीडिया सेंटर शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश चुनाव प्रभारी दुष्यंत गौतम और प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरेश बंसल तथा महामंत्री संगठन अजय कुमार की मौजूदगी भाजपा ने आज से प्रदेश चुनाव मीडिया सेंटर की विधिवत शुरुआत हुई। इस मौके पर सीएम धामी ने कहा कि चुनाव वातावरण से साफ है कि देश मे तीसरी बार मोदी सरकार बनने जा रही है। आम लोगों मे 400, 370, 375 पार की चर्चा हो रही है । प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने सीएम की उपस्थिति में होने वाली प्रत्याशी नामांकन तारीखों ऐलान करते हुए हरिद्वार से पहले ऑनलाइन नामांकन की जानकारी साझा की। इस मौके पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री धामी ने कहा, आज पीएम मोदी और भाजपा के पक्ष में देश में शानदार माहौल है । उन्होंने कहा कि उत्तराखंड पीएम मोदी के दिल में बसता हैं और यहां के लोगों के दिल में मोदी है। हम सब मोदी का परिवार हैं, इसलिए सभी पुराने रिकॉर्ड ध्वस्त करते हुए पांचों सीट उनकी झोली में अर्पित करना है। धामी ने कहा, केंद्र एवं राज्य सरकार की विकास एवं जन कल्याणकारी नीतियों का ही परिणाम है कि उत्तराखंड की जनता में जबरदस्त उत्साह है। उन्होंने बताया, हाल फिलहाल में 25 स्थान पर प्रदेश में बड़े कार्यक्रमों में उन्हे शामिल होने का मौका मिला जिसमें 18 कार्यक्रम मातृशक्ति के थे। वहां हजारों लोगों की भीड़ पूरी तरह आश्वस्त करती है कि डबल इंजन की सरकार के काम पर जनता का आशीर्वाद और भरोसा है। हमारी पार्टी के कार्यकर्ता बूथ और पन्ना स्तर तक चुनावों के लिए पूरी तरह तैयार है । ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का जिक्र करते हुए धामी ने कहा कि लक्ष्य से कई अधिक 3 लाख 54 हजार करोड रुपए के निवेश एमओयू साइन करने में हम सफल हुए हैं । उसे पर बेहद खुशी की बात है कि इसमें से 11 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट की अब तक ग्राउंडिंग हो चुकी है । उधम सिंह नगर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि 2 दिन पहले तक वहां के लिए हुए 25 हजार करोड रुपए निवेश के सापेक्ष अब तक 18 हजार करोड रुपए के प्रोजेक्ट धरातल पर उतारे जा चुके हैं। इस समिट में 50 देश के प्रतिनिधियों का शामिल होना भी अपने आप में एक नया रिकॉर्ड है।

■ डबल इंजन की सरकार के काम पर जनता का आशीर्वाद और भरोसा है

### मुख्यमंत्री ने किया भाजपा के लोकसभा मीडिया सेंटर का शुभारंभ

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने भाजपा के लोकसभा चुनावों की दृष्टि से बनाए गए मीडिया सेंटर का शुभारंभ किया हरिद्वार रोड स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में मंगलवार को उन्होंने कहा कि चुनावों में मीडिया का अत्यधिक महत्व है। मीडिया ने केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों की जन-जन तक पहुंचाने में मदद दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह प्रदेश अध्यक्ष के साथ सभी प्रत्याशियों के नामांकन में मौजूद रहेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि भाजपा राज्य की पांचों सीटों पर विजयी रहेंगे। इस दौरान गोरखा डेमोक्रेटिक फ्रंट ने भी सभी सीटों पर भाजपा को समर्थन देने का ऐलान किया। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, महामंत्री संगठन अजेय कुमार, चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष सांसद नरेश बंसल, मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान आदि मौजूद रहे।



# हरिद्वार लोकसभा सीट पर कांग्रेस की सुई हरीश-हरक पर अटकी

## टिकट के नतीजे के बाद ही पूर्व मंत्री हरक का अगला राजनीतिक कदम होगा तय



■ हरिद्वार-नैनीताल लोकसभा में कांग्रेस टिकट हो सकते हैं फाइनल
■ भाजपा के अंदर कुछ नेताओं की नाराजगी चुनाव को प्रभावित कर सकती है

**देहरादून,** 19 मार्च (देशबन्धु)। हरिद्वार लोकसभा सीट पर कांग्रेस की सुई मुख्य तौर पर हरीश-हरक के नाम पर टिक गई है। वैसे तो पूर्व सीएम हरीश रावत अपने पुत्र बीरेंद्र के नाम को आगे कर रही हैं। लेकिन भाजपा के टिकट की घोषणा होने के बाद हरिद्वार लोकसभा सीट पर बदले चुनावी समीकरण के बाद कांग्रेस एक बार फिर पुराने व अनुभवी चेहरे पर दांव लगाने की जुगत में है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि सोमवार की रात तक हरिद्वार व नैनीताल सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी की घोषणा कर देगी।

इस बीच, भाजपा ने पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत को हरिद्वार सीट उतारा है। त्रिवेंद्र की उम्मीदवारी को लेकर निशंक, पूर्व विधायक संजय गुप्ता, यतीश्वरनन्द समर्थकों ने कोई विशेष उत्साह नहीं दिखाया। हरिद्वार लोकसभा में भाजपा के अंदर कुछ नेताओं की नाराजगी चुनाव को प्रभावित कर सकती है। इन बदले समीकरणों को भांपते हुए कांग्रेस ने बीते कुछ दिनों से बाहरी समर्थन की सम्भवनाओं पर भी गौर किया है।

कांग्रेस को यकीन है कि हरिद्वार में पार्टी को इंडिया गठबन्धन से जुड़े समाजवादी पार्टी के मतों के अलावा अन्य कुछ विरोधी पॉकेट में भी सेंध लग सकती है। हालांकि, इंडिया गठबन्धन के तहत समाजवादी पार्टी के स्थानीय नेता हरिद्वार सीट की मांग कर रहे हैं। इधर, हरिद्वार सीट पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करण मेहरा भी दावा कर रहे हैं। लेकिन पार्टी सूत्रों के मुताबिक मुख्य जंग हरक व हरीश रावत के बीच ही सिमटी हुई है।

इधर, बीते घटनाक्रम के तहत ईडी व सीबीआई जांच का सामना कर रहे पूर्व मंत्री हरक सिंह की बहु अनुकृति व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी राणा कांग्रेस छोड़ पार्टी पर दबाव बना चुकी है। इनके इस्तीफे के बाद कांग्रेस के अंदर हरक सिंह के भी पार्टी छोड़ने की चर्चाएं आम हो गयी है। वैसे तो कांग्रेस ने हरक सिंह को उड़ीसा के आब्जर्वर बना कर हरीश रावत का रास्ता साफ करने के संकेत दिए थे। लेकिन एक बार फिर हरक सिंह ने हरिद्वार में उन्हें मिल रहे बाहरी समर्थन का हवाला देते हुए टिकट की जंग जारी रखी हुई है। सूत्रों का कहना है कि हरिद्वार में कांग्रेस हरीश व हरक में से ही किसी को चुनेगी। बहुत महाभारत होने पर किसी तीसरे दावेदार की लॉटरी खुलेगी। ईडी व सीबीआई जांच में उलझे हरक सिंह हरिद्वार टिकट की घोषणा होने के बाद ही भविष्य की राजनीति को तय करेंगे।

**सार संक्षेप**

### मसूरी पहुंचने पर कांग्रेस प्रत्याशी गुनसोला का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**मसूरी।** सूबे की टिहरी लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी जोत सिंह गुनसोला के मसूरी पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। कांग्रेस प्रत्याशी गुनसोला ने सबसे पहले मसूरी के शहीद स्थल पहुंचकर राज्य आन्दोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उसके पश्चात मसूरी कांग्रेस भवन पर आयोजित सभा में ने सभी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और एकजुट होकर पार्टी को जीत दिलाने के लिए लिए तन मन धन से कार्य करने की अपील की। इस मौके पर आयोजित प्रेस वार्ता में कांग्रेस प्रत्याशी गुनसोला ने कहा कि मोदी सरकार की तानाशाही के सारा देश परेशान है। देश में परिवर्तन की लहर है। इस बार देश में कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि परिवर्तन के रूप में टिहरी लोकसभा से कांग्रेस भारी मतों से विजय होगी। उन्होंने कहा कि उनको जनता का अपार समर्थन मिल रहा है। उनका पूरा विश्वास है कि टिहरी लोकसभा से जनता कांग्रेस को वोट करके उनको भारी मतों से विजय बनाएंगी। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर पूरी तरीके से फेल साबित हुई है। मोदी सरकार की गलत नीतियों के चलते देश में बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार चरम पर है। मोदी सरकार द्वारा किए गए वादे पूरे नहीं किए गए हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा देश का भ्रमण कर लोगों को मोदी सरकार की असफलताओं को बताने का काम किया जा रहा है।

### साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**शिमला।** पुलिस ने साइबर ठगी के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में गाजियाबाद उत्तर प्रदेश के मुख्य आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस ने साइबर ठगी मामले में गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर की है। साइबर ठगी की शिकायत पीएनबी बैंक प्रबंधक शाखा सोलन ने पुलिस को दी थी। पुलिस अधीक्षक सोलन गौरव सिंह ने बताया कि 19 मई, 2022 को पंजाब नेशनल बैंक दी मॉल सोलन शाखा के मैनेजर ने पुलिस थाना सदर सोलन में शिकायत दी कि 28 अप्रैल, 2022 को दोपहर को इनके मोबाइल पर एक व्यक्ति का फोन आया, जिसने खुद को आनंद टोयटा ऑटो केयर प्राइवेट लिमिटेड का प्रबंध निदेशक विशाल आनंद बताया और उसने म्युचुअल फंड में पैसा निवेश करने की इच्छा जाहिर की। इस पर बैंक प्रबंधक ने उक्त व्यक्ति पर भरोसा किया और उसके दिए गए खाते, जो कि कुंवर सिंह के नाम से था, में 12,74,000 रुपये ट्रांसफर कर दिए।

### सुडोकू 6501 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 7 | 5 | 3 | 2 | 6 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 5 | 6 | 9 | 1 | 4 | 7 | 2 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 7 | 8 | 3 | 5 | 9 |
| 4 | 5 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 7 |
| 3 | 9 | 2 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 4 |
| 6 | 7 | 8 | 9 | 5 | 4 | 2 | 3 | 1 |
| 7 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 5 | 6 | 4 | 8 | 1 | 9 | 7 | 2 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 7 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 |

## कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग को भेजा पत्र , निष्पक्ष चुनाव के लिए डीजीपी को पद से हटाने की मांग

**देहरादून,** 19 मार्च (देशबन्धु)। उत्तराखंड कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को उनके पद से तत्काल हटाए जाने को लेकर मुख्य निर्वाचन आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग को पत्र भेजा गया है। जिसमें उन्होने वर्तमान पुलिस महानिदेशक के सत्ताधारी दल के साथ निकटस्थ सम्बन्ध होने की बात कही है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग को भेजे गये पत्र के माध्यम से उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा है कि राज्य में 19 अप्रैल 2024 को निंवाचन की तारीख निर्धारित की गयी है। उन्होंने कहा कि राज्य के वर्तमान पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार पुलिस महानिदेशक बनने से पूर्व वर्तमान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रमुख सचिव के रूप में तैनात रह चुके है तथा सत्ताधारी दल के साथ उनकी निकटता जगजाहिर है।

# उत्तराखंड में भाजपा प्रत्याशियों के नामांकन की तारीख तय

## 26 मार्च को टिहरी व गढ़वाल तथा 27 को नैनीताल के प्रत्याशी करेंगे पर्चा दाखिल

■ अमरनाथ तिवारी

**देहरादून,** 19 मार्च (देशबन्धु)। उत्तराखंड भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया के बारे में बात करते हुए बताया कि नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया 22 मार्च से शुरू होगी। पहला नामांकन अल्मोड़ा लोकसभा क्षेत्र से होगा। 22 मार्च को त्रिवेंद्र सिंह रावत हरिद्वार सीट से ऑनलाइन नामांकन भी करेंगे। जबकि 23 मार्च को रोड शो के बाद त्रिवेंद्र हरिद्वार में रिटर्निंग अधिकारी के सामने मौजूद रहकर नामांकन दाखिल किया जाएगा। 26 मार्च को टिहरी और गढ़वाल सीट से नामांकन दाखिल किया जाएगा। इसके साथ ही 27 मार्च को नैनीताल लोकसभा से नामांकन दाखिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं में बहुत उत्साह है। हम सभी नामांकन दाखिल करते समय मौजूद रहेंगे।

बता दें कि भाजपा ने अल्मोड़ा लोकसभा क्षेत्र से सीटिंग एमपी अजय टम्टा पर फिर से दांव खेला है। वहीं, हरिद्वार संसदीय क्षेत्र से पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत को बतौर उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतारा है। इसके साथ ही टिहरी लोकसभा सीट से भी भाजपा ने सीटिंग सांसद माला राज लक्ष्मी शाह पर फिर से भरोसा जताते हुए प्रत्याशी बनाया है। भाजपा ने उत्तराखंड की सबसे बड़ी लोकसभा सीट गढ़वाल (क्षेत्रफल के अनुसार) से अनिल बलूनी को प्रत्याशी बनाया है। वहीं, नैनीताल संसदीय सीट से सीटिंग सांसद अजय भट्ट को उम्मीदवार घोषित किया है।

■ 22 मार्च को अल्मोड़ा व हरिद्वार के प्रत्याशी करेंगे नामांकन
■ मुख्यमंत्री धामी सभी प्रत्याशियों के नामांकन में रहेगें उपस्थित

### डिजिटल इंडिया के तहत ई-नॉमिनेशन को बढ़ावा

भारतीय इतिहास में पहली दफा हो रहा है कि नॉमिनेशन के लिए प्रत्याशी को रिटर्निंग ऑफिसर के पास घंटो खड़े रहने की जरूरत नहीं होगी। भाजपा के मुताबिक, वह ई नॉमिनेशन को बढ़ावा देते हुए हरिद्वार लोकसभा सीट से ऑनलाइन नॉमिनेशन की प्रक्रिया को अंजाम देंगे। आपको बता दें कि ऑनलाइन नॉमिनेशन के बाद भारत चुनाव आयोग द्वारा व्यवस्था की गई है कि प्रत्याशी अपने सभी डाक्यूमेंट्स ऑनलाइन पोर्टल पर लॉग इन करके अपलोड कर सकता है। डॉक्यूमेंट्स सत्यापन के बाद मिलने वाली रसीद को रिटर्निंग ऑफिसर के पास जमा करवाना होगा।

## लुदास की सरिता काजल बनीं सब इंस्पेक्टर

**हिसार,** 19 मार्च (एजेंसियां)। हरियाणा के हिसार जिला के गांव लुदास की सरिता काजल का उत्तर प्रदेश पुलिस में सब इंस्पेक्टर के पद पर चयन हुआ है। सरिता की ट्रेनिंग पूरी हो चुकी है और तीन दिन पहले ही पासिंग आउट परेड हुई है। सरिता के पिता बीरसिंह ने बताया कि बेटी के चयन पर गांव में खुशी का माहौल है और बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। उन्होंने बताया कि इससे पहले सरिता का चयन हरियाणा में दुर्गा शक्ति में हुआ था। इसमें छह माह तक ट्रेनिंग करने के बाद उसका उत्तर प्रदेश पुलिस में सब इंस्पेक्टर पद पर चयन हो गया। इस प्रकार ये सरिता की दूसरी नौकरी है। पिता बीरसिंह ने बताया कि सरिता में शुरू से ही देश सेवा का जज्बा था और इसी के चलते उसे आर्मी, एयरफोर्स या पुलिस जैसी बेल्ट की नौकरी पसंद थी। सरिता ने बीएससी नॉन मेडिकल व बीएड किया है और उसके पास एनसीसी में बी सी सर्टिफिकेट है।



### नदियों को चौनलाइज का मामला

# हाईकोर्ट ने नैनीताल व हरिद्वार डीएम को भेजा अवमानना नोटिस

**नैनीताल,** 19 मार्च (देशबन्धु)। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने पूर्व के आदेश का पालन नहीं करने के खिलाफ दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने नैनीताल और हरिद्वार के जिला अधिकारियों को अवमानना का नोटिस जारी करते हुए चार सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है। मामले के अनुसार हल्द्वानी चोरगलिया निवासी भुवन चन्द्र पोखरिया ने अवमानना याचिका दायर कर कहा है कि उत्तराखंड में वर्षा के समय नदियां उफान में रहती हैं। नदियों के मुहाने अवरुद्ध होने के कारण बाढ़ और भूकटाव होता है। जिसके चलते आबादी क्षेत्र में जलभराव होता है। नदियों के उफान पर होने के कारण हजारों हैक्टेयर वन भूमि, पेड़, सरकारी योजनाएं बह जाती हैं।

नदियों का चौनलाइजेशन नहीं होने पर नदियां अपना रुख आबादी की तरफ कर कर देती हैं। इसकी वजह से उधमसिंह नगर, हरिद्वार, हल्द्वानी, रामनगर, रुड़की और देहरादून में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। पिछले साल बाढ़ से कई पुल बह गए थे। आबादी क्षेत्रों में बाढ़ आने का मुख्य कारण सरकार की लापरवाही है। सरकार ने नदियों के मुहानों पर जमा गाद, बोल्डर, मलबा को नहीं हटाया है। अवमानना याचिका में कहा गया कि सरकार ने उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 14 फरवरी 2023 का पालन नहीं किया। इसकी वजह से प्रदेश में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हुई है। याचिका में कहा गया कि उत्तराखंड सरकार को एक हजार करोड़ रुपया का नुकसान बाढ़ आपदा से हुआ है। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा था कि राज्य सरकार सम्बंधित विभागों को साथ लेकर नदियों से गाद, मलबा और बोल्डर हटाकर उन्हें चौनलाइज करे, ताकि बरसात में नदियों का पानी बिना रुकावट के बह सके। लेकिन अभी तक सरकार ने कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया। जबकि कुछ महीनों के बाद बरसात का सीजन शुरू हो जाएगा।



■ कोर्ट से चार सप्ताह में मांगा जवाब

## नागनी नाला में भूस्खलन से ढाई मंजिला मकान जमींदोज

**शिमला,** 19 मार्च (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के उपमंडल मनाली के जगतसुख में भूस्खलन से ढाई मंजिला मकान जमींदोज हो गया है। आधी रात को हुए भूस्खलन में एक गाय सहित 18 कुत्ते मलबे में दब गए। घर के अंदर रह रहे पति व पत्नी सुरक्षित हैं। मलबे को हटाया जा रहा है। छह कुत्तों को जीवित निकाला गया। बचाव अभियान जारी है। नवदीप सिंह पुत्र सतगुरु सिंह निवासी गांव हरिपुर मनाली ने बताया कि वह शिक्षा विभाग से सेवनिवृत हुए हैं। उनकी पुत्री गायत्री ने जगतसुख के नागनी नाले में योगेश का ढाई मंजिला मकान किराए पर लिया है। गायत्री यहां एनजीओ चलाकर जानवरों का रेस्क्यू सेंटर चलाती हैं। नवदीप ने बताया कि वह अपनी पत्नी व बेटी के साथ जगतसुख में रहते हैं। मकान में एक गाय व 24 कुत्ते भी थे। रात को जब वे सोए हुए थे तो जोरदार धमाका हुआ। लगा कि भूकंप आया है। लेकिन जब उठकर देखा तो पहाड़ी में हुए भूस्खलन का मलबा घर में आ गया। भूस्खलन से घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। भूस्खलन से एक गाय व 18 कुत्ते मलबे में दब गए।

# छह बागी विधायकों के प्रवक्ता बन घूम रहे जयराम ठाकुर

## कांग्रेस नेताओं ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर लगाया आरोप



**जयराम को सता रहा जनता की सजा से डर, अभी से ढूंढ रहे हार के बहाने**

**शिमला,** 19 मार्च (देशबन्धु)। सातवें राज्य वित्तायोग के अध्यक्ष नंद लाल तथा राज्य योजना आयोग के उपाध्यक्ष भवानी सिंह पठानिया ने कहा है कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर बाग़ी कांग्रेस विधायकों के प्रवक्ता बन कर रोज़ बयानबाज़ी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा को हिमाचल प्रदेश की जनता के सामने बाग़ियों के साथ अपने रिश्ते को स्पष्ट करना चाहिए। क्यों जयराम ठाकुर व भाजपा के अन्य नेता बागियों का बचाव कर रहे हैं, कौन उनके फ़ाइव स्टार होटलों में रहने का खर्च उठा रहा है, कौन बाग़ियों के लिए क़ानूनी राय लेने के बयान दे रहा है, कौन उन्हें हेलीकॉप्टर और चार्टर्ड प्लेन से एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जा रहा है, किसकी शह पर उन्हें सीआरपीएफ और हरियाणा पुलिस की सुरक्षा दी गई है। दोनों नेताओं ने कहा कि जय राम ठाकुर और भाजपा के नेताओं को इन सवालों के जवाब हिमाचल प्रदेश की जनता को देने होंगे क्योंकि जनता जवाब चाहती है।


नंद लाल और भवानी सिंह पठानिया ने कहा कि जयराम ठाकुर सत्ता के भूखे हैं और उन्होंने एक चुनी हुई सरकार को गिराने की साज़िश रची है। नेता विपक्ष निरंतर देवभूमि हिमाचल प्रदेश के जनादेश का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पांच साल सत्ता में रहते हुए भाजपा सरकार प्रदेश के लोगों को ठगने का काम किया और विपक्ष में रहते हुए भी बार-बार झूठ बोलने का काम कर रही है। इतिहास पिछली जयराम ठाकुर सरकार को यू-टर्न की सरकार के नाम से याद रखेगा। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को आत्म चिंतन करने की आवश्यकता है और विधानसभा चुनाव 2022 में मिली हार को स्वीकार करना चाहिए। दोनों नेताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को संवैधानिक संस्थाओं में पूरा भरोसा है, जबकि भाजपा नेताओं से सत्ता का मोह छूट नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर भली-भांति जानते हैं कि हिमाचल प्रदेश की जनता अवसरवादी राजनीति को पसंद नहीं करती और आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा की हार निश्चित है, इसलिए वह अभी से हार के बहाने ढूँढने में लग गए हैं।

**तैयारी**

## अर्धसैनिक बलों की 25 कंपनियां तैनात की गई हैं

# पंजाब में 15653 पोस्टर और 7511 बैनर हटाए गए : सिबिन सी

**चंडीगढ़,** 19 मार्च (एजेंसियां) पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) सिबिन सी ने मंगलवार को कहा कि लोकसभा चुनाव की तिथि की घोषणा के बाद आचार संहिता लागू होने के बाद 16 मार्च से 18 मार्च तक राज्य भर में 24,433 दीवार लेखन, 15653 पोस्टर, 7511 बैनर और संपत्ति पर 23,916 विरूपण हटा दिए गए हैं। श्री सिबिन ने कहा कि बाहुबल और धनबल के दुरुपयोग को रोकने के लिए व्यापक प्रयास किए गए हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अर्धसैनिक बलों की 25 कंपनियां तैनात की गई हैं और खतरे के आकलन के आधार पर अतिरिक्त तैनाती की जाएगी। उन्होंने कहा कि एक मजबूत जब्ती प्रबंधन प्रणाली लागू की गई है, जिसके परिणामस्वरूप एक मार्च, 2024 से 113.45 करोड़ रुपए की जब्ती हुई है। मुख्य चुनाव अधिकारी ने कहा कि सी-विजिल के माध्यम से 119 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 86 वैध पाई गईं और उनका समाधान कर दिया गया। अंतरराज्यीय चौकियों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और अंतर-जिला चौकियों पर आवश्यक उपकरणों से लैस उड़नदस्ते तैनात किए गए हैं। उन्होने कहा कि राज्य के 24,433 मतदान केंद्रों में से 2,416 की अब तक संवेदनशील के रूप में पहचान की गई है, जिसके लिए अतिरिक्त सुरक्षा उपायों की आवश्यकता है। सभी मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी स्थापना और केंद्रीकृत निगरानी लागू की जाएगी। लोकसभा चुनाव 2019 में राष्ट्रीय और राज्य के औसत से कम मतदान हुआ था, इस बार खासकर लगभग 12,000 मतदान केंद्रों पर जहां मतदाता मतदान बढ़ाने का प्रयास करेंगे। सिबिन सी ने कहा कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त को मतदान केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, साइनेज, रैंप/व्हीलचेयर, हेल्पडेस्क, मतदाता सुविधा केंद्र, पर्याप्त रोशनी और शेड की सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।



## उत्तराखंड के नए गृह सचिव बने दिलीप जावलकर

**देहरादून,** 19 मार्च (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव से पहले उत्तराखंड के गृह सचिव को चुनाव आयोग ने पद से हटा दिया था। मंगलवार को प्रदेश के नए गृह सचिव की जिम्मेदारी आईएएस दिलीप जावलकर को दी गई। चुनाव आयोग ने गृह सचिव के पद के लिए उनके नाम को हरी झंडी दे दी है। वर्तमान में दिलीप जावलकर सचिव वित्त की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। गृह सचिव के लिए राज्य के पैनल की ओर से तीन नामों का प्रस्ताव आयोग को भेजा गया था, जिसमें आयोग ने दिलीप जावलकर के नाम पर अपनी मंजूरी दी। इससे पहले शैलेश बगोली गृह सचिव की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। चुनाव आयोग के निर्देश पर शैलेश बगोली को गृह सचिव के पद से हटाया गया है। गृह सचिव शैलेश बगोली मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के भी सचिव हैं।

# प्रादेशिकी

## थाने के सामने डीसीएम में ले जाई जा रही गायों को पकड़ा

**फर्रुखाबाद,** 19 मार्च (देशबन्धु)। डीसीएम में भूसे की तरह भरकर ले जाई जा रहीं गौवंशों को हिन्दू रक्षा दल के पदाधिकारियों नें पकड़ा। पकड़ीं गईं गायों को गौशाला में छोड़ा गया। पुलिस नें डीसीएम चालक सहित तीन को हिरासत में लिया है। गौ रक्षक दल के पदाधिकारी दलवीर, रत्नेश कुशवाहा, अंकित अवस्थी व शिवम अवस्थी आदि ने राजेपुर की तरफ से आ रही डीसीएम को थाना अमृतपुर के सामने रोंक लिया। डीसीएम में कुल 27 गौवंश भूसे की तरह भरे मिले। डीसीएम के भीतर एक गौवंश की मौत भी हो गई थी। डीसीएम चालक रंजीत पुत्र अजब सिंह निवासी शमशाबाद फर्रुखाबाद के विरुद्ध तहरीर दी गई। पुलिस नें डीसीएम चालक सहित दो को हिरासत में ले लिया जबकि गायों को सुरक्षित गौशाला छोड़ दिया गया। थानाध्यक्ष मीनेश पचौरी ने बताया कि तहरीर मिल गई है। मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# भ्रामक खबरों को फैलाने से बचे मीडिया : मीणा

**मेरठ,** 19 मार्च (देशबन्धु)। विकास भवन सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में समस्त मुद्रणालयों तथा प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी निर्वाचन पम्पलेट, पोस्टर तथा प्रकाशक द्वारा मुद्रित ऐसी अन्य सामग्री पर मुद्रक तथा प्रकाशक के नाम व पते का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाए। प्रिंट मीडिया में मतदान दिवस, मतदान से पूर्व दिवस पर विज्ञापन हेतु विज्ञापनों के पूर्व प्रमाणन के लिए उम्मीदवार को एमसीएमसी टीम को प्रकाशन की तिथि से दो दिन पूर्व आवेदन करना होगा। निर्वाचन से संबंधित अपुष्ट व भ्रामक खबरों को चलाने से बचे। कोई व्यक्ति निर्वाचन से संबंधित पम्पलेट, पोस्टर जब तक मुद्रित नहीं करेगा जबतक कि प्रकाशक के पहचान की घोषणा उनके द्वारा हस्ताक्षरित तथा दो व्यक्ति जो उन्हें व्यक्तित्व रूप से जानते हो द्वारा सत्यापित न हो। उन्होंने कहा कि प्रत्येक निर्वाचन पम्पलेट, पोस्टर आदि के संबंध में जो कि इस प्रकार की प्रिंटिंग के तीन दिनों के अंदर उसके द्वारा मुद्रित किए गए हो प्रिंटर द्वारा इस प्रकार की सूचना अलग से दी जाए। मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति सभी समाचार पत्रों, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, केबिल नेटवर्क, मोबाइल नेटवर्क और जन संचार के अन्य माध्यमों जैसे बल्क ई-पेपर, वेबसाईट आदि देखेगा और उम्मीदवारों और पार्टियों से संबंधित विज्ञापनों, विज्ञापनिकाओं संदेशो का रिकार्ड देखेगा। उन्होंने कहा कि कोई भी विज्ञापन समाचार पत्र व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा पेड न्यूज के रूप में ना चलाया जाए। कानूनी रूप से विज्ञापन का प्रकाशन किया जाए। उन्होंने कहा कि उम्मीदवार/पार्टी सोशल मीडिया पर विज्ञापन के व्यय सहित प्रचार के सभी व्यय को, व्यय के सही लेखे का अनुरक्षण करने के लिए और व्यय की विवरणी प्रस्तुत करने, दोनों ही के लिए शामिल करेगा। उम्मीदवार द्वारा सोशल मीडिया वेबसाईटों सहित इंटरनेट आधारित कोई भी मीडिया/वेबसाइटो के लिए कोई भी राजनैतिक विज्ञापन एमसीएमसी कमेटी से पूर्व प्रमाणन कराये बिना रिलीज नहीं करेंगा। इस अवसर पर सीडीओ नूपुर गोयल, अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त सूर्य कांत त्रिपाठी, मुख्य कोषाधिकारी वरूण खरे, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी, मुद्रणालय तथा प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रेस की यह डयूटी होगी कि निर्वाचन से संबंधित रिपोर्ट प्रकाशित करते समय अखबार किसी भी ढ़ग से अस्वस्थ निर्वाचन अभियान में भाग न लें तथा किसी भी राजनैतिक दल व उम्मीदवार से संबंधित घटना को बढ़ा-चढ़ाकर प्रकाशित न करें। निर्वाचन अभियान के दौरान धार्मिक, जातिसूचक वाक्य पूर्णतः प्रतिबंध है प्रेस ऐसे समाचार प्रकाशित न करें जिससे धार्मिक समुदाय, लिंग, भाषा और जाति के बीच शत्रुता वैमनस्यता फैले। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 से संबंधित नोडल अधिकारियो के साथ समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्वाचन से संबंधित मतदान, मतगणना कार्मिक व्यवस्था, माइक्रोआर्ब्जवर, कार्मिको की नियुक्ति एवं प्रशिक्षण, प्रेक्षक व्यवस्था, वीडियोग्राफी, वेबकास्टिंग, ईवीएम, वीवीपैट, राजनैतिक दलों को जानकारी उपलब्ध कराना, निर्वाचन तैयारी का रिकॉर्ड सुरक्षित रखना, कमिशनिंग, रेन्डेमाईजेशन, निर्वाचन सामग्री, मतपत्र व्यवस्था संबंधी कार्य, मीडिया ब्रीफिंग, एपिक, पोस्टल बैलेट, आदर्श आचार संहिता, स्वीप, एमसीएमसी आदि कार्यों से संबंधित नोडल अधिकारियो को समग्रता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।



**प्रचार सामग्री के प्रकाशन से पहले लेनी होगी अनुमति : दीपक मीणा**

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने की प्रकाशन प्रतिनिधियों के साथ बैठक
- मुद्रक तथा प्रकाशक के नाम व पते का स्पष्ट रूप से होगा उल्लेख

### राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को चुनावी खर्च का देना होगा हिसाब

**मेरठ।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को पारदर्शी, निष्पक्ष, सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देशन में लगातार कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को जिलाधिकारी द्वारा राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के संबंध में बैठक आहूत की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना कोई भी रैली, सभा, बैठक आयोजित नहीं की जायेगी। किसी भी राजनैतिक दल प्रत्याशी के कार्यकर्ताओं/समर्थकों द्वारा किसी भी प्रकार से आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन अपराध किया जाता है तो इसके लिए प्रत्याशी राजनैतिक दल भी उत्तरदायी होंगे।

## भारत-तिब्बत भू-सांस्कृतिक संबंध विषय पर व्याख्यान आयोजित




**मेरठ,** 19 मार्च (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्विद्यालय में 'भारत-तिब्बत भू-सांस्कृतिक संबंध' विषय पर व्याख्यान का आयोजन सुभारती बुद्धिस्ट स्टडीज, सुभारती लॉ कॉलेज एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता एवं मुख्य अतिथि सुशील कुमार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र कार्यकारणी सदस्य, पश्चिम उत्तर प्रदेश थे। जबकि कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेविका निधि बहुगुणा, डॉ. रविंद्र कुमार, प्रधान वैज्ञानिक, भारत सरकार आदि शामिल रहे। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक सुशील कुमार ने कहा कि भारत और तिब्बत के बीच भू-सांस्कृतिक सम्बन्ध घनिष्ठ रहे हैं। इन दोनों क्षेत्रों के बीच ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान की लंबी परंपरा रही है। उन्होंने कहा कि भारत और तिब्बत के ऐतिहासिक संबंधों की शुरुआत गुप्त वंश के समय से ही है। बौद्ध और हिन्दू धर्म का तिब्बत पर गहरा प्रभाव रहा है। गौतम बुद्ध के शिक्षाओं का प्रसार तिब्बत में हुआ और वहां बौद्ध धर्म का एक महत्वपूर्ण केंद्र बना।

गुरु-शिष्य परंपरा ने तिब्बती धर्म और संस्कृति को प्रभावित किया है। तिब्बत में भारतीय गुरुओं के आगमन के बाद धर्म, विज्ञान, कला, और साहित्य में वृद्धि हुई। सुशील कुमार ने कहा कि भारत और तिब्बत के बीच सीमा विवाद होने के बावजूद दोनों देशों के बीच व्यापार, पर्यटन, और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए नेतृत्व के स्तर पर समझौते होते रहे हैं। उन्होंने अपने वक्तव्य में इस बात पर जोर दिया कि हम सबको तिब्बत को उसका हक दिलाना होगा।

**सार** संक्षेप

### हादसे में कार चालक सहित तीन बारातियों की मौत

**फर्रुखाबाद।** बारातियों की कार दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से से चालक सहित तीन लोगों की मौत हो गई। कोतवाली छिबरामऊ के ग्राम बुंचपुर निवासी तिलक सिंह शाक्य के बेटे प्रवीण की बारात बीती रात सातनपुर आलू मंडी क्षेत्र में आई थी। जनपद कन्नौज के कस्बा कसाबा निवासी रामखिलावन कश्यप ओमनी कार में तीन बारातियों को लेकर वापस जा रहा था। थाना बिशुनगढ़ के ग्राम मोहकमपुर निवासी महावीर शाक्य का 28 वर्षी पुत्र अनमोल, बूचपुर निवासी तुलाराम प्रजापति का 30 वर्षीय पुत्र रामजीत एवं नगला नौसन निवासी आदेश का 26 वर्षीय पुत्र शिवम कार में बैठे थे। रात करीब सवा बजे कार छिबरामऊ मार्ग के ग्राम बहोरिकपुर एवं काली नदी पुल के बीच फौजी पेट्रोल पंप के निकट से गुजर रही थी। उसी समय छिबरामऊ की ओर से तेजी से आये ट्रक के चालक ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक चालक एवं दो बारातियों की मौके पर ही मौत हो गई।

### मतदान जागरूकता अभियान चलाया गया

**मेरठ।** जनपद मेरठ में स्वीप के अंतर्गत लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को मध्य नजर रखते हुए रील बनाने वालों के लिए जिलाधिकारी दीपक मीणा, मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गामिनी सिंगला के निर्देशन में मतदान जागरूकता से संबंधित मेरठ के मैस्कॉट डॉल्फिन का उपयोग करते हुए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रील बनाने के लिए एक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। कोई भी व्यक्ति समाज का मतदान जागरूकता से संबंधित रील बनाकर व्हाट्सएप के माध्यम से बार कोड स्कैन कर या 7088264764 पर व्हाट्सएप के माध्यम से भेज सकते हैं सबसे अच्छी रील बनाने वाले को जिला प्रशासन की तरफ से 10000 प्रथम पुरस्कार तथा एक सम्मान पत्र दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले को 5000 रुपए एवं सम्मान पत्र तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले को 2500 रुपए एवं सम्मान पत्र जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दिया जाएगा।

### सरकार में नहीं मिल रहा मंदिरों को वार्षिक भत्ता : अजय राय

**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मंगलवार को कहा कि मंदिरों को वार्षिक भत्ते के बारे में इलाहाबाद उच्च न्यायालय का चिंता जाहिर करना उत्तर प्रदेश सरकार की मंदिरों को लेकर कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। राय ने जारी बयान में कहा कि न्यायालय ने महत्वपूर्ण फैसले में चिन्ता जाहिर की है कि यह बहुत ही दुखद है कि मंदिरों को राज्य सरकार से अपना जायज हिस्सा लेने के लिए कोर्ट तक आना पड़ रहा है। ठाकुर रंगजी महाराज विराजमान मंदिर मथुरा द्वारा सरकार के खिलाफ किए गए मुकदमें में उन्होंने कहा कि एक जनवरी 2020 से उनका वर्षिक भत्ता जो यूपी जमींदार उन्मूलन व भूमि सुधार अधिनियम 1950 के सेक्शन 99 के तहत निर्धारित है नहीं मिला रहा है, इतना ही नहीं उनके साथ साथ वृन्दावन के अन्य 8 मंदिरों को वार्षिक भत्ता नहीं मिला है। मुकदमा सुन रहे न्यायमूर्ति ने सरकार की इस दलील पर आश्चर्य प्रकट किया कि मंदिरों को पैसा फंड की कमी की वजह से नहीं दिया गया।

## प्राकृतिक आपदा प्रबंधन की निबंध प्रतियोगिता में शूरवीर ग्रुप प्रथम

**मवाना,** 19 मार्च (देशबन्धु)। एएस (पीजी) कॉलेज, मवाना के राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई 1 व 2 के संयुक्त शिविर के चतुर्थ दिवस मंगलवार को का प्रारम्भ राष्ट्रगान के गायन के साथ किया गया। इसके उपरांत स्वयं सेवको ने शिविर स्थल की सफाई की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रबंध समिति सचिव दीपक कुमार ने सभी स्वंय सेवको को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया तथा भविष्य में आगे बढ़ने को प्रेरित किया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. अरूण कुमार ने राष्ट्रीय सेवायोजना शिविर के अब तक के सफल आयोजन के लिए दोनों कार्यक्रम अधिकारी की सराहना की।

शिविर के प्रथम सत्र में प्राकृतिक आपदा प्रबंधन एवं जल संरक्षण विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके अन्तर्गत शूरवीर ग्रुप प्रथम स्थान, भगत सिंह ग्रुप द्वितीय स्थान व चेंज मेकर्स तृतीय स्थान पर रहे। निबंध प्रतियोगिता के लिए निर्णायक मण्डल में कार्यक्रम अधिकारी डा.कुलदीप मलिक व डा. नीतू सिंह रहे।

शिविर के द्वितीय सत्र में स्वयंसेवको को पंचम दिवस पर होने वाले कन्या भ्रूण हत्या, महिला सशक्तिकरण व समाज में व्याप्त कुरीतियां विषय पर नाटक प्रतियोगिता का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम के दौरान डा. पूनम रानी, नवीन कुमार व विष्णु गुप्ता का विशेष सहयोग रहा। शिविर का समापन वंदे मातरम के गायन के साथ किया गया।

# चौधरी चरण सिंह के सिद्धांतों पर चलने वाली पार्टी रालोद : त्रिलोक

**मेरठ,** 19 मार्च (देशबन्धु)। राष्ट्रीय लोकदल के पार्टी कार्यालय पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय महासचिव(संगठन) त्रिलोक त्यागी ने पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि

- विपक्ष पर जमकर बरसे राष्ट्रीय महासचिव
- मेहनत से कार्य करने के लिए कार्यकर्ताओं को प्ररित किया

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह जी को केंद्र की एनडीए सरकार द्वारा भारत रत्न देकर बहुत बड़ा सम्मान दिया है और राष्ट्रीय लोकदल का एनडीए गठबंधन में जुड़ने से भाजपा और एनडीए गठबंधन की ताकत मजबूत होगी। त्रिलोक त्यागी ने कहा कि विपक्ष के पास कैंडिडेट नही हैं और न ही मुद्दे हैं। सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा पर राष्ट्रीय लोकदल-भाजपा गठबंधन के प्रत्याशी भारी वोटों से चुनाव जीत रहे हैं और तीसरी बार केंद्र में एनडीए गठबंधन की सरकार बनने जा



रही है। राष्ट्रीय लोकदल किसान मजदूरों की पार्टी है और रहेगी, राष्ट्रीय लोकदल द्वारा हमेशा से किसानों, मजदूरों, अल्पसंख्यक, दलित,पिछड़ों की आवाज उठायी है और आगे भी उठाती रहेगी। राष्ट्रीय लोकदल का प्रत्येक कार्यकर्ता, भाजपा और एनडीए गठबंधन के घटक दल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता के साथ समन्वय बना कर मजबूती से कार्य करेगा और प्रत्येक उम्मीदवार को संसद भेजना का काम करेगा। त्रिलोक त्यागी ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल चौधरी चरण सिंह के सिद्धांतों पर चलने वाली पार्टी है और राष्ट्रीय लोकदल प्रत्येक समाज का सम्मान करता है और हमेशा करता रहेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को प्रेरित कर कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए हर एक कार्यकर्ता पूरी लगने व महनत से कार्य करे। कार्यक्रम में पूर्व विधायक विनोद हरित, प्रदेश अध्यक्ष संगीता दोहरे, प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र खजूरी, जिला अध्यक्ष मतलूब गौड़, प्रदेश महासचिव आतिर रिजवी, विनय प्रधान, संजय पनवाड़ी, प्रताप लोईया जिला पंचायत सदस्य,महानगर अध्यक्ष नईम सागर, प्रतीक जैन, आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### दर्जनों ने थामा रालोद का दामन

वहीं समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को छोड़कर बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं पूर्व पदाधिकारी तथा वर्तमान प्रधान व जिला पंचायत सदस्य द्वारा राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालों में हाजी जहीर अब्बासी, अरशद अलवी, शहजाद अब्बासी, नूर हसन बहसूमा, आनंद जाटव, रहीसुद्दीन अब्बासी, परवेज अब्बासी, नौशाद सठला, ताज मोहम्मद राजपूत, सलमान सठला, रफी सलमानी, अजीत जाटव, राकेश त्यागी, शिव कुमार नागर, तौफीक राजपूत, निजाम सैफी, समरेज अब्बासी, सुन्दर जाटव, अनिल जाटव, शादाब खान, गौरव चौध, नुरुल्लाह, महिपाल यादव, प्रमोद कुमार, इरशाद पुट्ठी, दुष्यंत कुमार, अरविन्द शर्मा, जुगल प्रधान आदि शामिल रहे।

## 2836 बुजुर्ग मतदाताओं को घर से मतदान की सुविधा

**मवाना,** 19 मार्च (देशबन्धु)। बुजुर्गों को घर से ही मतदान की सुविधा के नियम में इस बार केंद्रीय चुनाव आयोग ने बदलाव किया है। अब तक 80 वर्ष से अधिक के मतदाता घर से मतदान कर सकते थे, लेकिन इस बार से 85 वर्ष से अधिक के मतदाता ही घर से वोट कर सकेंगे। हस्तिनापुर विधान सभा क्षेत्र में 2836 बुजुर्ग मतदाताओं को घर से मतदान की सुविधा दी जायेगी। उनसे जल्द ही फार्म भरवा लिये जायेंगे। इसके बाद चुनाव आयोग से उनके नाम बैलेट पेपर जारी होंगे। बिजनौर लोकसभा क्षेत्र में हस्तिनापुर विधान सभा भी शामिल है, जिसमें कुल मतदाता 350529 है। इनमें पुरूष मतदाता 190043 व महिला मतदाता 160464 और थर्ड जेंडर के कुल 22 मतदाता है। इन मतदाताओं में 85 साल से 109 आयु तक के कुल मतदाता 2836 है। इन बुजुर्ग मतदाताओं और दिव्यांगों को घर से ही मतदान करने की सुविधा मिलेगी। इसके लिए तहसील स्तर पर पूरी तैयारी कर ली गई है। तहसील के रजिस्ट्रार कानूनगो कार्यालय के अनुसार बुधवार को सुपरवाइजरों को बुजुर्ग मतदाताओं से भरे जाने वाले 12-डी फार्म दिये जायेंगे। इसके लिए सम्बंधित सुपरवाइजरों के लिए बंडल तैयार कर लिए गए हैं। इससे पहले 80 साल से ऊपर के बुजुर्गों को घर बैठे मतदान करने की सुविधा 2019 में मिली थी। इसके बाद कई बुजुर्ग मतदाताओं ने सुविधा का लाभ लिया।

**मवाना तहसील में फार्म देने की पूरी तैयारी**

हालांकि कुछ बुजुर्ग मतदाता खुद मतदान केंद्र जाकर वोट डालने को प्राथमिकता देते हैं। सहायक रिटर्निंग आफिसर मवाना अंकित कुमार ने बताया कि चुनाव आयोग ने निर्देश दिए हैं कि मतदान प्रक्रिया में सेवाएं देने वाले लोगों को भी पोस्टल बैलेट के जरिये मतदान का अधिकार होगा।

## पन्ना प्रमुख व बूथ अध्यक्ष भाजपा चुनाव की नींव

**मवाना,** 19 मार्च (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी की हस्तिनापुर विधानसभा के द्वारा मवाना नगर के मंडल अध्यक्ष सचिन कौशिक की अध्यक्षता में एक बैठक मवाना नगर पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक व बूथ कमेटी की गई, जिसमें बिजनौर लोकसभा सह प्रभारी लीना सिंघल, बिजनौर लोकसभा संयोजिका कमलेश सैनी ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को चुनावी रणनीति से अवगत कराया। लोकसभा संयोजिका कमलेश सैनी ने कहा कि हमें अपने भाजपा लोकदल संयुक्त गठबंधन बिजनौर लोकसभा प्रत्याशी चंदन चौहान को भारी मतों से एकजुटता के साथ विजयी बनाना है क्योंकि जितना चलेगा नल उतना खिलेगा कमल। बैठक में लोकसभा सह प्रभारी, हस्तिनापुर विधानसभा संयोजक सोमनाथ पपनेजा व मवाना नगर पूर्व नगर अध्यक्ष गोविंद गुप्ता ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। बैठक का संचालन महामंत्री अमरदीप ने किया। लोकसभा विस्तारक आतिश शर्मा ने कहा कि आपका पन्ना प्रमुख और बूथ अध्यक्ष हमारे किसी भी चुनाव की नींव है, जो दिखाई नहीं देती लेकिन पूरी ईमारत उसी पर खड़ी होती है। सोमनाथ पपनेजा ने कहा कि हम सभी आज से ही अपने आपको चुनावी रूप मे ढाल कर कार्य शुरु कर दे।

**भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की बैठक**

## लोकसभा चुनाव के चलते की गई बड़ी कार्रवाई

**मेरठ,** 19 मार्च (देशबन्धु)। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी बलराम सिंह ने बताया कि जनपद मेरठ की 7 विधानसभा क्षेत्र हेतु लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के संबंध में 19 मार्च तक बड़ी कार्यवाही की गई। जिसमें जनपद में एफएसटी (उड़न दस्ता) हेतु 33 टीमों का गठन किया गया है। दिनांक 19 मार्च को स्टेट पुलिस विभाग टीम द्वारा 282 लीटर शराब मूल्य अंकन लगभग 1,14920 का जब्तीकरण किया गया, मेरठ जनपद के अन्तर्गत पब्लिक प्रापर्टी से कुल 277 तथा प्राईवेट प्रार्पटी से कुल 384 पोस्टर, बैनर व वॉल लेखन हटवाये गये है, जनपद में एसएसटी (स्थाई निगरानी) हेतु 21 टीमों का गठन किया गया है यह टीम जनपद में नोटिफिकेशन के दिनांक 28 मार्च से सक्रिय रहेगी, जनपद में सात विधानसभा हेतु 7 लेखा टीम बनाई गई है, जनपद में सात विधानसभा हेतु सात वीडियो निगरानी टीम बनाई गई है। जनपद में सात वीडियो अवलोकन टीम का गठन किया गया है, कलक्ट्रेट बचत भवन में बनाए गए कन्ट्रोल रूम में स्थापित लैण्ड लाईन नम्बर 0121-2664134 एवं टोलफ्री नं. 1950 पर कुल 3 (वोटर कार्ड बनावाने हेतु) शिकायतें प्राप्त हुई, जिनका निस्तारण कर दिया गया, जनपद में प्रेक्षक के आगमन से पूर्व अपर जिलाधिकारी मेरठ द्वारा उनके रहने एवं खानपान की व्यवस्था कर ली गई है तथा लायजन अधिकारियों के साथ बैठक की गई है, मतदान हेतु पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं माईको आर्जवर का पूल तैयार किया जा रहा है।

**प्रदर्शन** *भाकियू कार्यकर्ताओं ने समिति सचिव का दफ्तर घेरा*

# पर्यवेक्षकों के खिलाफ जांच की मांग उठाई

**मवाना,** 19 मार्च (देशबन्धु)। भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को कई मांगों को लेकर सहकारी गन्ना समिति सचिव के दफ्तर को घेरा। नारेबाजी करते हुए कार्यकर्ताओं ने मौके पर सचिव को बुलाने की मांग की। जिला गन्ना अधिकारी डा.दुश्यंत कुमार ने एनसीआर महासचिव नरेश चौधरी से वार्ता की। किसानों की शिकायतों की जांच के लिए दो दिन का समय मांगा। डीसीओ व गन्ना समिति प्रभारी सचिव के आश्वासन पर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने धरना स्थगित कर दिया।

भारतीय किसान यूनियन के एनसीआर महासचिव नरेश चौधरी के नेतृत्व में शमसुद्दीन, लक्ष्मण यादव, मोहित यादव, मुखिया मुकेश मटौरा, प्रधान इकबाल फिटकरी, सर्वेन्द्र, तेजपाल, ऋषिपाल यादव समेत अनेक किसान मंगलवार को करीब 11 बजे मवाना सहकारी गन्ना समिति कार्यालय पहुंचे। समिति सचिव का कार्यालय बंद देख किसानों ने नाराजगी जताई और नारेबाजी की। किसानों ने समिति सचिव कार्यालय के बाहर धरना शुरू कर दिया। वहां मौजूद अन्य कर्मियों ने समिति प्रभारी सचिव प्रदीप कुमार को धरना शुरू करने की जानकारी दी। धरने पर बैठे किसानों ने बताा कि अतलपुर के किसान का गन्ना भुगतान वर्ष 2000 से रोक रखा है। समिति के गन्ना पर्यवेक्षक नितिन कुमार गन्ना भुगतान नहीं कर रहे हैं और कागजी कार्रवाई में अड़चन लगा किसान को परेशान किया जा रहा है। किसान को बौंड भी बंद कर दिया है। किसानों ने आरोप लगाया कि दूसरे पर्यवेक्षक अमित कुमार बड़े काश्तकारों से मिलीभगत करके 12 वें सप्ताह की गन्ना पर्चियों को दसवें सप्ताह में चढ़ा रहे है, जबकि अनेक किसान गन्ना पर्चियों के लिए भागदौड़ कर रहे हैं।

- डीसीओ ने फोन पर वार्ता कर दिया आश्वासन

किसानों ने बताया कि इन दोनों गन्ना पर्यवेक्षकों के खिलाफ सचिवालय स्तर पर कई गंभीर शिकायतों की जांच लम्बित हैं। इनके क्षेत्र के किसान कई बार इनकी मौखिक व लिखित शिकायतें कर चुके हैं। किसानों के अनुसार डीसीओ ने फोन पर एनसीआर महासचिव नरेश चौधरी से वार्ता की और उनकी शिकायतों का दो दिन में कराने का आश्वासन दिया।

जांच के बाद दोषी पाए जाने पर कार्रवाई का भरोसा दिलाया। समिति प्रभारी सचिव प्रदीप कुमार ने अतलपुर के किसान के गन्ना मूल्य भुगतान की समस्या का समाधान कर दिया, जबकि पर्यवेक्षक अमित कुमार के मामले की दो दिन में जांच कराने की बात कही। गांव अकबरपुर गढ़ी में एक किसान के नाम पर सैनिक सुविधा चढ़ा दी है। इस मामले में गन्ना पर्यवेक्षक का जवाब-तलब किया गया है।

## इन्द्र ने मुरलीधर की पूजा कर भोग लगाया

**मवाना,** 19 मार्च (देशबन्धु)। हस्तिनापुर रोड स्थित मधुबन वैकेंट हाल में भक्ति प्रकृति सेवा संस्थान मवाना के तत्वावधान में आयोजित श्रीमदभागवत कथा के पंचम दिवस मंगलवार को मोहन गोकुल धाम पीठाधीश्वर कृष्णा संजय महाराज ने बताया कि गोवर्धन लीला में इन्द्र लगातार सात दिन तक मूसलाधार वर्षा करते रहे, तब उन्हें एहसास हुआ कि उनका मुकाबला करने वाला कोई आम मनुष्य नहीं हो सकता। अतरू वे ब्रह्मा के पास पहुंचे और सब वृतान्त कह सुनाया। ब्रह्मा ने इन्द्र से कहा कि आप जिस कृष्ण की बात कर रहे हैं वह भगवान विष्णु के साक्षात अंश हैं और पूर्ण पुरूषोत्तम नारायण हैं। ब्रह्मा के मुख से यह सुनकर इन्द्र अत्यंत लज्जित हुए और श्री कृष्ण से कहा कि प्रभु मैं आपको पहचान न सका, इसलिए अहंकारवश भूल कर बैठा। आप दयालु हैं और कृपालु भी इसलिए मेरी भूल क्षमा करें। इसके पश्चात देवराज इन्द्र ने मुरलीधर की पूजा कर उन्हें भोग लगाया। उन्होंने कथा में कहा कि इस पौराणिक घटना के बाद से ही गोवर्धन पूजा की जाने लगी। बृजवासी इस दिन गोवर्धन पर्वत की पूजा करते हैं। गाय बैल को इस दिन स्नान कराकर उन्हें रंग लगाया जाता है व उनके गले में नई रस्सी डाली जाती है। आगे महाराज ने बताया कि गोवर्धन पूजा हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। दीपावली की अगली सुबह गोवर्धन पूजा की जाती है। लोग इसे अन्नकूट के नाम से भी जानते हैं।

- मवाना में श्रीमदभागवत कथा का पांचवां दिन

देशबन्धु नई दिल्ली, बुधवार, 20 मार्च, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

# दुनिया रंग-बिरंगी

## फिल्म 'देवा' में अपने स्टंट खुद करते नजर आए एक्टर पावेल

**मुंबई।** अपकमिंग फिल्म 'देवा' में शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े के साथ एक्टर पावेल गुलाटी स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। उन्होंने फिल्म में अपने स्टंट खुद किए हैं। एक्शन शैली के प्रति अपने जुनून को लेकर एक्टर ने सीन में बॉडी डबल्स को न लेते हुए अपने सारे स्टंट खुद करने का फैसला किया। अपने अनुभव पर बात करते हुए पावेल ने कहा कि फिल्म 'देवा' पर काम करना चुनौतियों के साथ एक रोमांचक यात्रा रही है। मैंने एक्शन से भरपूर सीन के लिए अपनी जान लगा दी। एक्टर ने आगे कहा कि अपने स्टंट खुद करना एक कठिन लेकिन अच्छा अनुभव रहा, जिससे मुझे चरित्र के सार को पूरी तरह से अपनाने और एक्शन दृश्यों की प्रामाणिकता को बढ़ाने का मौका मिला।

# 'गौरैया' चंबल घाटी में घर-घर नजर आ रही संकटग्रस्त

### करीब 50 की तादात में गौरैया आई नजर

### ब्रिटेन, इटली, फ्रांस, जर्मनी जैसे देशों में गौरैया की संख्या में गिरावट

**इटावा,** 19 मार्च (एजेंसियां)। नन्ही 'गौरैया' चिड़िया भले ही देश दुनिया से विलुप्तप्राय: पक्षी मानी जा रही हो लेकिन चंबल की दुर्गम घाटी और इर्दगिर्द क्षेत्रों में निवास कर रहे लोगों की जागरुकता के चलते इटावा और आसपास घर घर मे अपनी मौजूदगी से हर किसी को बेहद गदगद कर रही है।

घर घर में गौरैया की मौजूदगी के बाद ऐसा माना जा रहा है कि गौरैया चिड़िया का सबसे बड़ा संरक्षक जिला इटावा बन गया है। पर्यावरणीय विशेषज्ञ ऐसा मान कर चल रहे हैं कि गौरैया चिड़िया को लेकर हर ओर उनके संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक करने की पहल का व्यापक असर इटावा और आसपास हुआ है जिसके बाद घर घर गौरैया नजर आना शुरू हो गई है।

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सक्रिय सोसायटी फार कंजर्वेशन आफ नेचर के महासचिव डॉ. राजीव चौहान ने सर्वेक्षण रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि गौरैया के संरक्षण की दिशा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में इटावा के लोगों ने अपने अपने घरों में कृत्रिम घोसले लगा रखे हैं और उन घोसलों में गौरैया चिड़िया अंडे देती है उसके बाद बच्चे बाहर आते है। इन छोटे-छोटे बच्चों को देखकर के लोग ना केवल खुश होते बल्कि संरक्षक की भूमिका भी अदा करने में लगे हुए हैं। ऐसा नहीं है कि केवल एक या दो घरों मे ही गौरैया चिड़िया के बच्चे पल रहे हो बल्कि हजारों की सख्या में ऐसे घर सामने आये है जिनमे गौरैया चिड़िया ने अंडे दिए उसके बाद उनमे कइयो बच्चे खुले आसमान में लोगो को आनंदित कर रहे है। आईटीआई के पास गंगा बिहार कालोनी में रहने वाली प्राथमिक शिक्षिका सुनीता यादव ने अपने घर में करीब बीस की सख्या में घोंसले लगाए हुए है। उनके घर पर करीब 50 की तादात में गौरैया नजर आती है। उनका कहना है कि गौरैया संरक्षण की दिशा में उनके स्तर से करीब 300 के आसपास घोसले विभिन्न लोगों को बांटे जा चुके हैं। इटावा के आवास विकास कालौनी मे रहने वाली माधवी बताती है कि आज से चार और पांच साल पहले उनको गौरैया चिड़िया के संरक्षण के लिए घोसला मिला था जिसके बाद उनके घर पर गौरैया आना शुरू हो गई और उन्होने अंडे भी दिये और उनके बच्चे होने लगे। ऐसा लगातार चल रहा है।

इसी तरह फ्रेंडस कालौनी इलाके के एडवोकेट विक्रम सिंह के घर पर पिछले पांच सालो से गौरैया चिडिया अपना खुद वा खुद ना केवल घोसला बनाती है बल्कि अंडे देती है जिनके छोटे छोटे बच्चे गौरैया चिडिया की संख्या मे इजाफा करते है। वकील विक्रम सिंह यादव के घर गौरैया चिड़िया ने लॉकडाउन के भी दरम्यान दो अंडे दिए। बच्चों की सुरमयी चहचहाट से गदगद विक्रम ने कहा कि वो बेहद खुश इस बात से बने हुए है कि उनका परिवार गौरैया संरक्षण की सही भूमिका अदा कर रहा है। इटावा के केंद्रीय विद्यालय में पढ़ रहे कक्षा 10 के छात्र रुद्र प्रताप सिंह को गौरैया संरक्षण के प्रति इतना लगाव हुआ कि उसने अपने शिक्षक पिता अवनींद्र जादौन के साथ मिलकर करीब 200 के आसपास घोंसले आमलोग को बांट डाले।



## मेरी जीवन यात्रा को दिखाता है शो 'सावधान इंडिया अपनी खाकी' में मेरा किरदार : तन्वी मल्हारा

**मुंबई,** 19 मार्च (एजेंसियां)। शो 'सावधान इंडिया अपनी खाकी' में एक तेजतर्रार सब-इंस्पेक्टर प्रगति देशमुख की भूमिका निभाने वाली एक्ट्रेस तन्वी मल्हारा ने कहा कि उनका किरदार उनकी खुद की जीवन यात्रा को दिखाता है।

अपने किरदार के बारे में बात करते हुए तन्वी ने कहा कि ऑडिशन के समय पुलिसकर्मी का यह किरदार बेहद कठिन लग रहा था। अभिनय के प्रति मेरे जुनून के कारण यह संभव हो पाया।

उन्होंने कहा कि ऐसे क्षण थे जब मुझे अपने संकल्प को मूर्त रूप देने के लिए संघर्ष करना पड़ा। कई दृश्यों के दौरान मुझे लगा कि मैं टूट रही हूं। लेकिन दृढ़ता के साथ मैंने यह सब किया। तन्वी सपनों को लगातार आगे बढ़ाने के महत्व पर जोर देती हैं। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि बाधाओं के बावजूद मैंने हमेशा एक कलाकार बनने की ख्वाहिश रखी है। इसी तरह मेरा किरदार प्रगति कभी भी चुनौतियों से पीछे नहीं हटती, और वह मजबूती मुझमें भी झलकती है। उनका किरदार युवा महिलाओं के लिए सशक्तिकरण का प्रतीक है। तन्वी मल्हारा ने कहा कि मैं पहले अपने निर्णय के लिए दूसरों पर निर्भर रहती थी। लेकिन अब, मैं अपनी पसंद खुद चुनने और परिणामों का डटकर सामना करने की ताकत रखती हूं।



## कैंसर उपचार के लिए वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति के प्रयोग पर जोर

*__नई दिल्ली,__ 19 मार्च (एजेंसियां)। 'विश्व कैंसर कांग्रेस' 2024 में कैंसर उपचार के लिए आयुर्वेद , होम्योपैथी, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी चिकित्सा आदि जैसे स्वदेशी उपचार पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा।*

*विश्व कैंसर कांग्रेस के मंगलवार को आठवें संस्करण के उद्घाटन सत्र में यहां कहा गया कि कैंसर जैसी भयावह बीमारी से निपटने के वैकल्पिक उपायों पर अनिवार्य रूप से विचार किया जाना चाहिए। विश्व कैंसर कांग्रेस के आठवें संस्करण के आयोजक डॉ. कृष्णा कैंसर हीलर सेंटर और अर्ज्योपा हेल्थकेयर के अनुसार कांग्रेस में इस बार का विषय 'कैंसर का उपचार तथा इसके दर्द निवारण में हुए नए शोध' है।*

*डॉ. कृष्णा कैंसर हीलर सेंटर के निदेशक डॉ. के.एस. गोपीनाथ ने बताया कि कैंसर दुनिया भर में मौत का दूसरा प्रमुख कारण है। एक महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि कैंसर एक बीमारी नहीं है बल्कि इसमें 200 से अधिक कैंसर रोग शामिल हैं। कैंसर के अलग-अलग बीमारियों के लिए अलग-अलग दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। जो उपचार कुछ कैंसरों के लिए काम करते हैं, वे दूसरों के लिए काम नहीं करते हैं और कभी-कभी वे उपचार काम करना बंद कर देते हैं। सेंटर में डॉ. तरंग कृष्णा ने बताया कि आठवीं विश्व कैंसर कांग्रेस 2024 वैश्विक स्तर पर नए विचारों और अवधारणाओं और कैंसर जीवविज्ञान और जेनेटिक्स, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, आयुर्वेद और कैंसर, अंग-परिभाषित कैंसर, ऑन्कोलॉजी, उप-विशेषताओं, विकिरण ऑन्कोलॉजी, सर्जिकल विषयों पर चर्चा की जाएगी। विश्व कैंसर कांग्रेस तीन दिन तक चलेगी और इसमें दुनिया भर के जाने-माने कैंसर विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं।*

## आप वास्तविक लोगों पर नहीं लिख सकते, उनकी कहानियों को ढूंढना होगा : रीमा कागती

**मुंबई,** 19 मार्च (एजेंसियां)। 'दहाड़', 'मेड इन हेवन' और 'गोल्ड' के लिए मशहूर निर्देशक रीमा कागती ने कहा कि वास्तविक लोगों के बारे में लिखा नहीं जा सकता, उन्हें केवल ढूंढा जा सकता है और उन्हें अपनी कहानियां बताने का मौका दिया जा सकता है।

रीमा, जोया अख्तर के साथ मंगलवार को प्राइम वीडियो के स्लेट अनाउंसमेंट इवेंट, 'प्राइम वीडियो प्रेजेंट्स' में शामिल हुईं।

वह दोनों डॉक्यूमेंट्री सीरीज 'इन ट्रांजिट' ला रहे हैं, जो लेस्बियन, गे, बाइसेक्शुअल, ट्रांसजेंडर, क्वीर, इंटरसेक्स और एसेक्सुअल समुदाय की कहानियों को सामने लाती है।




रीमा ने मीडिया से कहा कि आप वास्तविक लोगों के बारे में नहीं लिख सकते, आपको उन्हें ढूंढना होगा। 'इन ट्रांजिट' ऐसे वास्तविक लोगों की खोज करने और उनकी कहानियों को साझा करने की एक यात्रा रही है।

जोया ने कहा कि हम कई लोगों के साथ अपना स्थान शेयर करते हैं। हमने कल्पना में ऐसे पात्रों की खोज की है। 'इन ट्रांजिट' के साथ हम उनकी वास्तविक कहानियों के साथ उनके साहस, उनके लचीलेपन और उनकी खुशी के बारे में कहानियां सामने लाना चाहते हैं। इन ट्रांजिट जल्द ही प्राइम वीडियो पर आएगी।

## लुप्त होने की कगार पर कस्तूरी हिरन : रंजन तोमर

**नोएडा,** 19 मार्च (देशबन्धु)। पर्यावरण में किसी एक प्रजाति का लुप्त हो जाना बड़ा महत्व रखता है। इस प्रजाति का नाम है कस्तूरी हिरन। समाज सेवी और आरटीआई एक्टिविस्ट रंजन तोमर ने इस मामले में आवाज उठाई। उन्होंने केंद्रीय जू प्राधिकरण में एक आरटीआई लगाई। जिसका जवाब चौकाने वाला है। इसके बारे में पहले भी नोएडा के पर्यावरण कार्यकर्ता रंजन तोमर आवाज उठा चुके हैं।

आरटीआई में आज देश में गिने चुने ही कस्तूरी हिरन बचे हैं। कुफरी, हिमाचल प्रदेश के नेचर पार्क के अंदर कुछ कस्तूरी हिरन बचे हैं। जानकारी के अनुसार 1995 -96 से लेकर 2022 -23 तक कई बार कैप्टिव ब्रीडिंग अर्थात प्रजनन की कोशिश करवाई गई है। लेकिन वह काफी हद तक असफल रही है। जहां 1995 - 96 में तीन नर और 2 मादा हुआ करती थी। लेकिन 1996 में तीनों नरों की मृत्यु हो गई, साल 2000 में जब एक नर लाया गया तब तक दोनों मादा की भी मृत्यु हो गई। तब से लेकर 2022 - 23 तक सरकार मादाओं को प्रजनन हेतु नहीं ला पायी है। आज भी कुफरी में मात्र एक नर कस्तूरी हिरन बचा है।

रंजन तोमर ने कहा कि चिड़ियाघर और केंद्रीय सरकार को इस बाबत जरूरी कदम उठाने होंगे। चाहे तो जंगल से या विदेश से कस्तूरी मादा लानी चाहिए, जिस प्रकार चीता प्रजाति की पुनर्स्थापना हुई उसी प्रकार कस्तूरी हिरन को बचाना भी आवश्यक है।

## हिमालयन क्षेत्र में जलवायु बदलाव पर मंथन

**शिमला,** 19 मार्च (एजेंसियां)। हिमालयन क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन के कारण प्रदेश को पिछले बरसात में हुई भयंकर आपदा का सामना करना पड़ा। बीते कुछ वर्षों से तापमान में अचानक से बड़े बदलाव देखने को मिल रहे हैं, जिसका सीधा असर प्रकृति के साथ मानवता पर भी देखने को मिल रहा है।



राजधानी शिमला में भी अचानक तापमान बढ़ रहा है। हिमपात भी न के बराबर हो रहा है। इससे कृषि और पर्यटन आर्थिकी पर बुरा असर हो रहा है। इन्हीं सभी ज्वलंत मुद्दों को लेकर तीन दिवसीय शिमला क्लाइमेट मीट का मंगलवार से एक्शन ऐड, शिमला कलेक्टिव और मानव विकास संगठन संयुक्त रूप से आयोजन कर रही है। सेमिनार में विषय विशेषज्ञों के अलावा शिमला के स्कूली बच्चे भी हिस्सा ले रहे हैं। इक्कीस मार्च तक चलने वाले इस तीन दिवसीय सेमिनार में पर्यावरण में हो रहे बदलाव पर मंथन होगा। शिमला कलेक्टिव संस्था की सदस्य उमा महाजन ने कहा कि इसमें तीन दिनों के दौरान जलवायु परिवर्तन और उसके कारण पैदा हो रही परिस्थितियों को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा। इस सम्मेलन का उद्देश्य लोगों को इस विषय में जागरूक करना हैं। विचार विमर्श के बाद ड्राफ्ट रेजोल्यूशन तैयार कर सरकार को दिया जाएगा।

विशेषज्ञों ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण जो आपदा प्रदेश में भी आई है वह मेनमेड है। जो हम किताबों में पढ़ते हैं और जो सिखाया जाता है वह वास्तविक डेवलपमेंट मॉडल से अलग है। इसके खिलाफ जन आंदोलन कर लड़ाई लड़ने की जरूरत है।

सेमिनार के पहले दिन बच्चों ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा कि पर्यावरण में बदलाव मानवीय भूल का नतीजा है बेतरतीब निर्माण के चलते प्रकृति को नुकसान हो रहा है जिसका असर मानवता पर भी हो रहा है। इसको लोगों को जागरूक होने की आवश्यकता है। आर्थिकी को भी नुकसान हो रहा है शिमला में उस तरह बर्फ नहीं गिर रही और पर्यटक नहीं आ रहा है। विशेषज्ञों ने यह भी कहा कि बरसात की आपदा में प्रदेश को बड़ा नुकसान हुआ है।

## लखनऊ का जुरासिक पार्क बन कर लगभग तैयार

**लखनऊ,** 19 मार्च (एजेंसियां)। लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) जनेश्वर मिश्र पार्क के पांच एकड़ क्षेत्र में राज्य का पहला जुरासिक पार्क विकसित कर रहा है। पार्क पूरा होने के अंतिम चरण में है। डायनासोर का मॉडल 55 फीट ऊंचा होगा और चार मीटर ऊंचा बोलने वाला पेड़ जुरासिक पार्क का हिस्सा होगा।



पार्क में एक कैफेटेरिया भी बनेगा। किंग कांग, गॉडज़िला, डायनासोर, मैमथ और अन्य जानवरों के बड़े मॉडल इस परियोजना का हिस्सा हैं। ये मॉडल सेंसर से लैस होंगे और आगंतुक उनकी सांस लेने और चलने के ध्वनि प्रभाव का आनंद लेंगे। एलडीए के उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी ने कहा कि इन मॉडलों के निर्माण में स्क्रैप, टायर और अन्य बेकार सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। विकास प्राधिकरण कैसरबाग क्षेत्र में ग्लोब पार्क और बेगम हजरत महल पार्क का भी सौंदर्यीकरण कर रहा है, जो दोनों लखनऊ के इतिहास में प्रतिष्ठित स्थान हैं।

## 'प्यार का पहला नाम राधा मोहन' में सात साल के लीप के बाद मॉडर्न लुक में नजर आई राधा

**मुंबई,** 19 मार्च (एजेंसियां)। शो 'प्यार का पहला नाम राधा मोहन' में सात साल के लीप के बाद शो में मुख्य भूमिका निभाने वाली एक्ट्रेस निहारिका रॉय अब मॉडर्न लुक में दिखाई दे रही हैं।

कहानी राधा और मोहन नामक पात्रों के इर्द-गिर्द घूमती है। लीप के बाद दर्शकों ने राधा को अपने बेटे मनन और पति युग कोहली के साथ दक्षिण दिल्ली में राधिका कोहली के रूप में रहते हुए देखा।

पहले साड़ी में नजर आने वाली राधा अब स्टाइलिश अनारकली सूट में स्क्रीन की शोभा बढ़ा रही हैं, जो उनके पहले पारंपरिक लुक से अलग है।



इसमें उन्हें कम मेकअप वाले लुक में देखा जा सकता है। वहीं निहारिका अपने पारंपरिक और आधुनिक दोनों अवतारों को अपनाती हैं, जो उनके चरित्र की बहुमुखी प्रतिभा और ताकत को उजागर करता है। एक्ट्रेस ने कहा कि मैं शो की लीप और राधा किरदार के विकास के बारे में रोमांचित हूं। राधिका का नया रूप एक ताजा बदलाव है, जो मुझे राधा के एक अलग पक्ष का पता लगाने की इजाजत देता है। सादगी से भरा उनका पारंपरिक लुक उनके व्यक्तित्व में एक नई परत जोड़ता है। उन्होंने कहा कि दोनों लुक मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखते हैं और मेरा मानना है कि दर्शक राधिका की यात्रा से जुड़ेंगे क्योंकि वह जीवन को स्पष्ट तरीके से आगे बढ़ाती है। प्यार का पहला नाम राधा मोहन जी टीवी पर प्रसारित होता है।

## रंगभरनी एकादशी को श्रीकृष्ण जन्मस्थान की होती है अनूठी होली

**मथुरा,** 19 मार्च (एजेंसियां)। रंगभरनी एकादशी को जहां वृन्दावन के मन्दिरों में रंग की होली शुरू हो जाती है वहीं इसी दिन श्रीकृष्ण जन्मस्थान की अनूठी होली होती है। श्रीकृष्ण जन्मस्थान की होली इसलिए अनूठी होती है कि इसमें ब्रज की मशहूर लठामार होली से लेकर सभी प्रकार की होलियों के दर्शन होते हैं।यहां की होली मे द्वापर के दर्शन तो होते ही हैं साथ ही इसमें आध्यात्मिकता का मिश्रण भी होता है।यहां की होली में हंसी ठिठोली तो होती ही है साथ ही होली के दौरान ब्रज की रसिया 'उड़त गुलाल लाल भये बादर' का मिश्रण होता है।

श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने बताया कि ब्रज संस्कृति की अनूठी होली का प्रस्तुतीकरण यहां की होली में होता है। यहां की होली किशोरी जी एवं श्यामसुन्दर की उपस्थिति में उनकी आज्ञा लेकर ही होती है। इस होली में बाद में श्यामसुन्दर और उनके सखा भी शामिल हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि ब्रज का चरकुला नृत्य विश्व भर में अपनी धाक जमा चुका है। यहां का चरकुला कुछ न कुछ नवीनता लिए ही होली प्रेमियों को परोसा जाता है। यह चरकुला नृत्य ग्रामीण क्षेत्रों में तथा होली पर ही विशेष रूप से होता है। ग्रामीण क्षेत्र में होली में हर व्यक्ति इसलिए नही जा पाता कि उसके पास साधन का अभाव रहता है। यदि कुछ लोग मिलकर भी चले जांय तो या तो वे रंग और कीचड़ से रंगकर आएंगे या फिर राधारानी की गोपियों के डंडे खाकर तृप्त हो जाएंगे। ग्रामीण क्षेत्र की गोपियां डंडे से ऐसे पिटाई करती हैं कि पिटनेवाला व्यक्ति जन्मजन्मांतर तक इसे भूल नहीं पाता है। शर्मा के अनुसार हुक्का और घड़ा नृत्य भी ब्रजवासियों विशेषकर शहर में रहने वालों को वर्ष में एक बार श्रीकृष्ण जन्मस्थान की होली में देखने को मिलता है। जन्मस्थान के मन्दिरों की छत से मशीन से उड़ता गुलाल आसमान को इन्द्रधनुषी बना देता है। यहां की होली में स्कूली बच्चों को भाग लेने का मौका देकर उनके अन्दर मंच पर जाने पर होने वाले डर को भी दूर करने में मदद करता है। श्रीकृष्ण जन्मस्थान की होली में ऐसे भी रसिया गाये जाते है जो प्राय: विलुप्त होते जा रहे हैं।





**ब्रज की मशहूर लठामार होली से लेकर सभी प्रकार की होलियों के दर्शन**

#### ऐसो रस बरसे बरसाने जैसो तीन लोक में नाय

यहां की होली में हंसी ठिठोली उस समय अपनी चरम परिणति में पहुंचती है जब लठामार होली को देख रहे किसी पुलिसकर्मी की ओर कोई गोपी रूख करती है और उसकी अचानक पिटाई शुरू कर देती है। वर्दी में तथा हथियार लिए पुलिसकर्मी कों भागता देख दर्शकों के बीच हंसी का फव्वारा फूट पड़ता है। यहां की होली का आध्यात्मिक पक्ष फूलों की होली में देखने को मिलता है जब किशोरी जी और श्यामसुन्दर पहले आपस में होली खेलते हैं और बाद में ब्रजवासियों में इसी प्रसाद को बांटते हैं। वातावरण में श्रद्धा, भक्ति और संगीत की त्रिवेणी प्रवाहित होने लगती है। कुल मिलाकर श्रीकृष्ण जन्मभूमि की होली दिव्यता और भव्यता को अपने अन्दर इतना समेटे रहती है कि जो भी इसे देखता है भाव विभोर हो जाता है।

रंगभरनी एकादशी से वृन्दावन के मन्दिरों में जहां श्यामाश्याम की होली शुरू हो जाती है वहीं इस दिन से ही एक प्रकार से वृन्दावन में रंग की होली शुरू हो जाती है।

## रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए बच्चों का होगा स्वर्णप्राशन

**रायपुर,** 19 मार्च (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए मंगलवार 19 मार्च को बच्चों का स्वर्णप्राशन कराया गया। बताया गया है कि आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में हर पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाता है।



चिकित्सालय के बाल रोग विभाग में स्वर्णप्राश का सेवन कराया जाता है। यह औषधि बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, श्वसन संबंधी एवं अन्य रोगों से रक्षा करने के साथ ही एकाग्रता और स्मरण शक्ति बढ़ाने में अत्यंत लाभकारी है। यह बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में भी मदद करता है। शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में स्वर्णप्राशन हर महीने की पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों को पिलाई जाने वाली औषधि है। इस साल 19 मार्च के साथ ही अन्य पुष्य नक्षत्र तिथियों 16 अप्रैल, 13 मई,10 जून, 8 जुलाई, 3 अगस्त, 30 अगस्त, 26 सितम्बर, 24 अक्टूबर, 20 नवम्बर और 18 दिसम्बर को भी स्वर्णप्राशन कराया जाएगा।

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाटा स्टील | 5.69 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 3.05 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 2.98 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 2.75 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 1.47 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| इंफोसिस | 1.99 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.72 प्रतिशत |
| टाइटन | 1.43 प्रतिशत |
| विप्रो | 1.25 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 1.20 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5800-5900 |
| दाल चना | 6800-6900 |
| मसूर काली | 7300-7400 |
| उड़द दाल | 10200-10300 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 11800-11900 |

## पेट्रोल व डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

## मजबूत मांग, कॉर्पोरेट मुनाफे से बढ़ेगी भारत की विकास दर : आरबीआई

**मुंबई,** 19 मार्च (एजेंसियां)। मंगलवार को आरबीआई ने अपना मासिक बुलेटिन जारी किया, जिसके अनुसार, स्वस्थ कॉर्पोरेट और बैंक बैलेंस शीट से भारत के विकास की गति आगे बढ़ने की संभावना है, खास कर ऐसे समय में जब वैश्विक अर्थव्यवस्था धीमी हो रही है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि आने वाले समय में वैश्विक अर्थव्यवस्था में विकास स्थिर रहने का संकेत है। हालांकि व्यावसायिक गतिविधि उन्नत और उभरती अर्थव्यवस्थाओं में कुछ मामूली सुधार दिखा रही है, लेकिन मांग कम बनी हुई है। श्रम बाजार मजबूत बना हुआ है, लेकिन इसमें नरमी के संकेत दिख रहे हैं, खासकर वेतन वृद्धि के मामले में। हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं (ईएमई) में बेरोजगारी दर बढ़ रही है।

आरबीआई बुलेटिन में कहा गया है कि भारत में, वास्तविक जीडीपी दर वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में उच्चतम स्तर पर थी, जो मजबूत गति, मजबूत



■ वैश्विक अर्थव्यवस्था में विकास स्थिर रहने का संकेत


अप्रत्यक्ष कर और कम सब्सिडी द्वारा संचालित थी। हालांकि, मुद्रास्फीति को लेकर सावधानी बरतने की बात कही गई है। बुलेटिन में कहा गया है, 'हालांकि मुद्रास्फीति धीरे-धीरे कम हो रही है, लेकिन खाने पीने की चीजों में मूल्य वृद्धि से 4 प्रतिशत के लक्ष्य को हासिल करना कठिन हो रहा है।' इसका मतलब यह होगा कि आरबीआई विकास को गति देने के लिए प्रमुख ब्याज दरों में कमी करने की स्थिति में नहीं होगा।

आरबीआई बुलेटिन का एक अन्य लेख भारतीय अर्थव्यवस्था में मौसमी कारकों की बात करता है। यह कहता है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर मानसून के मौसम के दौरान कीमतों का दबाव देखा जाता है, जो सब्जियों की कीमतों से प्रेरित होता है, जबकि गर्मियों के महीनों के दौरान फलों की कीमतें काफी बढ़ जाती हैं।

## मिलाग्रो ने पेश की नेक्स्ट-जेन रोबोटिक क्लीनर ब्लैककैट 23, आईमैप 14 और आईमैप 23 ब्लैक

**नई दिल्ली,** 19 मार्च (एजेंसियां)। उपभोक्ता रोबोटिक्स उत्पाद बनाने वाली कंपनी मिलाग्रो ह्यूमनटेक ने रोबोटिक फ्लोर क्लीनिंग समाधानों की अपनी नवीनतम रेंज आईमैप 23 ब्लैक, आईमैप 14 और ब्लैककैट23 लॉन्च की है। कंपनी के उपाध्यक्ष अमित गुप्ता ने मंगलवार को बताया कि ये अत्याधुनिक उत्पाद कुशल नेविगेशन और स्मार्ट होम इंटीग्रेशन के साथ बेहतर सफाई प्रदर्शन को जोड़ते हैं, जिससे उपभोक्ताओं को फर्श की सफाई में नए स्तर की स्वच्छता, सुविधा और दक्षता मिलती है। ये सभी रोबोट प्रॉप्रिएटरी मिलाग्रो सॉफ्टवेयर आरटी2आर -रियल टाइम टेरेन रिकग्निशन तकनीक से लैस हैं। देश भर में 100 से अधिक सर्विस सेंटर्स के साथ, मिलाग्रो असाधारण ग्राहक सहायता और ऑफ्टर-सेल्स सर्विस देने के लिए प्रतिबद्ध है।

आईमैप 23 ब्लैक रेंज की कीमत 49,900 रुपए से शुरू होती है, जो 70 दिनों से अधिक समय तक 4-



लीटर की डिस्पोजेबल डस्टबिन से हैंड्स-फ्री सफाई पेश करता है। कुशल सफाई के लिए 6वीं सेंस तकनीक, 5-फ्लोर मैपिंग, और आरटी2आर 2.0 नेविगेशन की सुविधा है। यह एलेक्सा इंटीग्रेशन के साथ, 6 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है। अभी अमेज़न और मिलाग्रो की वेबसाइट पर खरीदें। आईमैप 14 की शुरूआती कीमत 29,990 रुपए है। यह एक इलेक्ट्रॉनिक वॉटर टैंक वाला सेल्फ-नेविगेटिंग रोबोट है, जो टेलर्ड क्लीनिंग के लिए आरटी2आर 2.0 नेविगेशन और 6 भारतीय भाषा कमांड का उपयोग करता है। कई मैप और स्मार्ट लेज़र नेविगेशन के साथ यह 3000 वर्गफुट को कुशलतापूर्वक कवर करता है। मिलाग्रो ब्लैककैट 23 की शुरूआती कीमत 16,990 रुपए है। ब्लैककैट 23 सीरीज़ रिअल-टाइम प्रोग्रोस ट्रैकिंग के लिए जाइरो मैपिंग तकनीक से लैस, नवीनतम मॉडल का दावा करती है। 310 मिलीलीटर पानी की टंकी, 2700 पीए सक्शन पावर और दो घंटे के रनटाइम की खूबी के साथ यह कुशल सफाई देता है। इनकी बिक्री अमेज़न, मिलाग्रो की वेबसाइट और क्रोमा रिटेल स्टोर पर शुरू हो गई है।

## केंद्र जल्द ही डीपटेक स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए समर्पित नीति बनाएगा

**नई दिल्ली,** 18 मार्च (एजेंसियां)। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सचिव राजेश कुमार सिंह ने सोमवार को कहा कि केंद्र जल्द ही देश में डीपटेक स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देने और सशक्त बनाने के लिए एक नई नीति लाएगा। राष्ट्रीय राजधानी में 'स्टार्टअप महाकुंभ' कार्यक्रम में बोलते हुए राजेश कुमार सिंह ने कहा कि डीपटेक स्टार्टअप नीति अंतर-मंत्रालयी चर्चा के अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा, 'हमें उम्मीद है कि हम इसे जल्द ही सामने लाएँगे। हम धन का एक समर्पित कोष बनाएँगे।' उन्होंने बताया कि जल्द ही डीपटेक स्टार्टअप के लिए एक अलग विंडो होगा। 'स्टार्टअप महाकुंभ' में नैसकॉम पवेलियन में 34 से अधिक डीपटेक स्टार्टअप अपने नवाचारों का प्रदर्शन कर रहे हैं। यह आयोजन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सॉफ्टवेयर-एज-ए-सर्विस (सास), डी2सी/उपभोक्ता ब्रांड, एग्रीटेक, फिनटेक, डीपटेक, बायोटेक और फार्मा, इनक्यूबेटर, क्लाइमेट टेक, ई-स्पोर्ट्स और बी2बी मैन्युफैक्चरिंग सहित क्षेत्रों में व्यावहारिक चर्चा की सुविधा प्रदान करेगा। भारत वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा तकनीकी स्टार्टअप पारिस्थिति की तंत्र बना हुआ है, जिसमें पिछले साल 950 से अधिक तकनीकी स्टार्टअप स्थापित हुए हैं। नैसकॉम की एक नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, ज़िनोव के सहयोग से 2024 में डीपटेक में निवेश में वृद्धि जारी रहेगी।

## एचडीएफसी बैंक दिल्ली एनसीटी और हरियाणा में 'एक्सप्रेसवे टू व्हीलर लोन मेला' आयोजित करेगा

■ दिल्ली एनसीटी और हरियाणा में 500 से अधिक शाखाएं 19 और 20 मार्च 2024 को इस अभियान में भाग लेंगी

■ बैंक ने प्रमुख दोपहिया ब्रांडों और डीलरों को अपने शीर्ष मॉडल प्रदर्शित करने के लिए आमंत्रित किया


**नई दिल्ली,** 19 मार्च (देशबन्धु)। भारत का अग्रणी निजी क्षेत्र का बैंक एचडीएफसी बैंक 19 और 20 मार्च 2024 को दिल्ली एनसीटी और हरियाणा में अपनी शाखाओं में 'एक्सप्रेसवे टू व्हीलर लोन मेला' आयोजित करेगा। इन क्षेत्रों में 500 से अधिक शाखाएं प्रमुख दोपहिया ब्रांडों और क्षेत्रीय डीलरशिप के साथ साझेदारी में ऋण अभियान की मेजबानी करेंगी जो ग्राहकों को वाहन दिखाने के लिए शाखाओं में मौजूद रहेंगे। पात्र ग्राहकों के लिए, बैंक ऑन-द-स्पॉट ऋण मंजूरी प्रदान करेगा। एचडीएफसी बैंक अपने ग्राहकों को सस्ती ब्याज दरों पर ढेर सारे ऋण प्रदान करता है।'एक्सप्रेसवे टू व्हीलर लोन मेला' ड्राइव की कल्पना विशेष रूप से SURU (अर्ध-शहरी और ग्रामीण) स्थानों में ग्राहकों को टू व्हीलर फाइनेंस तक आसान पहुंच प्रदान करने के लिए की गई है।

बैंक विभिन्न प्रकार के पुनर्भुगतान कॉन्फ़िगरेशन और न्यूनतम कागजी कार्रवाई के साथ ऋण अनुरोधों के लिए संपूर्ण समाधान प्रदान करेगा। उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए श्री अरुण मेदिरत्ता, शाखा बैंकिंग प्रमुख - उत्तर 1 ने कहा, 'मेगा टू-व्हीलर लोन मेला ग्राहकों को अपने पसंदीदा वाहनों के लिए आसानी से वित्त प्राप्त करने का एक शानदार अवसर प्रदान करता है। हमने प्रमुख दोपहिया वाहन निर्माताओं और ऑटो डीलरों को अपनी शाखाओं में अपने नवीनतम मॉडल प्रदर्शित करने के लिए आमंत्रित किया है।

## जापान में ब्याज दर बढ़ने से शेयर बाजार में भूचाल

**मुंबई,** 19 मार्च (एजेंसियां)। जापान में सत्रह साल बाद ब्याज दर बढ़ने, फेड रिजर्व की मौद्रिक नीति बैठक, एशियाई बाजार खासकर हैंगसेंग के लुढ़कने के दबाव में स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से आज सेंसेक्स और निफ्टी में भूचाल आ गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 736.37 अंक अर्थात 1.01 प्रतिशत की गिरावट लेकर करीब सवा महीने के निचले स्तर 72,012.05 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले इस वर्ष 14 फरवरी को यह 71,822.83 अंक पर रहा था। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 238.25 अंक यानी 1.08 प्रतिशत लुढ़ककर 21,817.45 अंक रह गया। इसी तरह बीएसई को मझौली और छोटी कंपनियों में हुई भारी बिकवाली ने भी बाजार पर दबाव बढ़ाया। मिडकैप 1.36 प्रतिशत धराशाई होकर 37,743.27 अंक और स्मॉलकैप 1.04 प्रतिशत टूटकर 41,545.77 अंक पर आ गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3928 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2584 में बिकवाली जबकि 1233 में लिवाली हुई वहीं 111 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 41 कंपनियां लाल जबकि शेष नौ हरे निशान पर बंद हुई। विश्लेषकों के अनुसार बैंक ऑफ जापान ने 17 साल बाद ब्याज दरों में बढ़ोतरी की है। इस बढ़ोतरी से जापान आठ साल बाद ब्याज दर के नकारात्मक दौर से बाहर निकला है। इससे अच्छे रिटर्न की उम्मीद में वैश्विक स्तर पर बिकवाली का दबाव बढ़ा, खासकर




| | अंतिम भाव ₹ में | % बदलाव |
|---|---|---|
| टीसीएस | 3,977.55 | -4.03 |
| नेस्ले इंडिया | 2,496.65 | -3.37 |
| इंडसइंड बैंक | 1,434.25 | -3.15 |
| विप्रो | 494.80 | -3.05 |
| एचसीएल टेक | 1,598.95 | -2.62 |
| इंफोसिस | 1,561.95 | -2.52 |
| पावर ग्रिड | 258.95 | -2.28 |
| आईटीसी | 409.50 | -1.89 |
| टेक महिंद्रा | 1,250.00 | -1.73 |
| अल्ट्रा टेक | 9,456.00 | -1.70 |

हांगकांग के हैंगसेंग में 1.24 प्रतिशत की गिरावट का सेंसेक्स और निफ्टी पर सीधा असर देखा गया। साथ ही ब्रिटेन का एफटीएसई 0.06 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.72 प्रतिशत टूट गया वहीं जर्मनी का डैक्स 0.15 और जापान के निक्केई में 0.66 प्रतिशत की बढ़त रही इसके अलावा अमेरिका में फेड रिजर्व की दो दिवसीय मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक आज से शुरू होने वाली है। महंगाई पर आए हालिया आंकड़ों के बाद फेड के ब्याज दरों में कटौती किए जाने की उम्मीद कमजोर पड़ी है। इधर स्थानीय स्तर पर बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में लगातार जारी बिकवाली ने भी बाजार को कमजोर बनाया है।बीएसई के सभी 20 समूहों में गिरावट का रुख रहा। इससे कमोडिटीज 1.07, सीडी 0.80, ऊर्जा 1.44, एफएमसीजी 2.11, हेल्थकेयर 1.50, इंडस्ट्रियल्स 1.21, आईटी 2.66, दूरसंचार 1.74, यूटिलिटीज 1.57, कैपिटल गुड्स 1.48, तेल एवं गैस 1.88, पावर 1.94, टेक 2.36 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.60 प्रतिशत कमजोर रहे। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 285 अंक की गिरावट लेकर 72,462.94 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद 72,490.09 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। वहीं, लगातार बिकवाली के दबाव में रहने के बाद कारोबार के अंतिम चरण में यह 71,933.35 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया।

इस दौरान सेंसेक्स की जिन प्रमुख कंपनियों के शेयरों ने नुकसान उठाया उनमें टीसीएस 4.03, विप्रो 3.05, एचसीएल टेक 2.62, इंफोसिस 2.52, पावरग्रिड 2.28, टेक महिंद्रा 1.73, एलटी 1.54, टाटा मोटर्स 1.51, एनटीपीसी 1.18, एसबीआई 1.07, रिलायंस 0.96, एक्सिस बैंक 0.93, टाटा स्टील 0.64, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.47, मारुति 0.33 और जेएसडब्ल्यू स्टील 0.17 प्रतिशत शामिल रहे।

वहीं, बजाज फाइनेंस 1.38, कोटक बैंक 0.57, आईसीआईसीआई बैंक 0.26, भारती एयरटेल 0.23, एचडीएफसी बैंक 0.19, बजाज फिनसर्व 0.13 और टाइटन के शेयर 0.04 प्रतिशत मजबूत रहे।

## अब हमारे पास जेनरेटिव एआई युग के लिए एक चिप है : एनवीडिया सीईओ

**नई दिल्ली,** 19 मार्च (एजेंसियां)। बिग टेक कंपनियों का लक्ष्य आजकल जेनेरिक एआई दौड़ का नेतृत्व करना है। ऐसे में एनवीडिया के संस्थापक और सीईओ जेन्सेन हुआंग ने कहा कि उन्होंने जेनएआई युग के लिए एक प्रोसेसर बनाया है। अमेरिका में आयोजित जीटीसी सम्मेलन में कंपनी के नए ब्लैकवेल कंप्यूटिंग प्लेटफॉर्म को पेश करते हुए हुआंग ने कहा कि बढ़ी हुई कंप्यूटिंग शक्ति सॉफ्टवेयर से लेकर सेवाओं, रोबोटिक्स से लेकर चिकित्सा प्रौद्योगिकी के साथ काफी कुछ दे सकती है। हुआंग ने अपने मुख्य भाषण के दौरान 11,000 से अधिक उपस्थित लोगों को बताया, 'एक्सेलरेटेड कंप्यूटिंग अपने चरम बिंदु पर पहुंच गई है, जनरल पर्पस कंप्यूटिंग अब समाप्त हो गई है।' दुनिया के एआई बुनियादी ढांचे पर बड़े पैमाने पर जानकारी देते हुए हुआंग ने ट्रिलियन पैरामीटर लार्ज लैंगुएज मॉडल को रियल टाइम में जेनरेटर एआई में लाने के लिए एनवीडिया ब्लैकवेल प्लेटफॉर्म पेश किया। हुआंग ने एनवीडिया एनआईएम को भी पेश किया जो पैकेजिंग और सॉफ्टवेयर वितरित करने का एक नया तरीका है। यह डेवलपर्स को सभी प्रकार के कस्टम एआई को तैनात करने के लिए लाखों जीपीयू के साथ जोड़ता है। कंपनी ने उन्नत सिमुलेशन क्षमताएं प्रदान करने के लिए ओम्निवर्स क्लाउड एपीआई भी पेश किया। हुआंग ने कहा, 'हम इसे मल्टीमॉडैलिटी डेटा के साथ प्रशिक्षित करने जा रहे हैं, न केवल इंटरनेट पर टेक्स्ट, बल्कि हम इसे टेक्स्ट और इमेज ग्राफ और चार्ट पर प्रशिक्षित करने जा रहे हैं।' हुआंग ने साफ तौर पर कहा कि हमें बड़े जीपीयू की आवश्यकता है। हुआंग ने कहा, 'भविष्य में डेटा केंद्रों को एआई फैक्ट्री के रूप में देखा जाएगा। इसका लक्ष्य इस मामले में राजस्व उत्पन्न करना है।'



## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 19 मार्च (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में जारी गिरावट के दबाव में आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अप्रैल का पाम ऑयल वायदा 18 रिंगिट फिसलकर 4308 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायद 0.31 सेंट की गिरावट के साथ 48.39 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## 2026 में पटरी पर दौड़ने लगेगी अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन : अश्विनी वैष्णव

**नई दिल्ली,** 19 मार्च (देशबन्धु)। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन 2026 में पटरियों पर दौड़ने लगेगी। मंत्री ने कहा, 'भारत की पहली बुलेट ट्रेन 2026 में तैयार हो जाएगी और सूरत से एक सेक्शन में चलेगी।' उन्होंने कहा कि स्टेशनों के निर्माण में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है और समुद्री सुरंग पर काम शुरू हो गया है। इसी सुरंग से ट्रेन ठाणे से मुंबई पहुंचेगी। रेल मंत्री ने मुंबई-अहमदाबाद 'बुलेट ट्रेन' कॉरिडोर का एक वीडियो साझा किया। इस कॉरिडोर के चालू होने से दोनों शहरों के बीच 508 किलोमीटर की दूरी का समय घटकर मात्र 2 घंटे रह जाएगा। मंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया था, 'मोदी 3.0 में बुलेट ट्रेन के लिए तैयार रहें' वीडियो में 1.08 लाख करोड़ रुपए के निवेश से बन रही अत्याधुनिक ट्रेन परियोजना की कुछ विशेषताओं पर प्रकाश डाला गया है।



### गति 320 किमी प्रति घंटा होने की उम्मीद

इस मार्ग पर बुलेट ट्रेन की अधिकतम गति 320 किलोमीटर प्रति घंटा होने की उम्मीद है।

कॉरिडोर में स्लैब ट्रैक सिस्टम की सुविधा होगी, यह तकनीक भारत में पहली बार इस्तेमाल की जाएगी। बुलेट ट्रेन रूट के लिए 24 पुल और सात पहाड़ी सुरंगें बनाई जा रही हैं। कॉरिडोर में 7 किमी लंबी समुद्र के नीचे सुरंग भी होगी। वीडियो में इस परियोजना को 'विश्व स्तरीय इंजीनियरिंग का चमत्कार' और 'भारत का भविष्य' बताया गया है।

## सार संक्षेप

### अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 12 पैसे लुढ़का

**मुंबई।** दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के दो सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंचने और घरेलू शेयर बाजार के एक फीसदी से अधिक लुढ़कने के दबाव में आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 12 पैसे की गिरावट लेकर 83.03 रुपए प्रति डॉलर रहा गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 82.91 रुपए प्रति डॉलर रहा था। शुरूआती कारोबार में रुपया एक पैसे सुधरकर 82.90 रुपए प्रति डॉलर पर खुला और यही इसका दिवस का उच्चतम स्तर भी रहा। वहीं, सत्र के दौरान आयातकों एवं बैंकरों को लिवाली से 83.05 रुपए प्रति डॉलर के निचले स्तर तक गिर गया। अंत में पिछले दिवस के 82.91 रुपए प्रति डॉलर की तुलना में 12 पैसे की गिरावट लेकर 83.03 रुपए प्रति डॉलर रहा गया।

### हमारा मिशन बुद्धिमान इलेक्ट्रिक वाहन प्रदान करना है : निशान्त राय

**नई दिल्ली।** जिंदल स्टेनलेस और जेबीएम ऑटो ने मंगलवार को इलेक्ट्रिक बसें चलाने के लिए साझेदारी की मंगलवार को घोषणा की। इसके तहत 500 से अधिक ऊर्जा-कुशल और हल्के वजन वाली स्टेनलेस स्टील ई-बसें चलायी जाएंगी।

समझौते के अनुसार जिंदल स्टेनलेस जेबीएम ऑटो को कम कार्बन, क्रोमियम-मैंगनीज ऑस्टेनिटिक स्टेनलेस स्टील से बने जेटी ट्यूब प्रदान करेगा। कंपनी की एक विज्ञप्ति के अनुसार 5,000 से अधिक इलेक्ट्रिक बसों की ऑर्डर बुक के साथ जेबीएम ऑटो, अपनी इलेक्ट्रिक बसों को पहले इस्तेमाल किए गए कार्बन स्टील से अब स्टेनलेस स्टील में बनाने की दिशा में प्रगति कर रहा है।

जेबीएम ऑटो इस महीने स्टेनलेस-स्टील बसों का निर्माण शुरू करेगा। जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा, 'हमें भारत में टिकाऊ गतिशीलता के भविष्य को आकार देने का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है। हल्के वाहन ऊर्जा की खपत में सुधार करते हैं, जिससे परिवहन क्षेत्र में कार्बन फुटप्रिंट कम होता है।' जेबीएम ऑटो के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, निशांत आर्य ने कहा, 'हमारा मिशन बुद्धिमान इलेक्ट्रिक वाहन प्रदान करना है मजबूत बुनियादी ढांचे का समर्थन, ईवी को सार्वजनिक आवागमन का सबसे टिकाऊ साधन बनाता है।'

### ईस्पोर्ट्स, गेम डेवलपमेंट में अधिक अवसरों की संभावना : सीआईआई

**पुणे।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे समय में जब देश का गेमिंग क्षेत्र उल्लेखनीय छलांग के लिए तैयार है, ईस्पोर्ट्स और गेम डेवलपमेंट उद्योग में अधिक नौकरियाँ पैदा की जा सकती हैं। पुणे में हाल ही में संपन्न इंडिया गेमिंग शो में सीआईआई के अध्यक्ष आर. दिनेश ने कहा, 'भारत में बौद्धिक संपदा के क्षेत्र में नए रास्ते बनाने की अपार क्षमता है, जिससे ईस्पोर्ट्स और गेम डेवलपमेंट में अधिक नौकरियों के

# खेल जगत

## भारतीय एमेच्योर टीम 44वें क्वीन सिरिकिट कप में प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार

**नई दिल्ली।** विधात्री उर्स, ज़ारा आनंद और हीना कांग की भारतीय एमेच्योर गोल्फ खिलाड़ियों की तिकड़ी बुधवार से शुरू होने वाले क्वीन सिरिकिट कप के लिए न्यूजीलैंड, क्राइस्टचर्च में क्लियरवॉटर गोल्फ क्लब में धूम मचाने के लिए पूरी तरह तैयार है। तीन महिला एमेच्योर को भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू) द्वारा उनके प्रशिक्षण और प्रतियोगिता के वार्षिक कैलेंडर के हिस्से के रूप में भेजा गया है, जिसे भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) द्वारा वित्त पोषित किया जाता है। आईजीयू ने इस आयोजन के लिए सुनीता कटारिया को टीम मैनेजर नियुक्त किया है। दिलचस्प बात यह है कि अवनि प्रशांत, विधात्री और निश्ना पटेल की भारतीय एमेच्योर टीम पिछले साल मनीला में प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में अभूतपूर्व उपविजेता रही थी।



# हॉकी : मणिपुर और कर्नाटक ने पूल जी से क्वॉर्टर फाइनल में जगह बनाई

## पहला क्वार्टर फाइनल गत विजेता मध्य प्रदेश और बंगाल के बीच खेला जाएगा



14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप

**पुणे,** 19 मार्च (एजेंसियां)। 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप का लीग चरण मंगलवार को मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम पिंपरी में पूल जी में कर्नाटक और मणिपुर के अपने-अपने मैच जीतने के साथ समाप्त हुआ। मंगलवार के इन मैचों में मणिपुर और कर्नाटक ने पूल जी में अपने-अपने मैच जीते।

**मणिपुर हॉकी अपने तीनों मुकाबले जीतकर पूल जी में शीर्ष पर**

■ **दिल्ली को 3-0 से और केरल को 10-0 से हराकर, महाराष्ट्र पूल बी में पहले स्थान पर रहा**

लीग चरण के अंतिम मैच में मणिपुर ने उत्तराखंड को 11-2 से हराकर नॉकआउट में जगह बनाई। सरिता देव ब्रम्हचरीमयुम (8%, 24%), प्रभलीन कौर (14%, 45%) और चिंगशुभम संगगाई इबेमहाल (53%, 60%) ने गोल किए जबकि वर्तिका रावत (5%), सोनिया देवी क्षेत्रिमायम (7%), रंजीता सनासम (44%), कप्तान लिली चानू मायेंगबाम (57%) और चानू लानचेनबी खुंद्रकपम (59%) ने 1-1 गोल किया। उत्तराखंड के लिए दो गोल कोमल धामी (36%) और मोनिका चंद (41%) ने किए। हॉकी कर्नाटक ने अपने अभियान का समापन शानदार प्रदर्शन के साथ किया: इससे पहले दिन में कर्नाटक ने दादर और नागर हवेली को 13-0 से हराया। हॉकी कर्नाटक की कप्तान कृतिका एसपी (15%, 26%, 56%, 56%) ने चार गोल किए, जबकि एमजी याशिका (20%, 38%, 58%) ने हैट्रिक बनाई, चंदना जे (33%,37%) ने ने दो गोल किए और आदिरा एस (43%), प्रशु सिंह परिहार (48%), अंजलि एचआर (55%) और गेडेला गायत्री (60%) ने एक-एक गोल किया। प्रत्येक पूल से शीर्ष टीम के नॉकआउट के लिए क्वालीफाई करने के साथ, कुछ हाई-ऑक्टेन एक्शन और उच्च गुणवत्ता वाली हॉकी के लिए मंच तैयार है। सभी क्वार्टर फाइनल 20 मार्च को होने वाले हैं और विजेता सेमीफाइनल में पहुंचेंगे जो 22 मार्च को खेले जाएंगे। पहला क्वार्टर फाइनल गत विजेता मध्य प्रदेश और बंगाल के बीच खेला जाएगा। भारतीय महिला हॉकी टीम की डिफेंडर इशिका चौधरी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश ने छत्तीसगढ़ को 8-0 से और बिहार को 7-1 से हराकर पूल ए में शीर्ष स्थान हासिल किया और नॉकआउट के लिए क्वालीफाई किया। दूसरी ओर बंगाल ने तमिलनाडु को 2-0 से, तेलंगाना को 11-0 से और गुजरात को 28-0 से हराकर पूल एच में शीर्ष स्थान हासिल किया।

दूसरे क्वार्टर फाइनल में मेजबान महाराष्ट्र का मुकाबला मणिपुर से होगा। दिल्ली को 3-0 से और केरल को 10-0 से हराकर, महाराष्ट्र पूल बी में पहले स्थान पर रहा, जबकि मणिपुर ने दादर और नागर हवेली और दमन और दीव को 12-0 से, कर्नाटक को 3-0 से और उत्तराखंड को 11-2 से हराकर पूल जी में पहला स्थान हासिल किया। तीसरे क्वार्टर फाइनल में झारखंड का मुकाबला मिजोरम से होगा। चार अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों से लैस झारखंड ने आंध्र प्रदेश पर 13-0 से शानदार जीत दर्ज की और इसके बाद उत्तर प्रदेश से 2-2 से ड्रा खेलकर उत्तर प्रदेश से बेहतर गोल अंतर के कारण पूल सी में शीर्ष पर पहुंच गया।

हालांकि, मिजोरम ने लगातार तीन जीत के साथ हिमाचल को 10-0, राजस्थान को 20-2 और पंजाब को 4-2 से हराकर पूल एफ में शीर्ष स्थान हासिल किया है।झ चौथे क्वार्टर फाइनल में हरियाणा का मुकाबला ओडिशा से होगा। 11 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों से सजी और भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता के नेतृत्व में सितारों से सजी हरियाणा टीम ने एक भी गोल खाए बिना दो बड़ी जीत के साथ नॉकआउट में प्रवेश किया, असम को 15-0 से हराया और ले पुडुचेरी को 22-0 से हराकर पूल डी में शीर्ष स्थान हासिल किया। पूल ई में शीर्ष पर रहने वाले ओडिशा ने गोवा को 9-1 से और चंडीगढ़ को 6-1 से हराकर क्वालीफाई किया। सभी क्वार्टर-फ़ाइनल बुधवार को खेले जाएंगे और विजेता 22 मार्च को खेले जाने वाले सेमीफाइनल में भाग लेंगे।

# केएल राहुल के लखनऊ के आईपीएल क्रिकेट में पहले मैच से पूर्व टीम से जुड़ने की उम्मीद

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 19 मार्च (एजेंसियां)। विकेटकीपर बल्लेबाज कप्तान केएल राहुल को अपनी फिटनेस साबित करने के बाद नैशनल क्रिकेट अकेदमी (एनसीए) ने फिट घोषित कर दिया है और वह 22 मार्च से शुरू हो रही 17 वीं इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए जल्द ही अपनी आईपीएल फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जायंटस (एलएसजी) से जुड़ेंगे। मेहमान इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में सम्पन्न पांच टेस्ट मैचों की क्रिकेट सीरीज के हैदराबाद में जनवरी में पहले टेस्ट में जांघ की मांसपेशी में खिंचाव के चलते बाकी के चार टेस्ट मैचों से भारतीय टीम से बाहर हो गए थे। भारत ने केएल राहुल की चोट के बाहर होने के बावजूद भारत ने इंग्लैंड से पांच टेस्ट की सीरीज 4-1 से जीती थी। केएल राहुल दरअसल इस चोट के चलते दर्द के कारण लंदन में विशेषज्ञ से सलाह के लिए लंदन चले गए थे। वहीं अपने बेटे के जन्म के समय अपनी पत्नी अनुष्का के साथ रहने के कारण मेहमान इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम से बाहर रहे थे। अब विराट कोहली अपनी आईपीएल टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी)से सोमवार को जुड़ गए। जब केएल राहुल एनसीए को बिना बताए अपनी चोट के लिए विशेषज्ञ से सलाह लेने के लिए लंदन चले गए तब अच्छा खासा विवाद भी हुआ था। लखनउ सुपर जायंटस 17 वीं आईपीएल में अपने अभियान का आगाज जयपुर में मेजबान राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच से करेगी। लखनऊ सुपर जायंटस से जुड़े सूत्रों की माने तो केएल राहुल लखनऊ सुपर जायंटस के लिए उसके पहले ही मैच के लिए उपलब्ध होंगे। केएल राहुल के लिए मौजूदा आईपीएल खुद की इस साल जून में अमेरिका और वेस्ट इंडीज में होने वाले आईसीसी टी-20 विश्व कप के लिए अपनी दावेदारी पेश करने का मौका है।

**विराट कोहली भी आईपीएल के लिए आरसीबी टीम से जुड़े**



# सहवाग हरियाणवी में करेंगे आईपीएल की कमेंट्री



2024 टाटा इंडियन प्रीमियर लीग

**मुंबई,** 19 मार्च (एजेंसियां)। जियोसिनेमा ने 2024 टाटा इंडियन प्रीमियर लीग के लिए अपने विशेषज्ञ पैनल में सुपरस्टारों की आकाशगंगा में नए अतिरिक्त नामों को शामिल किए जाने का मंगलवार को खुलासा किया। भारत का पसंदीदा खेल कार्निवल प्रशंसकों और दर्शकों के लिए जियोसिनेमा पर 12 भाषाओं-अंग्रेजी, हिंदी, मराठी, गुजराती, भोजपुरी, पंजाबी, बंगाली, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में मुफ्त में लाया जाएगा, जिसमें हरियाणवी डेब्यू करेगा। पहले कभी न देखे गए अवतार में दुनिया के सबसे विस्फोटक सलामी बल्लेबाजों में से एक वीरेंद्र सहवाग जियोसिनेमा पर पहली बार शामिल हरियाणवी भाषा की प्रस्तुति का नेतृत्व करेंगे। इसी तरह अजय जड़ेजा गुजराती भाषा विशेषज्ञ के रूप में अपनी शुरुआत करेंगे। भारत के पूर्व कप्तान और एमआई एमिरेट्स के बल्लेबाजी कोच हिंदी और हैंगआउट फीड् में भी दिखाई देंगे। आईपीएल चैंपियन शेन वॉटसन और न्यूजीलैंड के पूर्व कोच और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के क्रिकेट निदेशक माइक हेसन, सहवाग और जड़ेजा के शामिल होने से जियोसिनेमा पर पेश किए जाने वाले कार्यक्रमों का असर और गहरा हो जाएगा क्योंकि फैन्स को हाल-हाल तक शीर्ष फ्रेंचाइजी टीमों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने वाले इन स्टार्स से अंदर की रोचक जानकारी मिलेगी। दिल्ली डेयरडेविल्स और किंग्स इलेवन पंजाब के लिए खेलने के बाद सहवाग ने पंजाब फ्रेंचाइजी के साथ मेंटर की भूमिका निभाई। प्रशंसक उन्हें इस बार हरियाणवी भाषा में उनका मजाकिया अंदाज देखेंगे। 2012 आईपीएल फाइनल के मैन ऑफ द मैच मनविंदर बिस्ला भी हरियाणवी फीडस में सहवाग के साथ शामिल होंगे। राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के साथ खिताब जीतने के बाद वॉटसन ने जियोसिनेमा के साथ टाटा आईपीएल में अपनी शानदार यात्रा जारी रखी है।

# बीसीसीआई आईपीएल 2024 में स्मार्ट रिप्ले सिस्टम पेश करेगा

**नई दिल्ली,** 19 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) निर्णय लेने की सटीकता और गति को बढ़ाने के लिए आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में स्मार्ट रिप्ले सिस्टम पेश करने के लिए तैयार है। ईएसपीएनक्रिकइन्फो की मंगलवार की एक रिपोर्ट के अनुसार, स्मार्ट रिप्ले सिस्टम टीवी अंपायर को पहले की तुलना में अधिक दृश्यों को संदर्भित करने की अनुमति देगा, जिसमें स्प्लिट-स्क्रीन छवियां भी शामिल हैं। स्मार्ट रीप्ले सिस्टम में, टीवी अंपायर को दो हॉक-आई ऑपरेटरों से सीधे इनपुट प्राप्त होंगे जो अंपायर के रूप में एक ही कमरे में बैठे होंगे और उन्हें मैदान पर हॉक-आई के आठ हाई-स्पीड कैमरों द्वारा कैप्चर की गई छवियां प्रदान करेंगे। रिपोर्ट में कहा गया है, टीवी प्रसारण निदेशक, जो अब तक तीसरे अंपायर और हॉक-आई ऑपरेटरों के बीच एक माध्यम थे, अब नई प्रणाली के तहत शामिल नहीं होंगे। ईएसपीएनक्रिकइन्फो ने यह भी बताया कि बीसीसीआई ने चुनिंदा अंपायरों के लिए रविवार और सोमवार को मुंबई में नई प्रणाली पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की। यह पता चला है कि लगभग 15 अंपायर, जिनमें भारतीय और विदेशी दोनों अंपायर शामिल हैं।

# सूर्यकुमार एनसीए में फिटनेस टेस्ट में फेल

## आईपीएल के शुरुआती मैचों से चूकने की संभावना

■ **मुंबई इंडियंस अपना पहला मैच 24 मार्च को खेलेगी**



**नई दिल्ली,** 19 मार्च (एजेंसियां)। भारत और मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2024 संस्करण के शुरुआती मैचों में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि वह फिटनेस टेस्ट पास करने में असफल रहे और उन्हें बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) से मंजूरी नहीं मिली। एनसीए में सूर्यकुमार यादव के मामले से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि वह मंगलवार को फिटनेस टेस्ट पास करने में असफल रहे। हम गुरुवार को उसके लिए एक और फिटनेस टेस्ट करेंगे और अगर वह पास हो जाता है, तभी वह आईपीएल में खेल सकता है। मुंबई इंडियंस अपना पहला मैच 24 मार्च को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेलेगी और सूर्यकुमार के उस मैच में शामिल होने की संभावना नहीं है। 33 वर्षीय सूर्यकुमार दिसंबर 2023 में दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान टखने की चोट के बाद से एक्शन से बाहर हैं। मुंबई इंडियंस का बल्लेबाज जनवरी में सर्जरी के लिए जर्मनी के म्यूनिख गया था। सोमवार को मुंबई में आयोजित मुंबई इंडियंस की प्री-सीजन प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य कोच मार्क बाउचर ने कहा कि उन्हें अभी भी भारतीय टीम प्रबंधन से सूर्यकुमार यादव की फिटनेस पर अपडेट का इंतजार है। तो, सूर्या इस समय भारतीय क्रिकेट टीम के मार्गदर्शन डुका इंतजार कर रहे हैं। मुझे सूक्ष्म प्रबंधन पसंद नहीं है। हमारे पास एक विश्व स्तरीय मेडिकल टीम है वह उन सभी पर नियंत्रण रखता है। हां, अतीत में हम कुछ फिटनेस मुद्दों से बाधित रहे हैं।

## सुमित नागल अंतिम क्वालीफाइंग दौर में पहुंचे

**नई दिल्ली,** 19 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने मियामी ओपन में अपने पदार्पण पर पहले दौर के क्वालीफायर मैच में कनाडा के गैब्रियल डायलो को 7-6(7-3), 6-2 के स्कोर से हराया। सोमवार रात को जीत के साथ, नागल अंतिम क्वालीफाइंग दौर में पहुंच गए और उनका सामना हांगकांग के 19 वर्षीय कोलमैन वोंग से होगा, जिन्हें उन्होंने पहले एटीपी बेंगलुरु चैलेंजर में दो सीधे सेटों में हराया था।

# अर्जेंटीना के फ्रेंडली मैच से बाहर हुए मैसी



मियामी मैच में दाहिनी हैमस्ट्रिंग की मामूली चोट के कारण मैसी यूएसए में होने वाले

**ब्यूनस आयर्स,** 19 मार्च (एजेंसियां)। अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मैसी मांसपेशियों में खिंचाव के कारण अल साल्वाडोर और कोस्टा रिका के खिलाफ फ्रेंडली मैचों से बाहर हो गए हैं। यह जानकारी दक्षिण अमेरिकी देश के फुटबॉल संघ ने दी है। 36 वर्षीय मैसी को पिछले बुधवार को कॉन्काकाफ़ चैंपियंस कप में नैशविले पर टीम की 3-1 की घरेलू जीत में इंटर मियामी के लिए खेलते समय चोट लग गई थी। एसोसिएशन ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि नैशविले के खिलाफ इंटर फ्रेंडली मैचों के लिए टीम में नहीं होंगे। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मैसी की कमी की पुष्टि तब हुई जब रोमा के फॉरवर्ड पाउलो डायबाला, बेयर लेवरकुसेन के मिडफील्डर एक्सक्विएल पलासियोस और बोर्नमाउथ के डिफेंडर मार्कोस सेनेसी को चोटों के कारण एल्बीसेलेस्टे टीम से हटने के लिए मजबूर होना पड़ा। अर्जेंटीना शुक्रवार को फिलाडेल्फिया में अल साल्वाडोर से और चार दिन बाद लॉस एंजेलिस में कोस्टा रिका से भिड़ेगा।

## भारत अंडर-23 को सीनियर टीम की जरूरतों के मुताबिक खेलना चाहिए : मूसा

**नई दिल्ली,** 19 मार्च (एजेंसियां)। भारत की अंडर 23 पुरुष फुटबॉल टीम मलेशिया के खिलाफ अपने दो फ्रेंडली मैचों की तैयारी कर रही है। मुख्य कोच नौशाद मूसा सीनियर टीम की जरूरतों के अनुसार काम करने के महत्व पर विश्वास करते हैं, क्योंकि जूनियर का आगे बढ़ना इस स्तर की फुटबॉल को आगे ले जाने की एक सतत प्रक्रिया है। भारत के पूर्व डिफेंडर मूसा द्वारा प्रशिक्षित, अंडर 23 ने राष्ट्रीय राजधानी में कुछ सत्र किए हैं। 22 और 25 मार्च को होने वाले दो फ्रेंडली मैच खेलने के लिए कुआलालंपुर की उड़ान भरने से पहले एक और सत्र होगा। मूसा, जो पिछले कुछ दिनों से टीम के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने एआईएफएफ.कॉम से कहा कि हमारे लिए यह देखना महत्वपूर्ण है कि सीनियर टीम क्या चाहती है और उसके अनुसार खेलें।

# आईटीटीएफ रैंकिंग में सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय बने शरत कमल



अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ

**नई दिल्ली,** 19 मार्च (एजेंसियां)। अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल ने हाल ही में सिंगापुर स्मैश में शानदार प्रदर्शन के बाद नई अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ (आईटीटीएफ) रैंकिंग में लंबी छलांग के साथ भारत का नंबर 1 स्थान हासिल किया। सिंगापुर स्मैश में शरत ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। हालांकि, क्वार्टर फाइनल में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। क्वालीफायर के रूप में प्रतियोगिता शुरू करने के बावजूद, 41 वर्षीय शरत विश्व नंबर 13 डार्को जोर्जिक और 22 उमर असार को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे। मौजूदा राष्ट्रमंडल खेलों के पुरुष एकल स्वर्ण पदक विजेता ने पुरुष एकल रैंकिंग में 88वें स्थान से 34वें स्थान तक का सफर तय किया। हरमीत देसाई (65वें) और मानव ठक्कर (74वें) शीर्ष 100 में दो अन्य भारतीय पुरुष खिलाड़ी हैं। महिला एकल में, मनिका बत्रा सर्वोच्च रैंक वाली भारतीय पैडलर के रूप में शीर्ष स्थान पर बनी हुई हैं। उन्होंने सूची में दो स्थान नीचे 38वें स्थान पर खिसकने के मामूली झटके के बावजूद अपनी स्थिति बरकरार रखी है। इस बीच, श्रीजा अकुला के शानदार प्रदर्शन ने उन्हें तीन पायदान आगे 47वें स्थान तक पहुंचा दिया जिससे अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस क्षेत्र में भारत की ताकत और मजबूत हो गई है। नई रैंकिंग में यशस्विनी घोरपड़े को विश्व में 100वां स्थान दिया गया है।

# पेरिस 2024 की तैयारी के लिए शॉटगन टीमों की घोषणा

**नई दिल्ली,** 19 मार्च (एजेंसियां)। देश में ओलंपिक खेल निशानेबाजी की शासी निकाय, नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) ने इस वर्ष के सबसे बड़े आयोजन, पेरिस 2024 ओलंपिक से पहले वाली होने वाली विभिन्न महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए भारतीय शॉटगन टमों की मंगलवार को घोषणा की। पेरिस 2024 ओलंपिक खेल जुलाई के अंत में निर्धारित है। टीम का पहला असाइनमेंट पेरिस ओलंपिक की फाइनल क्वालीफाइंग प्रतियोगिता होगी जो 19-29 अप्रैल, 2024 के बीच कतर की राजधानी दोहा में खेली जाएगी। इसके लिए 12 सदस्यीय टीम की घोषणा की गई है। पुरुषों और महिलाओं के ट्रैप और स्कीट में प्रत्येक एक-एक कोटा के साथ चार कोटा अभी भी हासिल किये जा सकते हैं, मौजूदा कोटा धारकों को स्वाभाविक रूप से बाहर रखा गया है। पुरुषों के ट्रैप में पृथ्वीराज टोन्डाईमान और विवान कपूर, महिलाओं के ट्रैप में श्रेयसी सिंह और मनीषा कीर, पुरुषों की स्कीट में मैराज अहमद खान और शीराज शेख और अंत में महिलाओं की स्कीट में गनेमत सेखों और महेश्वरी चौहान घोषित तीन (दलों) टीमों का हिस्सा रहेंगे। जबकि जोरावर संधू को दोहा में पुरुषों के ट्रैप में, नीरू को महिलाओं के ट्रैप में, ओलंपियन अंगद बाजवा को पुरुषों की स्कीट में और अरीबा खान को महिलाओं की स्कीट में प्रतिस्पर्धा करने का मौका मिलेगा जो वहां से पेरिस कोटा हासिल करने का पूरा प्रयास करेंगें। फिर पेरिस तक होने वाले अंतिम तीन आयोजनों, इटली के उम्ब्रिया में ग्रीन कप शॉटगन, अजरबैजान की राजधानी बाकू में आईएसएसएफ संयुक्त विश्व कप (दोनों मई में) और इटली के लोनाटो में जून में शॉटगन विश्व कप के साथ कोटा धारक भवनीश मेंदीरत्ता (पुरुष ट्रैप), राजेश्वरी कुमारी (महिला ट्रैप), अनंत जीत सिंह नरूका (पुरुष स्कीट) और रायज़ा ढिल्लन (महिला स्कीट) शीर्ष रैंक के खिलाड़ियों के साथ वापसी करेंगे।



## सार संक्षेप

### रियल मैड्रिड ने रेफरी के खिलाफ की शिकायत

**मैड्रिड।** ला लीगा क्लब रियल मैड्रिड ने रेफरी जुआन मार्टिनेज मुनारा के खिलाफ शिकायत दर्ज की है। ओसासुना के खिलाफ शनिवार को खेले गए मैच के दौरान विनीसियस जूनियर के साथ कथित नस्लवादी दुर्व्यवहार किया गया। हालांकि, बतौर रेफरी जुआन मार्टिनेज़ ने इस मामले की अनदेखी की। विनीसियस जूनियर, जिन्होंने ओसासुना पर 4-2 की जीत में दो बार गोल किया जिससे रियल मैड्रिड 10 अंक आगे बढ़कर ला लीगा के शीर्ष पर पहुंच गई। पिछले कुछ वर्षों में फुटबॉल जगत में नस्लवाद की घटनाओं की कई खबरें आई हैं। एक बयान में, रियल मैड्रिड ने कहा कि जुआन मार्टिनेज़ ने जानबूझकर नस्लवादी दुर्व्यवहार को रिपोर्ट से हटा दिया था, जबकि उनका ध्यान विनी जूनियर द्वारा उस समय लगातार भीड़ की ओर आकर्षित किया जा रहा था जब वो इसका शिकार हो रहे थे।

### पेरिस 2024 की तैयारी के लिए शॉटगन टीमों की घोषणा

**नई दिल्ली।** देश में ओलंपिक खेल निशानेबाजी की शासी निकाय, नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) ने इस वर्ष के सबसे बड़े आयोजन, पेरिस 2024 ओलंपिक से पहले वाली होने वाली विभिन्न महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए भारतीय शॉटगन टीमों की मंगलवार को घोषणा की। पेरिस 2024 ओलंपिक खेल जुलाई के अंत में निर्धारित है। टीम का पहला असाइनमेंट पेरिस ओलंपिक की फाइनल क्वालीफाइंग प्रतियोगिता होगी जो 19-29 अप्रैल, 2024 के बीच कतर की राजधानी दोहा में खेली जाएगी। इसके लिए 12 सदस्यीय टीम की घोषणा की गई है। पुरुषों और महिलाओं के ट्रैप और स्कीट में प्रत्येक एक-एक कोटा के साथ चार कोटा अभी भी हासिल किए जा सकते हैं, मौजूदा कोटा धारकों को स्वाभाविक रूप से बाहर रखा गया है।

### नवनीत तंवर ने नेशनल पोकर सीरीज इंडिया 2024 में पदक जीतकर बढ़ाया गौरव

**नई दिल्ली।** एक मनोवैज्ञानिक और पोकर खिलाड़ी, नवनीत तंवर ने एनपीएसप्त52 संडे किकऑफ 25एल जीटीडी (आरई) टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीता है। इसके साथ ही वे आरंभिक एनपीएस कैम्प का भी हिस्सा रहे हैं। दिल्ली के रहने वाले, नवनीत को कोचिंग का जुनून है और वे एक अनुभवी खिलाड़ी हैं। पोकर के अपने रणनीतिक कौशल के साथ एक एथलीट होने का एक बड़ा अनुभव अपने साथ लेकर आए है, जिसे उन्होंने वर्षों में पोकर के क्षेत्र में हासिल किया है। नवनीत ने 2017 में पोकर की अपनी यात्रा शुरू की थी। खेलने के अपने आक्रामक और निडर तरीके के साथ नवनीत बदलते परिवेशों के अनुसार खुद को ढालने के लिए जाने जाते हैं। साथ ही उसके अनुसार ही अपना खेल खेलते हैं। इस बात पर उनका पक्का यकीन है कि पोकर कौशल का खेल है। उन्हें लगता है कि इस खेल के लिए खिलाड़ी को धीरज, लगातार अपने विरोधी खिलाड़ी के बारे में जानने और उनका आकलन करते रहने तथा खेल की मांग के अनुसार रणनीति बनाने की जरूरत होती है।